e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 344

# प्रभात मंत्र

रविवार
17.12.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
जिस क्षण तुम डर जाओगे, उस क्षण तुम बिल्कुल शक्तिहीन हो जाओगे।

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### तालाब में डूबने से एक ही परिवार के तीन बच्चों की मौत

**गोड्डा :** जिले के ठाकुर गंगटी थाना क्षेत्र के माल मंडरो गांव में एक परिवार के तीन बच्चों की डूबने से मौत हो गई। बताया जाता है कि शनिवार को स्थानीय बभनी तालाब में डूबने से माल मंडरो गांव के अमीर अंसारी के दो पुत्र और एक पुत्री की मौत हो गई। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि तालाब के पाटाल पर खेलने के क्रम में ये घटना हुई। मुहल्ले के सभी बच्चे इसी जगह खेलने जाते हैं। घटना की सूचना मिलते हैं थाना प्रभारी रफीक आलम के साथ अंचल निरीक्षक महेश कुमार ने घटनास्थल का जायजा लिया। बच्चों के परिवार जनों ने मृतक बच्चों की पोस्टमार्टम नहीं करने की बात कही। उनके अनुरोध पर घटना के संबंध में पंचनामा तैयार कर दिया गया। बच्चों के शव को दफनाने की तैयारी की जा रही थी।

### केरल में कोरोना का नया सब वेरिएंट जेएन1 की पुष्टि

**नयी दिल्ली :** केरल में कोरोना वायरस के नए सब वेरिएंट जेएन.1 का पहला मामला सामने आया है. आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को कहा कि 79 वर्षीय महिला के नमूना की 18 नवंबर को आरटी-पीसीआर जांच की गई थी, जो संक्रमित पाया गया. महिला में इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारियों (आईएलआई) के हल्के लक्षण थे और वह कोविड-19 से उबर चुकी है. सूत्रों ने बताया कि देश में कोविड-19 के वर्तमान में 90 प्रतिशत से अधिक मामले गंभीर नहीं हैं और संक्रमित लोग अपने घरों में ही पृथक-वास (क्वारंटीन) में रह रहे हैं. इससे पहले, सिंगापुर में एक भारतीय यात्री में जेएन.1 संक्रमण का पता चला था. यह व्यक्ति तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली जिले का मूल निवासी है और उसने 25 अक्टूबर को सिंगापुर की यात्रा की थी.

### संसद में सेंधमारी मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली :** संसद में सेंधमारी की घटना के बाद दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल लगातार मामले की जांच में जुटी हुई है. स्पेशल सेल ने इस मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार होने वाले शख्स का नाम है महेश. संसद की सुरक्षा में सेंध मामले में अब तक कुल 6 लोग गिरफ्तार किए जा चुके हैं.दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने सेंधमारी मामले में छठे आरोपी महेश कुमावत को गिरफ्तार किया है. लंबी पूछताछ के बाद महेश की गिरफ्तारी की गई है. सेंधमारी मामले में महेश का अहम रोल माना जा रहा है. दावा किया जा रहा है कि महेश ने ही भागने के दौरान मास्टरमाइंड ललित झा की छिपने में मदद की थी. महेश ने ही ललित झा के लिए अपने आईडी से होटल का कमरा बुक करवाया था. स्पेशल की टीम इन लोगों से लगातार पूछताछ कर रही है.

### शराब घोटाला मामले में ईडी ने दाखिल की चार्जशीट

**रांची :** ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में झारखंड शराब घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को चार्जशीट दाखिल कर दी है।ईडी के दाखिल चार्जशीट में योगेन्द्र तिवारी के अलावा शराब का टेंडर मैनेज कर अवैध कमाई करने वाले लोगों की जानकारी दी गई है। साथ ही किस-किस को कितना हिस्सा मिलता था और किसकी क्या भूमिका थी यह भी जानकारी दी गई है। इसके अलावा शराब के कारोबार करने वाली 10 कंपनियों का भी नाम का भी उल्लेख किया गया है। ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक बीएमपी सिंह ने यह जानकारी दी।

### घुसपैठ की तैयारी में 300 आतंकी, सेना अलर्ट

**श्रीनगर.** नियंत्रण रेखा के पार पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में स्थित लॉन्च पैड पर लगभग 250 से 300 आतंकवादी जम्मू-कश्मीर में घुसपैठ की फिराक में हैं. सीमा सुरक्षा बल के एक शीर्ष अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी. बहरहाल, अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा बल सतर्क हैं और सीमा पार से किसी भी घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर देंगे. बीएसएफ के महानिरीक्षक अशोक यादव ने दक्षिण कश्मीर के पुलवामा में संवाददाताओं से कहा, खुफिया जानकारी मिली है कि 250-300 आतंकवादी लॉन्च पैड पर घुसपैठ का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन हम और सेना सभी संवेदनशील स्थानों पर कड़ी नजर रख रही है और हम सतर्क हैं. उन्होंने कहा कि बीएसएफ और सेना के बहादुर जवान सीमावर्ती इलाकों में सतर्क हैं और घुसपैठ की किसी भी कोशिश को नाकाम कर देंगे. यादव ने कहा,हम घुसपैठ की किसी भी कोशिश को नाकाम करने को लेकर आश्वस्त हैं. बीएसएफ महानिरीक्षक ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में सुरक्षा बलों और कश्मीर के लोगों के बीच जुड़ाव बढ़ा है. उन्होंने कहा,अगर लोग हमारा सहयोग करें तो हम विकासात्मक गतिविधियों को बेहतर तरीके से आगे बढ़ा सकते हैं.

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 22° |
| न्युनतम | 10° |

## लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सभी सांसदों को लिखा पत्र, कहा

# दुर्भाग्यपूर्ण है 13 दिसंबर की घटना

*** लोकसभा की सुरक्षा में सेंध मामले की जांच उच्चस्तरीय समिति करेगी**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**
**नई दिल्ली :** संसद भवन की सुरक्षा में हुई चूक मामले के बाद सदन में गुरुवार को खूब हंगामा देखने को मिला। विपक्षी सांसदों नें इस मामले पर केंद्रीय कृहमंत्री से उनके वक्तव्य की मांग की और उन्होंने सदन में इसपर चर्चा करने की मांग की। इस दौरान काफी हंगामा होने लगा जिसके बाद लोकसभा अध्यक्ष ने 13 सांसदों को निलंबित कर दिया। इस बीच अब लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सभी सांसदों को एक पत्र लिखा है। ओम बिरला ने अपने इस पत्र में 13 दिसंबर की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने इसमें बताया कि इस घटना के लिए उच्चस्तरीय जांच कमेटी बनाई गई है। दरअसल संसद भवन में हुए घुसपैठ मामले को लेकर यह जांच कमेटी बनाई गई है।

### क्या हुआ था 13 दिसंबर को

संसद में शून्यकाल के दौरान दर्शक दीर्घा में बैठे दो युवक लोकसभा में कूद गए और मेज़ों पर कूदते-फांदते धुआं स्प्रे कर दिया. इस घटना से कुछ ही वक्त पहले संसद भवन के बाहर ट्रांसपोर्ट भवन के सामने भी एक युवक और एक महिला को लगभग उसी प्रकार की गैस का छिड़काव कर नारेबाज़ी करते हुए गिरफ़्तार किया गया. दर्शक दीर्घा में कूदे युवक को सबसे पहले बीएसपी सांसद मलूक नागर ने काबू किया। इस घटना से लोकसभा में इतना ज्यादा धुआं हो गया था कि मानों की उसने धुएं की पिटारी खोल दी हो। सारे सांसद इस घटना के बाद दहशत में आ गए थे। इसके बाद सांसदों ने उसे दबोच लिया। इस घटना के बाद संसद की सुरक्षा को लेकर सदन में खूब हंगामा हुआ। इस कारण 13 सांसदों को निलंबित कर दिया गया। इस घटना में शामिल सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

**इस दौरान काफी हंगामा होने लगा जिसके बाद लोस अध्यक्ष ने 13 सांसदों को निलंबित कर दिया।**



### घटना की गहन जांच के लिए उच्चस्तरीय कमेटी बनाई गई है

लोकसभा अध्यक्ष ने अपने खत में लिखा, लोकसभा में 13 दिसंबर 2023 को जो दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटी है, वह निश्चित तौर पर हम सबके लिए गहरी चिंता का विषय है।
इस घटना पर हमने सामूहिक रूप से सदन में चिंता व्यक्त की थी। उसी दिन मैंने इस विषय पर सभी दलों के नेताओं के साथ विचार विमर्श किया था कि किस प्रकार हम संसद की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत कर सकते हैं। उस बैठक में आपके द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण सुझावों को तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। उन्होंने इस पत्र में लिखा कि सदन के भीतर हुई इस घटना की गहन जांच के लिए उच्चस्तरीय कमेटी बनाई गई है।

### ओम बिरला ने पत्र में लिखी ये बात

ओम बिरला ने पत्र में लिखा,आप सभी भलीभांति अवगत हैं कि हमारे सदन में पूर्व में भी ऐसी घटनाएं कई बार हो चुकी हैं। सदन के अंदर आगंतुकों द्वारा पिस्टल लाने, नारेबाजी करने, दर्शक दीर्घा से कूद जाने और पर्चे फेंकने जैसी घटनाओं का साक्षी पूरा देश रहा है। देश ने ऐसी घटनाएं भी देखी हैं, जब कुछ माननीय सदस्य, सदन के अंदर मिर्चा का स्प्रे लेकर आ गए थे। ऐसी हर घटना के समय सदन ने एकजुटता का परिचय देते हुए एक स्वर में इनके विरोध में अपना दृढ़ संकल्प व्यक्त किया है। संसद परिसर की सुरक्षा संसद के क्षेत्राधिकार में आती है। इसलिए सुरक्षा के विषय पर हमारी जो भी कार्य योजना बनेगी, वह आप सबके साथ विचार विमर्श करके, आपके सुझाओं के आधार पर ही बनेगी और उसके बाद संसद सचिवालय द्वारा ही क्रियान्वित की जाएगी।

## मुख्यमंत्री ने 422 करोड़ 11 लाख रुपए की 137 योजनाओं का शिलान्यास व 85 करोड़ 64 लाख रुपए की 94 योजनाओं का किया उद्घाटन

# गांव से चलेगी हमारी सरकार : हेमंत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**
**जगन्नाथपुर :** हम लोग गांव-गांव जाना चाहते हैं। पूर्व में राज्य सरकार की योजना और आवाज गांवों तक नही पहुंचती थी। लेकिन अब गांव-गांव सरकार की योजना भी पहुंच रही है और आवाज भी। हमारी सरकार गांव से चलेगी। अब गांव-गांव, पंचायत-पंचायत शिविर का आयोजन कर किसानों, नौजवानों, छात्र-छात्राओं समेत अन्य जरूरतमंदों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। अगर वास्तव में आप सभी राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ लेंगे तो राज्य समृद्धि की ओर अग्रसर होगी। राज्य सरकार ने यहां के किसानों, श्रमिकों, नौजवानों, बुजुर्ग समेत सभी वर्ग के लिए योजनाएं बनाई है। ये बातें मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहीं। मुख्यमंत्री पश्चिमी सिंहभूम जिला के मंझारी प्रखंड स्थित रोलाडीह पंचायत के हाई स्कूल मैदान, मंझारी में आयोजित जिला स्तरीय आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा मेरे नेतृत्व में जब तक सरकार चलेगी सरकारी अधिकारी, पदाधिकारी एवं कर्मी आपके द्वार पहुंचकर दरवाजा खटखटाते रहेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखण्ड कुछ वर्ष बाद युवा राज्य बन जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने झारखंड के गांवों को मजबूत करने के उद्देश्य से ग्रामीणों जरूरतों के अनुरूप योजनाएं बनाई है। मेरा मानना है कि जब गांव मजबूत होगा, तब राज्य सशक्त होगा। अब गांव से चलेगी राज्य सरकार।

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति**
इस अवसर पर मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री जोबा माझी,चाईबासा विधायक दीपक बिरुआ, मझगांव विधायक निरल पूर्ती, खरसावां विधायक दशरथ गागराई, चक्रधरपुर विधायक सुखराम उरांव, जगरनाथपुर विधायक सोनाराम सिंकू, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, आयुक्त कोल्हान प्रमंडल, पुलिस उप महानिरीक्षक कोल्हान प्रमंडल, जिला परिषद अध्यक्षा लक्ष्मी सुरेन, उपायुक्त पश्चिमी सिंहभूम, पुलिस अधीक्षक पश्चिमी सिंहभूम,जिला के पदाधिकारीगण,छात्र-छात्राएं एवं हजारों की संख्या में लाभुक उपस्थित थे।

### 81, 332 लाभुकों के बीच 116 करोड़ 42 लाख रुपए की परिसम्पत्ति का किया गया वितरण



### बैंक के सहारे बच्चों को नहीं छोड़ेंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ परिवार की सभी बेटियों को देने के लिए मंत्रिपरिषद की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। अब सभी बेटियों को योजना का लाभ मिलना तय हुआ है। हमने सभी बाध्यता को समाप्त कर दिया। अब बेटियां पढ़ाई नहीं छोड़ेंगी, अब उन्हें उच्च शिक्षा के लिए भी सरकार मदद करेगी। गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के जरिए छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। सरकार उन्हें 15 लाख रुपए तक का आर्थिक सहयोग देगी। राज्य सरकार अब बच्चों को उच्च शिक्षा में आर्थिक सहयोग के लिए बैंक के सहारे नहीं छोड़ेगी।

**आवश्यकता के अनुसार बढ़ायी जाएगी अबुआ आवास की संख्या:**
मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार से गरीबों के लिए आवास की स्वीकृति नहीं मिलने के बाद राज्य सरकार ने राज्य संपोषित अबुआ आवास योजना का शुभारम्भ किया है। यह आवास केंद्र सरकार द्वारा दी जा रही दो कमरों के आवास से बड़ा होगा। राज्य सरकार द्वारा तीन कमरा सहित रसोई घर का निर्माण जरूरतमंदों के लिए किया जाएगा।

**पर्यटन का होगा विकास, सभी पर सरकार की नजर**
मुख्यमंत्री ने कहा कि कुमारडूबी के डिग्री कॉलेज में क्षेत्रीय भाषा के शिक्षक की बहाली हेतु सरकार निर्णय लेगी। मानकी मुंडा द्वारा मानदेय बढ़ाने की मांग की गई है। इस मामले पर भी सरकार की नजर है। आपकी सरकार सभी के लिए कार्य करेगी। यहां के पर्यटन स्थल को विकसित करने का निर्देश दिया गया है।

**ग्रामीण सड़कों होगा निर्माण:** सीएम ने कहा कि गांव का कनेक्शन शहर से सुगमता से हो, इसके लिए 15 हजार किलोमीटर ग्रामीण सड़क निर्माण का निर्णय लिया गया है। साथ ही, ग्रामीणों का शहर तक व्यवस्थित और निःशुल्क आवागमन हेतु हमारी सरकार सीएम ग्राम गाड़ी योजना शुरू कर रही है। यह परिवहन सेवा आंदोलनकारियों, महिलाओं, छात्र-छात्राओं एवं दिव्यांजनों को निःशुल्क प्रदान की जाएगी।

## पलामू में महाधिवक्ता ने कई योजनाओं का किया शिलान्यास व उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**
**मेदिनीनगर:** जिले के पाटन प्रखंड के सुठा गांव में झारखंड सरकार के महाधिवक्ता राजीव रंजन पहुंचे। उन्होंने यहां पर स्वतंत्रता सेनानी सत्यानंद स्वामी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और मुस्लिम टोला में बने आंगनबाड़ी केंद्र का फीता काटकर व नारियल फोड़ कर उद्घाटन किया। साथ ही आंगनबाड़ी के पास फेवर ब्लॉक से मुख्य पथ तक सड़क का शिलान्यास किया। पीसीसी पथ आंगनबाड़ी से में रोड तक, मेन रोड से आंगनबाड़ी तक नाली का निर्माण, विवाह मंडप के पास नाली समेत लगभग चार योजनाओं का शिलान्यास वह एक का उद्घाटन किया।मौके पर सुठा गांव निवासी धनवंत चौधरी ने पलामू उपायुक्त एवं झारखंड सरकार के महाधिवक्ता राजीव रंजन को स्वतंत्रता सेनानी नित्यानंद स्वामी की जीवनी पर लिखित पुस्तक एवं गुलदस्ता देकर सम्मानित भी किया।मौके पर उपायुक्त लोगों की समस्याओं पर रूबरू हुए। इसके बाद सुठा गांव का आंगनबाड़ी केंद्र पाटन प्रखंड का एक अनोखा आंगनबाड़ी मॉडल के रूप में विकसित करने का निर्देश सीडीपीओ अनिता कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार झा को दिया। सरकार द्वारा मॉडल आंगनबाड़ी में जो भी सुविधा उपलब्ध होती है चकाचक होनी चाहिए। जिसका निर्देश उपायुक्त ने स्वयं बीडीओ और सीडीपीओ को दिया।उन्होंने लोगों की समस्याओं का निदान के लिए उपायुक्त पलामू से कहा। इस मौके पर डीसी शशि रंजन, प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार झा समेत कई लोग उपस्थित थे।

## सशक्त राष्ट्र निर्माण के प्रति संकल्प है विकसित भारत संकल्प यात्रा : राज्यपाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**
**रांची :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने पुराने विधान सभा के निकट स्थित मैदान में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा एक विकसित एवं सशक्त राष्ट्र के निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता व संकल्प है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा आज पांच राज्यों- मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में विकसित भारत संकल्प यात्रा÷ का शुभारंभ किया जा रहा है। प्रधानमंत्री केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कृत संकल्पित है। ज्ञात हो कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ माननीय प्रधानमंत्री द्वारा जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा की पावन धरती से ही किया गया था। राज्यपाल ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा से लोगों को कल्याणकारी योजनाओं व कार्यक्रमों के बारे में अवगत कराने एवं जागरूक करने का अभिनव तरीका है जो लोगों के सामाजिक-आर्थिक विकास में सहायक है। इस यात्रा का उद्देश्य लोगों के बीच जागरूकता फैलाना है ताकि विकास का लाभ प्रत्येक नागरिक तक पहुंचे, कोई भी व्यक्ति इससे वंचित न रहे। माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा हमारी माताओं एवं बहनों को पारंपरिक खाना पकाने के तरीकों से होने वाले हानिकारक प्रभावों से मुक्त करने हेतु प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना शुरू किया गया। बेघरों के लिए 'प्रधानमंत्री आवास योजना' के साथ आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के बेहतर उपचार के लिए स्वास्थ्य बीमा कवरेज 'आयुष्मान भारत' योजना प्रारम्भ किया गया है।कृषि के क्षेत्र में पीएम किसान सम्मान निधि योजना, स्वच्छ पेयजल की दिशा में जल जीवन मिशन योजना, खाद्य सुरक्षा योजना समेत कई कल्याणकारी योजनाएँ हैं। उक्त अवसर पर राज्यपाल ने विकसित भारत संकल्प यात्रा% के वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं व लाभार्थियों के मध्य परिसंपत्ति का वितरण किया। इस मौके पर रांची के सांसद संजय सेठ, स्थानीय विधायक सी पीसिंह भी मुख्य रूप से मौजूद रहे।




## भारतीय नौसेना ने जहाज को हाईजैक होने से बचाया

**एजेंसी**
**नई दिल्ली :** भारतीय नौसेना ने अरब सागर में माल्टा का झंडा लगे एक मालवाहक जहाज को हाईजैक होने से बचा लिया। नौसेना ने तुरंत कार्रवाई करते हुए अपने एक सर्विलांस एयरक्राफ्ट और युद्धक जहाज को भेजा। लगातार माल्टा के जहाज की निगरानी की जा रही है। फिलहाल माल्टा का ये मालवाहक जहाज सुरक्षित सोमालिया के तट के नजदीक पहुंच गया है। भारतीय नौसेना ने बताया कि स्थिति पर तुरंत कार्रवाई करते हुए भारतीय नौसेना ने अपने सर्विलांस एयरक्राफ्ट को तुरंत घटनास्थल के लिए रवाना किया। साथ ही नौसेना ने अदन की खाड़ी में तैनात अपने एंटी पाइरेसी पेट्रोल युद्धक जहाज को भी माल्टा के जहाज की मदद के लिए भेजा। नौसेना का एयरक्राफ्ट लगातार माल्टा के जहाज पर नजर रख रहा है और जहाज की मूवमेंट की निगरानी कर रहा है।



### अरब सागर में समुद्री लुटेरों का खतरा

भारतीय नौसेना ने बताया कि माल्टा के मालवाहक जहाज पर 18 क्रू मेंबर तैनात हैं। क्रू के सदस्यों ने पोर्टल पर 14 दिसंबर 2023 को एक संदेश भेजा था, जिसमें बताया गया था कि छह अज्ञात लोग जहाज की तरफ बढ़ रहे हैं। इस सूचना पर नौसेना ने तुरंत कार्रवाई करते हुए अपने सर्विलांस एयरक्राफ्ट को माल्टा के जहाज की मदद के लिए रवाना किया। नौसेना के एक अधिकारी ने बताया कि पूरी स्थिति पर इलाके में अन्य एजेंसियों के साथ समन्वय कर करीबी नजर रखी जा रही है। अधिकारी ने कहा, %भारतीय नौसेना अंतरराष्ट्रीय साझेदारों और मित्र देशों के साथ क्षेत्र में सबसे पहले मदद करने और व्यापारी जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### आप ने चड्ढा को बनाया रास में पार्टी का नेता

**नई दिल्ली (एजेंसी):** आम आदमी पार्टी ने राघव चड्ढा को संजय सिंह के स्थान पर राज्यसभा में पार्टी का नेता नियुक्त किया है। संजय सिंह दिल्ली के आबकारी घोटाला मामले में जेल में बंद हैं। आम आदमी पार्टी ने राज्यसभा सभापति को लिखे पत्र में इस बदलाव की जानकारी दी है। पार्टी ने कहा है कि सजय सिंह को 'स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं' हैं। उनकी अनुपस्थिति में राघव चड्ढा सदन में पार्टी के नेता होंगे।

असर्फी हॉस्पीटल, धनबाद
अब हृदय का बाईपास सर्जरी, वाल्व रिप्लेसमेंट, फेफड़े इत्यादि का ऑपरेशन
आयुष्मान भारत कार्ड से हो रहा है
78083 68888
www.asarfihospital.com
असर्फी हॉस्पीटल, बारामुड़ी, बिशुनपुर, धनबाद -828130

## संक्षिप्त खबरें

### वार्ड सदस्यों के प्रथम बैच का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कार्यालय के सभागार में पंचायती राज अधिनियम के तहत पंचायत चुनाव 2022 के संपन्न होने के पश्चात वार्ड सदस्यों के प्रथम बैच का तीन दिवसीय प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण शनिवार को सम्पन्न हो गया।प्रथम बैच में कुंबाखुर्द, विलासपुर, हलिवंता कला तथा पिपरडीह पंचायत के वार्ड सदस्य शामिल हुये। प्रशिक्षण में सभी वार्ड सदस्यों को पंचायती राज अधिनियम के तहत त्रिस्तरीय ग्राम पंचायत, पंचायत समिति एवं जिला परिषद के गठन एवं उसके कार्य प्रणाली, ग्राम सभा, स्थायी समितियां आदि की जानकारी विस्तृत रूप से दिया गया। मास्टर ट्रेनर द्वारा बताया गया कि प्रशासन की सबसे छोटी इकाई ग्राम पंचायत होता है। ग्राम पंचायत के अंतर्गत ग्राम सभा में वार्ड सदस्य की भूमिका सबसे बड़ी होती है। सभी वार्ड सदस्यों को ग्राम पंचायत के कार्य में बढ़-चढ़कर भागीदारी होना चाहिये। इसके साथ ही वार्ड सदस्यों को ग्राम पंचायत विकास योजना निर्माण में वार्ड सदस्यों की भूमिका से संबंधित जानकारी दिया गया। संविधान के 73वे संशोधन के तहत त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था का गठन की जानकारी भी दिया गया। सभी वार्ड सदस्यों को प्रशिक्षक दिलीप तिवारी तथा दुर्गेश कुमार ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में लालमती देवी, रीना देवी, पूर्णिमा देवी, रीता देवी, कुमारी गरिमा, देवंती देवी, प्रमिला देवी, तारा देवी, सुमित्रा देवी, फुलवंती देवी, शीला देवी, राकेश कुमार, नीलम देवी, तारा देवी, रंजू देवी, अनीता देवी, सीमा देवी सहित सभी वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

### नो वाहनों पर हुई कार्रवाई

**हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला मोटरयान निरीक्षक लालबिहारी यादव ने शनिवार को हरिहरगंज थाना के पास बने अंतराज्यीय चेकपोस्ट पर कई वाहनों की जांच किया जांच के क्रम मे ट्रक, हाईवा, पिकअप सहित नौ वाहनों पर ओवरलोडिंग, कागजात के अभाव में कार्रवाई किया गया है। लाल बिहारी यादव ने बताया कि चेकपोस्ट पर दो घंटा से अधिक समय तक आने जाने वाले वाहनों का जांच किया गया। जांच के क्रम में नौ वाहनों पर कार्रवाई की गई है, उन्होंने कहा कि जांच अभियान आगे भी जारी रहेगा। पुलिस निरीक्षक सह हरिहरगंज के थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास में बताया कि थाना के पास बने अंतराज्यीय चेकपोस्ट पर 24 घंटा मजिस्ट्रेट के निगरानी में जांच चल रहा है, रोजाना काफी संख्या में छतरपुर अनुमंडल क्षेत्र से हाईवा, ट्रक में लोड होकर छर्री दुसरे राज्यों में जाता है जिसको लेकर चेकपोस्ट पर चालान, ओवरलोडिंग एवं अन्य कागजातों की जांच की जाती है।

### श्री सर्वेश्वरी समूह का मेगा स्वास्थ्य शिविर आज, 25 से ज्यादा डॉक्टर मरीजों का करेंगे इलाज

**विश्रामपुर (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री सर्वेश्वरी समूह द्वारा बिश्रामपुर के जनता उच्च विद्यालय परिसर में रविवार को मेगा स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया है। जिसमे 25 से ज्यादा डॉक्टर मरीजों का मुफ्त इलाज करेंगे.समूह के विश्रामपुर शाखा मंत्री नागेंद्र प्रसाद पांडेय ने बताया कि विश्रामपुर प्रखंड व नगर परिषद के 40 गांवों से शिविर में मरीज शामिल होंगे। हमारा लक्ष्य है कि कम से कम पांच हजार लोगों का मुफ्त उपचार हो. उन्होंने बताया कि शिविर में डा एसपी सिंह, डा यूपी सिंह, डा संजय तिवारी, डा. आशीष सिंह, डा एम एल गुप्ता, डा आलोक, डा एस एन सिंह, डा रंजन नारायण, डा सुधीर, डा रतन, डा कमला मिश्रा, डा पदमा मिश्रा, डा हरि शंकर सिंह, डा विवेक,डा वैभव,डा बीएन राय, डा केके सिंह, डा उपेंद्र सहित कई चिकिसक भाग लेंगे। श्री पांडेय ने स्थानीय लोगों से शिविर में आकर स्वास्थ जांच और उपचार कराने का आग्रह किया है।

### माउंटेन व्यू बार सह रेस्टोरेंट सील होने से राज्य सरकार को हो रहा है राजस्व का नुकसान : सुधीर




**हरिहरगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हरिहरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत सुल्तानी गांव समीप माउंटेन व्यू बार सह रेस्टोरेंट सील होने से राज्य सरकार को राजस्व की नुकसान हो रही है। उक्त बातें माउंटेन व्यू बार सह रेस्टोरेंट के संचालक सुधीर कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए शनिवार को कहीं। साथ ही बताया कि पलामू जिला की इतनी बड़ी आबादी में मात्र तीन बीयर बार को सरकार द्वारा लाइसेंस दिया गया है। माउंटेन व्यू बार सह रेस्टोरेंट का संचालन सरकार के नियमों के अनुसार हो रहा था। जिससे सरकार को राजस्व कि प्राप्त हो रही थी। आसपास क्षेत्र के लोगों को शादी विवाह बर्थडे सहित अन्य कार्यक्रम इस बीयर बार में सुविधा के हिसाब से करते थे। लेकिन शराब माफियाओ की नजर लग गई। शराब माफियाओं ने बीयर बार को गलत तरीके से शील करवाने में कामयाब हो गए। उन्होंने बताया कि बीयर बार में जितनी भी शराब बरामद हुई है, उन सभी का उत्पाद विभाग द्वारा परमिट जारी किया गया है। उत्पाद विभाग के अधिकारी जांच कर रहे हैं। मुझे पूरा विश्वास है की जांच में सच्चाई सामने आएगा और बीयर बार दोबारा पुनः जल्द चालू होगा। तिन दिन पहले उत्पाद विभाग में बीयर बार को सील कर दिया था।

# आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में आए 1103 आवेदन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** प्रखंड के कोलझिकि पंचायत सचिवालय परिसर में शनिवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंचायत की मुखिया सुनीता देवी, पंचायत समिति सदस्य रविन्द्र राम,पंचायत सेवक नंदकुमार मेहता, प्रखंड समन्वयक पंचायत राज कौशल कुमार व प्रखंड कार्यालय सहायक अनिल सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास कुमार ने कहा कि सरकार के पहल से हम सभी लोग आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आपके पंचायत में आकर आपकी समस्याओं की जानकारी लेकर त्वरित निष्पादन करने का प्रयास किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के द्वारा जो भी योजनाएं चलाई जा रही है आप सभी लोग उसका लाभ जरूर उठायें। अपनी समस्याओं से सबंधित लिखित आवेदन सबंधित विभाग के स्टॉल पर दें। आपकी समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जायेगा। शिविर में सभी विभागों का अलग-अलग स्टॉल लगाया गया था। सभी स्टॉल पर संबंधित विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम में कुल 1103 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें 161 निष्पादन किया गया। जब कि 942 आवेदन लंबित रहे। विभागों द्वारा लगाए गए स्टालो पर अबुआ आवास योजना के 820, आयुष्मान कार्ड के 45, गुरु जी क्रेडिट कार्ड योजना के 1,मनरेगा के अंतर्गत नए कार्य के 30, नए जॉबकार्ड के 10, बिरसा हरित सिचाई कूप के 5, राशन कार्ड के 55, धोती, साड़ी, लुंगी वितरण के 16, कम्बल वितरण किया गया 17, सर्व जन पेंशन योजना के 10, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के 12, किसान क्रेडिट कार्ड के 4, आधार पंजीकरण के 8, मुख्य मंत्री पशुधन योजना के 25, पेयजल एवं स्वच्छता के 4, कल्याण विभाग के 2, स्वास्थ्य जांच किया गया 35, आजीविका के 15 सहित कुल 1103 आवेदन प्राप्त हुए। मौके पर जेएसएलपीएस धनंजय कुमार, ब्लॉक कोर्डिनेटर प्रधान मंत्री आवास स्नेहा सिंह, कल्याण पदाधिकारी सोशलिस्ट राम, बाल विकास पर्यवेक्षिका दीपा कुमारी, सीआरपी शक्ति दास, कनीय अभियंता जितेंद्र कुमार, पंचायत सेवक प्रशांत कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## हरिहरगंज दुर्गा मंदिर के पुजारी श्याम सुंदर वैद्य का निधन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हरिहरगंज :** हरिहरगंज मेन बाजार दुर्गा मंदिर के पुजारी पंडित श्याम सुंदर वैद्य 90 वर्ष का निधन शनिवार की सुबह हरिहरगंज आवास पर हो गया। वैद्य पचास वर्षो से अधिक समय से दुर्गा मंदिर में पूजा अर्चना करते आ रहे थे, एवं दुर्गा पूजा नवरात्र के समय दुर्गा मंदिर प्रांगण में दुर्गा पाठ करते थे जिनकी वाणीसुनकर लोग मंत्र मुग्ध हो जाते थे। उनके निधन के बाद हरिहरगंज क्षेत्र में शोक का माहौल फैल गया है। निधन की खबर पाकर बड़ी संख्या में शहर वासी ,शुभचिंतक उनके आवास पर पहुंच कर अंतिम दर्शन कर रहे है।रविवार सुबह शव यात्रा निकाली जाएगी शव यात्रा पूरे बाजार का भ्रमण करते हुए बटाने नदी तट पर जाएगी जहां दाह संस्कार किया जाएगा। हुसैनाबाद के पूर्व विधायक सह आजसू के केंद्रीय उपाध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता आवास पर पहुंचकर परिजनों से मिलकर गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी कमी हम सबको खलेगी। पचास वर्षो से अधिक समय से दुर्गा मंदिर में पूजा पाठ करते आ रहे थे, उनके निधन से पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है, उन्होंने शहर वासियों से रविवार को अंतिम यात्रा में भाग लेने का भी अनुरोध किया है। शोक व्यक्त करने वालों में दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश शौडिक, सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा, भाजपा मंडल अध्यक्ष बल्लु बलराम, भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन, राकांपा नेता सरोज प्रसाद कुशवाहा, निवर्तमान मुखिया उमेश साव, भोला गुप्ता, संतोष प्रजापति, हरेंद्र सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, सुनिल स्वर्णकार सहित कई लोग शामिल हैं।

## परसोडीह पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**केतार (गढ़वा) :** झारखंड सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में शनिवार को परसोडीह पंचायत के सचिवालय परिसर में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का शुरूआत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी, जिला परिषद सदस्य ज्वाला प्रसाद,बीस सूत्री अध्यक्ष संजय सिंह, मुखिया बसंती देवी, पंचायत समिति सदस्य कमोदा देवी, झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर सिंह,सहित अन्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान प्रमुख ने उपस्थि लोगों से सरकार द्वारा संचालित विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ लेने की अपील किया। वही शिविर में लगाए गए विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल का निरीक्षण भी किया। जिसमें खाद आपूर्ति, पेंशन, मनरेगा, राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, वन सुरक्षा विद्युत विभाग, जेएसएलपीएस, कल्याण, अबुआ आवास सहित अन्य विभाग का स्टाल लगाए गए थे। जनप्रतिनिधियों ने सभी कर्मियों को निर्देशित किया साथ ही अंतिम व्यक्ति तक आवेदन को प्राप्त करने के बाद ही शिविर का समापन करने की बात कही। इस मौके पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कहा कि पिछले दो वर्षो से कार्यक्रम का सफल आयोजन वर्तमान सरकार द्वारा हो रहा है। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत प्रशासन,सरकार एवं जनता के बीच की दूरी को कम करना है। साथ ही विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराते हुए योग्य लाभुकों को योजनाओं से लाभान्वित भी करना है। उन्होंने कहा कि इस बार विभिन्न कई नई योजनाएं आई है। जिसमे अबुआ आवास योजना के तहत योग्य लाभुकों को लाभान्वित किया जाना है। इस मौके पर सभी वार्ड सदस्य सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## फसल विस्तार योजना के तहत पंजीकृत किसानों के बीच सरसों के बीज का हुआ वितरण




प्रभात मंत्र संवाददाता

**केतार (गढ़वा) :** केतार प्रखंड मुख्यालय में शनिवार को झारखंड सरकार के फसल विस्तार योजना के तहत परती कुशवानी पंचायत के 55 किसानों के बीच बीटीएम राकेश कुमार के द्वारा सरसो बीज वितरण किया गया। इस दौरान बीटीएम राकेश कुमार ने कहा कि उक्त सरसो का बीज रवि फसल के लिए पंजीकृत किसानों के बीच मोबाइल ओटीपी के माध्यम से वितरित किया जा रहा है। उन्होंने ने कहा कि प्रति एकड़ किसान को दो किलोग्राम के हिसाब से सरसो का बीज वितरित किया जा रहा है जो राष्ट्रीय बीज निगम से प्रमाणित है। साथ ही कहा कि कम समय में ग्रामीण किसानों को अधिक उपज को लेकर लाभ मिल सकेगा। वही बीटीएम ने किसानों को बताया कि समय समय पर खेत में बदल बदल कर फसल लगाने से भूमि का उर्वरक क्षमता बढ़ता है।और किसानों को फसल से ज्यादा लाभ मिलता है। गेहूं बीज वितरण को लेकर पूछे जाने पर उन्होंने ने कहा कि अगले दो चार दिन में गेंहू का बीज भी वितरण पंजीकृत किसानों के बीच किया जाएगा। मौके पर किसान राधेश्याम सिंह चैरो, बसंती देवी, उपदेश चेरो, रामबरत गुप्ता, फागू साह, गरीब राम, दीनदयाल पाठक, श्रावण कुमार, रेणु देवी, सहित कुल 55 किसानों के बीच वितरण किया गया।

## जरुरतमंदों के बीच किया गया कंबल का वितरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू) :** बिश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड 19 में शनिवार को जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। लोगों के बीच कंबल का वितरण भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी और कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन ने किया। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि इस कड़ाके की ठंढ में जरूरतमंदों को कंबल देना दुनिया का सबसे पुनीत कार्य है। वैसे भी गरीबों की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है.दानिश हुसैन ने कहा कि आम लोगों को ठंड से बचाने हेतु नगरीय प्रशासन हर संभव प्रयास कर रहा है। मौके पर शिक्षक जयराम पासवान सहित कई लोग मौजूद थे।

## कर्नल कप आज से शुरू



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद (पलामू) :** फुटबॉल प्रेमियों के लिए अच्छी खबर है कि पिछले दिनों बारिश के कारण अनुमंडल के कर्पूरी मैदान में कई जगह पानी भर गया था और मैदान काफ़ी गीली हो गई थी। जिसके चलते हैं कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता के बाकी बचे मैच को स्थगित कर दिया गया था। लेकिन कर्नल ब्रिगेड स्पोर्ट्स क्लब के सदस्यों ने कड़ी मस्क़त से मैदान को पुनः तैयार कर लिया है। 17 दिसंबर दिन रविवार से लीग स्टेज के आखिरी चरण का मैच शुरू होगा तथा क्वार्टर फाइनल मुकाबले 20 दिसंबर से खेले जाएंगे। उक्त बातों की जानकारी क्लब के मीडिया प्रभारी सुभाष कुमार ने पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि एक महीने तक चलने वाले इस टूर्नामेंट का समापन 23 दिसंबर को हो जाना था लेकिन मैदान गीला होने के वजह से करीब दो सप्ताह तक मैच बाधित रहा। अतः अब टूर्नामेंट के तिथियों में विस्तार किया जा सकता है। उन्होंने फुटबॉल प्रेमियों से रविवार को भारी संख्या में अनुमंडल मैदान पहुंचकर खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करने का अनुरोध किया है।

## सीओ ने ठंड को देखते हुए हरिहरगंज में गरीबों के बीच किया कंबल वितरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हरिहरगंज :** प्रतिनिधि ठंड को देखते हुए हरिहरगंज शहरी क्षेत्र के न्यू बस स्टैंड, मछली गली, सब्जी बाजार सहित आधा दर्जन से अधिक जगह पर शनिवार की शाम में सीओ यामुन रविदास ने अलाव की व्यवस्था किया, वही गरीब, निर्धन, दिव्यांग लोगों के बीच कंबल का विवरण किया। सीओ ने शहर में घूम कर विभिन्न चौक, चौराहा पर अलाव जलवाने का काम किया एवं गरीबों के बीच कंबल वितरण किया साथही शहर वासियों से मिलकर उनके समस्याओं को भी जानने का प्रयास किया। सीओ ने बताया कि कड़ाके की ठंड को देखते हुए शहरी क्षेत्र में आधा दर्जन से अधिक जगहों पर अलाव की व्यवस्था की गई है वही गरीब लोगों के बीच कंबल भी वितरण किया गया है, उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों के बीच और भी कंबल वितरण किया जाएगा, साथ ही अलाव की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने शहर वासियों से किसी भी प्रकार की समस्या होने पर सिधे मिलने की बात कही, ताकि उनकी समस्या का समाधान किया जा सके। इधर ठंड में अलाव की व्यवस्था होने से लोगों ने राहत की सांस लिया है एवं कई जगह पर काफी संख्या में लोग आग तापते नजर आये।

## विद्या मंदिर जपला में विजय दिवस धूमधाम से मनाया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जपला में भारतीय सेना के अदम्य साहस व शौर्य की गौरवमयी वीरगाथा 'विजय दिवस' धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भूतपूर्व कैप्टन दुखन सिंह, सुबेदार अशर्फी पाल, नैब सुबेदार राम प्रसाद सिंह, सुधीर सिंह, सुमेर सिंह, कामाख्या नारायण सिंह,प्रधानाचार्य कृष्णकांत दूबे ने संयुक्त रुप से मां सरस्वती व भारत माता के चित्र के समक्ष पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलित कर 16 दिसंबर 1971 के ऐतिहासिक विजय के नायक भारतीय सेना के वीर जवानों को नमन किया।प्रधानाचार्य कृष्णकांत दूबे ने सन् 1971 का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि विश्व में वह पहली घटना थी,जब भारतीय सैनिकों ने पाकिस्तान के लगभग 93 हजार सैनिकों से आत्मसमर्पण कराया और उन्हें युद्ध बंदी बनाकर विजय पताका फहराया। इस विजय के उपलक्ष्य में संपूर्ण भारतवासी 16 दिसंबर को विजय दिवस मनाते हैं। वहीं कैप्टन दुखन सिंह ने बच्चों को 1965, 1971 तथा कारगिल युद्ध की जानकारी दी। बताया कि कैसे सैनिक अपने प्राणों की आहुति देकर देश की रक्षा करते हैं।1962 में चीन के साथ,1965 में पाकिस्तान के साथ हुए युद्ध में मुझे भी दुश्मनों के दांत खट्टे करने का सौभाग्य मिला।राष्ट्र सेवा को सर्वोच्च स्थान देते हुए उन्होंने उपस्थित बच्चों को राष्ट्रीयता राष्ट्रवाद की सीख दी। नैब सुबेदार सुधीर सिंह ने कहा कि 1971 भारत-पाक युद्ध में पाकिस्तान को किस तरह हार का सामना करना पड़ा और बांग्लादेश के रूप में एक नए देश का गठन हुआ इसके बारे में जानकारी दी।इस युद्ध में हमारे भारतीय सैनिक तकरीबन 3900 शहीद हो गए थे, और लगभग 9851 घायल हुए थे।आप सभी भी पढ़कर एक उच्च अधिकारी बनकर अपने माता- पिता एवं विद्यालय का नाम रौशन करें। यह युद्ध भारत के लिए ऐतिहासिक और हर देशवासी के हृदय में उमंग पैदा करने वाला साबित हुआ था। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मृत्युंजय प्रसाद, शशि कुमार, जयनारायण सिंह, जयनारायण सिंह, अभिषेक पाठक, धर्मेंद्र कुमार, हर्षदा चौबे, राजेश्वर सिंह यादव, रंजीत मिश्रा, चंदन कुमार, सुनील गुप्ता सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा।

## विधायक ने पुल निर्माण कार्य का ऑनलाइन शिलान्यास किया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह ने हुसैनाबाद के झरगड़ा उतरी के सुअरदहा नदी पर पुल निर्माण कार्य का ऑनलाइन शिलान्यास किया। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने ऑनलाइन संबोधन में कहा कि हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के एक एक गांव का विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गांव की नली गली का निर्माण विधायक कोटा की राशि से जनता की सहमति लेकर की जा रही है। उन्होंने कहा कि एक एक ग्रामीण सड़को का जीर्णोद्धार के अलावा नई सड़को का निर्माण भी किया जा रहा है। कई सड़कों व पुल के निर्माण की स्वीकृति के बाद निविदा की प्रक्रिया चल रही है।काफी पुरानी मांग सुअरदाहा नदी पर पुल निर्माण की थी। उसे भी पूरा कर दिया गया है।गांव गांव में छठ घाट का निर्माण किया गया है। ग्रामीणों की मांग पर क्षेत्र की समस्या दूर करने की दिशा में कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विवाह मंडप का निर्माण बड़ी संख्या में कराया गया है। इसके अलावा भी कई महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह ने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यो का शिलान्यास और उद्घाटन करने के लिए चार टीम बनाई गई है। चारों टीम अलग अलग गांव में स्वीकृत योजनाओं का शिलान्यास कर रही है।उन्होंने योजनाओं पर बेहतर कार्य कराने की जिम्मेदारी ग्रामीणों को दी है। उन्होंने कहा कि कहीं गलत होता है तो उस गांव के लोग विधायक या उन्हें सूचना दे सकते हैं। कार्यक्रम में एनसीपी प्रवक्ता योगेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, विनय पासवान नरेश रजवार, सुबालाल यादव, राम राज यादव, सुरेंद्र ठाकुर, इंदल ठाकुर, नंदू यादव, सुनील यादव, अनुज पासवान रामनाथ बारी, जानकी रजवार, हंसराज सिंह, प्रमोद पासवान के अलावा कई लोग शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें

### मैट्रिक और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में विद्यार्थियों को ओएमआर सीट नहीं दी जाएगी

**रांची ।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने मैट्रिक और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में बड़ा बदलाव किया है। ऑब्जेक्टिव सवाल के लिए अब विद्यार्थियों को ओएमआर सीट नहीं दी जाएगी। ऑब्जेक्टिव सवाल के जवाब अब आंसर सीट पर ही लिखना होगा। शुक्रवार को जैक बोर्ड की हुई बैठक में इस बात का फैसला लिया गया है। ऑब्जेक्टिव और सब्जेक्टिव प्रश्नों की संख्या और अंकों में भी बदलाव किया गया है। नए नियम के अनुसार 2024 के मैट्रिक-इंटर की परीक्षा में 30 अंक के ऑब्जेक्टिव व 50 अंक के सब्जेक्टिव सवाल रहेंगे। बचे 20 फिसदी अंक अंतरिम मुल्यांकन और प्रैक्टिकल के लिए दिए जाएंगे. 2025 में 20 अंक के ऑब्जेक्टिव और 60 अंक के सब्जेक्टिव सवाल रहेंगे। परीक्षा पैटर्न में हो रहे बदलाव के आधार पर ही मॉडल प्रश्न पत्र और उसके उत्तर जारी किए जाएंगे. इससे विद्यार्थियों को परीक्षा में हुए बदलाव को समझने में मदद मिलेगी।

### बरियातू महिला दरोगा के साथ मारपीट करने वाले तीन गिरफ्तार

**रांची :** बरियातू थाने में महिला दारोगा के साथ मारपीट करने की बात सामने आ रही है। मारपीट करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। जिस महिला दरोगा के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया है। उनकी पहचान बरियातू थाने में पदस्थापित महिला एसआई एस मुर्मू के रूप में हुई है। उनको थाने में आए शिकायतकर्ताओं ने ही पीटा है। पूरी घटना को बरियातू थाना परिसर में ही घटी है। गिरफ्तार आरोपियों में रवींद्र पांडेय उसकी बहन ज्योति पांडेय और सुमित्रा पांडेय शामिल हैं। तीनों आरोपी लालपुर थाना क्षेत्र के वर्दवान कंपाउंड के रहने वाले हैं।

# दुष्कर्म करने वाले छह आरोपी गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** तुपुदाना ओपी क्षेत्र के हुलहुण्डू चर्च के पास से एक पोक्सो युवती को जबरदस्ती बाईक पर बैठाकर 08 युवकों के द्वारा खरसीदाग ओपी क्षेत्र के ग्राम-चुकरू गाँव के पूरब तरफ पत्थर चट्टान पर ले जाकर रात्रि में सामूहिक दुश्कर्म की घटना प्रतिवेदित हुई थी, जिस आलोक में 08 व्यक्तियों के विरुद्ध धुर्वा (तुपुदाना) थाना काण्ड पोक्सो एक्ट के अंतर्गत दर्ज किया गया है। इस काण्ड का उद्भेदन करने के लिए पुलिस उपाधीक्षक, हटिया रॉंची के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया, गठित टीम के द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर घटना में भामिल 06 युवकों को पकड़ा गया है, जिसमें 04 पोस्को एवं 02 बालिग है।

**एसपी ने बताया :** सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने नाबालिग पोस्को युवती ने 5 दिसंबर 2023 को जोजोसिरिंग में अपने ही गाँव के रहने वाले दोस्त से मिलने के लिए आई थी। 09 दिसंबर 2023 को दोस्त से झगड़ा होने के बाद युवती अकेला ही संध्या में जोजोसिरिंग से पैदल सतरंजी होते हुए खूँटी की ओर जा रही थी। उसी क्रम में सतरंजी के पास पकड़ाये युवकों की नजर युवती पर पड़ी और उसका पीछा कर हुलहुण्डू चर्च के पास एक आरएस मोटर साईकिल पर दो युवक युवती को जबरदस्ती बैठा लिये और लूना मोटर साईकिल पर चार युवक सवार को खरसीदाग ओपी क्षेत्र के चुकरू गाँव के पूरब सुनसान स्थान पत्थर चट्टान पर लेकर गये। वहीं पर एक युवक के द्वारा उक्त युवती के साथ जबरदस्ती बलात्कार किया गया।

**आरोपी तक कैसे पहुंची पुलिस:** बता दें युवकों के द्वारा युवती के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया इसके बाद पुलिस को जानकारी हुई तो पुलिस हरकत में आई। पुलिस ने आरोपियों तक पहुंचाने के लिए करीब विभिन्न क्षेत्रों से 40 युवकों को हिरासत में लिया। इसी के बीच एक युवक से बातचीत में पता चला कि उसे युवक को आरोपित युवक ने फोन पर घटना की जानकारी दी थी और उसे घटनास्थल पर बुलाया था इसी युवक के शिनाख्त पर पुलिस ने उन आरोपियों तक पहुंची और सबको गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

**बरामद:** घटना में उपयोग किये गये मोपेड (लूना) मोटर साईकिल सं0-जेएच01बीई-8127 को जप्त किया गया है।

**छापामारी दल:** राजा कुमार मित्रा, पुलिस उपाधीक्षक, हटिया रॉंची, पुअनि मीरा सिंह, प्रभारी तुपुदाना ओपी, रॉंची, पुअनि सुखदेव शाहा, प्रभारी खरसीदाग ओपी, रॉंची। पुअनि अमित कुमार पासवान, तुपुदाना ओपी, रॉंची।पुअनि राहुल सिन्हा, तुपुदाना ओपी, रॉंची। पुअनि सुनील कुमार, तुपुदाना ओपी, रॉंची। सअनि सुनील कुमार सिंह, तुपुदाना ओपी, रॉंची।

# सड़कों पर अलाव एवं बैनर लगाकर किया आर्थिक नाकेबंदी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में आहूत दो दिवसीय आर्थिक नाकेबंदी के प्रथम दिन झारखंड आंदोलनकारियों ने जगह-जगह सड़क मार्ग एवं रेल मार्गों पर माल वाहक वाहनों को रोकने का काम किया। बीच सड़क में अलाव जलाकर एवं बैनर लगाकर लोगों ने सड़कों को घंटों जाम किया। गुमला जिला के बिशनपुर , बनारी में बोकसाइड के हजारों गाडियों को दिन भर ठप्प किया गया, छत्तीसगढ़ का सीमावर्ती क्षेत्र रायडीह के माझाटोली में माल वाहक 500 से अधिक गाड़ियों की आवागमन को पूरी तरह बंद कर दिया गया। सिसई में ट्रक को बाधित किया गया। पाश्चिम बंगाल का सिमान बोड़ाम में लोह अयस्क से भरी मालवाहक गाडियों को दिन भर आवाजाही ठप किया गया। बोकारो के जैनामोड में मालवाहक गाडियां रोकी गई। संथाल परगना के फतेहपुर पर जामताड़ा बंगाल झारखंड मुख्य मार्ग को दिन भर ट्रकों की आवाजाही ठप्प कर दिया गया। छतीसगढ़ ,यूपी, बिहार मुख्य मार्ग को लातेहार के दुबियाखाड़ मोड़ के पास कोयला, पत्थर, लोह अयस्क, अबरख से लदे मालवाहक ट्रकों की आवाजाही को बाधित किया गया। पलामू के चैनपुर में मजार मोड़ के पास चार घंटो तक सड़क जाम किया ।आंदोलनकारियों ने लोगों से सहयोग, समर्थन और संघर्ष में साथ देने की अपील की। झारखंड आंदोलनकारी अपने मान सम्मान अलग पहचान नियोजन में सीधी नियुक्ति एवं सम्मान राशि 50-50 हजार रू.देने की मांग को लेकर आर्थिक नाकेबंदी कर रहे हैं। आंदोलनकारी की मांगे हैं कि राज्य में समता जजमेंट लागू किया जाए और रॉयल्टी का 26 परसेंट लाभ झारखंड के आदिवासियों को दिया जाए। मौके पर झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों ने अपने स्वाभिमान, अस्तित्व एवं अस्मिता की रक्षा की उलगुलान टू का आगाज़ कर दिया है। अब झारखंड आंदोलनकारी अपने हकमारी नहीं होने देंगे। 123 वर्ष पूर्व भगवान बिरसा मुंडा ने अबुआ दिशुम अबुआ राइज का जो सपना देखा था उसे झारखंड आंदोलनकारी साकार करेंगे और झारखंड को दुनिया का बेहतर से बेहतर व समृद्धशाली राज्य के रूप में विकसित करेंगे। झारखंड को विस्थापन, पलायन,कुपोषण वह गरीबी से मुक्त करना एक-एक झारखंड आंदोलनकारियों का दायित्व है। भले ही राज्य में आज झारखंड आंदोलनकारी कई विधायक हैं ,मंत्री हैं मुख्यमंत्री हैं लेकिन झारखंड को सजाने और संवारने का दायित्व व झारखंडियों का भविष्य उज्जवल करने की दिशा में कोई योजना या विजन नहीं है। बल्कि पूंजीपतियों का गुलाम बन गए हैं। आर्थिक नाकेबंदी में भुवनेश्वर केवट इजहार राही जितेंद्र सिंह रोजलीन तिर्की, सरोजिनी कच्छप ,स्टीफन किंडो, सिकंदर उरांव, कार्तिक महथा, सीताराम उरांव , अलेक्जेंडर मिंज, सुनील कुमार भगत, जोसेफ अभास मिंस, पंचस उरांव, जिदन कोल, मोइन अंसारी, पप्पू खान,सहदेव महतो, ठाकुर महतो, माझो महती, अल्फ्रेड आइंद, मिनी बाड़ा, रामनन्दन साहू,कालिंद उरांव, शिबू काली माईती विश्वजीत प्रमाणिक आनंद महतो मनबोध महतो रसराज महतो, दीपक टाईगर, मोती महतो, प्रतिमा कुजूर, महेंद्र उरांव, जटाधारी साहू, मार्कुस , चंद्रधन महतो, बाल किशन उरांव अली हसन अंसारी,नंदलाल मेहता,सहित अन्य बड़ी संख्या में राज्य भर के आंदोलनकारी अपने-अपने क्षेत्रों में कुशल नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया।

## स्थानीयता से संबंधित विधेयक पर राजभवन से मिली सलाह में एक बड़ी राजनीतिक संदेश है : सुप्रियो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** झामुमो महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्या ने कहा कि स्थानीयता से संबंधित विधेयक राजभवन से मिली सलाह और संदेश में एक बड़ी राजनीतिक संदेश है। उन्होंने कहा कि यह कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है हमारे पहचान से जुड़ा मुद्दा है। भट्टाचार्या ने कहा कि हम हर हाल में कमिटमेंट को पूरा करेंगे. शीतकालीन सत्र में हम विधेयक को फिर से लायेंगे. श्री भट्टाचार्या शनिवार को पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कई राज्यों में थर्ड व फोर्थ ग्रेड में नौकरी के लिये नीति बनायी गयी है। ताकि, वहीं के लोगों को नौकरी में जगह मिल सके. उन्होंने कहा कि राजभवन जो बात कह रहा है वो एक नया शगुफा है. लोगों के बीच भ्रम की स्थिति पैदा की जा रही है। उन्होंने कहा कि किसी विधेयक पर एक साल से कुंडली मार कर राजभवन बैठा रहा। ये कहीं से भी सही नहीं है।

# रांची ट्रैफिक पुलिस ने चलाया ड्रिंक एंड ड्राइव चेकिंग अभियान, पांच धरे गए

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** राजधानी की यातायात पुलिस ने शुक्रवार देर रात ड्रिंक एंड ड्राइव चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान शराब पीकर वाहन चलाते पांच वाहन चालकों को पकड़ा गया। वाहन चालकों के खिलाफ न्यायालय में अभियोजन समर्पित कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में शनिवार को ट्रैफिक एसपी कुमार गौरव ने बताया कि ट्रैफिक थाना की ओर से बिरसा चौक, लालपुर चौक, रिलायंस मार्ट कांके रोड, नटराज बार मेन रोड और फिरायालाल के पास ड्रिंक एंड ड्राइव का चेकिंग अभियान चलाया गया। उन्होंने सभी वाहन चालकों से अपील की है कि शराब पीकर वाहन नहीं चलायें। शराब पीकर वाहन चलाते पकड़े जाने पर ट्रैफिक पुलिस वाहन जब्त करते हुए न्यायालय में अभियोजन समर्पित करेगी। साथ ही एमवी एक्ट की धारा 185 के तहत प्रथम अपराध के लिए 10 हजार रुपये जुर्माना और छह माह का कारावास एवं दूसरे बार शराब पीकर वाहन चलाने पर 15 हजार रुपये जुर्माना तथा दो वर्ष का कारावास की सजा का प्रावधान है। इसके अलावा ड्राइविंग लाइसेन्स निलंबन का भी प्रावधान है।

## ड्रॉप आउट रेट कम करने के लिए होगा तीन से 18 वर्ष के बच्चों का सर्वे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** राज्य के सरकारी शिक्षक स्कूलों में मौजूद शिशु पंजी को अपडेट करने के लिए स्कूल क्षेत्र में पड़ने वाले इलाकों में तीन से 18 वर्ष के बच्चों का सर्वे किया जायेगा। टोले-मुहल्ले में कितने बच्चे हैं। इनमें किस आयु वर्ग के कितने बच्चे स्कूलों में पढ़ रहे हैं, कितने बच्चे ड्रॉप आउट हैं और कितने बच्चों का एडमिशन स्कूल में नहीं है, इसे नोट किया जाएगा। हर साल नामांकन की स्थिति और ड्रॉप आउट दर की स्थिति से अवगत होने के लिए शिशु पंजी को अपडेट किया जाता है, ताकि स्कूल से बाहर रहने वाले बच्चों की पहचान हो सके और ड्रॉप आउट के कारणों का पता चले सके। इसके बाद बच्चों को स्कूल तक लाने के लिए अभिभावकों को जागरूक किया जाता है। शिशु पंजी को अपडेट करने से संबंधित प्रशिक्षण सभी जिलों के डीईईओ, डीएसई, एसडीओ, आरईओ, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी और प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारियों को दिया गया है।

# संगठन के विस्तार से होगा समाज का विकास : ज्ञान शंकर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञान शंकर, महामंत्री संजय चौधरी व प्रदेश संगठन मंत्री अरविंद गुप्ता ने सामूहिक प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए प्रदेश कमेटी का विस्तार किया और कहा कि संगठन में पहले ही 25 संरक्षक, सलाहकार मंडल 14, उपाध्यक्ष 20, प्रदेश मंत्री 12, मीडिया प्रभारी 1, महामंत्री, संगठन मंत्री एवं कोषाध्यक्ष घोषणा कर दि गई थी। आज भी इस कड़ी को आगे बढ़ाते हुए परिवार में सदस्य जोड़े जा रहे हैं। साथ ही 14 जनवरी के बाद प्रदेश समिति का कुछ और विस्तार किया जाएगा द्य प्रदेश अध्यक्ष श्री ज्ञान शंकर ने बताया कि मुझे निम्न लोगों के नाम घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। यह समाज के धरोहर हैं। इनका सहयोग हमेशा मिलता रहेगा और समाज की मजबूती के लिए सदैव काम करेंगे।

अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन प्रदेश कार्यकारिणी का हुआ विस्तार



**ये बने प्रदेश उपाध्यक्ष :** राजकिशोर भगत गोड्डा, श्रीमती अमिताभ रक्षित दुमका, विनोद गुप्ता देवघर, तरुण गुप्ता जामताड़ा, प्रदीप साहू हजारीबाग, सुरेंद्र वर्मा गिरिडीह, गोविंद मेवाड़ रामगढ़, सुरेंद्र साहू गिरिडीह, महेश प्रसाद साहू कोडरमा, मधु गुप्ता, अर्चना गुप्ता, मनोज प्रसाद रांची, उमा प्रसाद सिमडेगा, रामानंद साहू गुमला, उमेश प्रसाद लोहरदगा, देवेंद्र गुप्ता डाल्टनगंज,अविनाश देव डाल्टनगंज,सुशील अग्रवाल लातेहार, रामदास साहू, हेमंत गुप्ता रांची

**प्रदेश मंत्री बने:** अजीत गुप्ता पांकी, अरुण साहू गोड्डा, नीलम देवी गोड्डा, श्याम प्रसाद सुंदर रांची, राम लखन साहू टंडवा, विजय अग्रवाल धनबाद, राम मनोज साहू हटिया, राहुल चौधरी रांची, प्रमोद साहू रांची, गोपाल सोनी रांची, रमेश अग्रवाल रांची, राजकुमार मद्धेशिया गढ़वासह मीडिया प्रभारी शिव किशोर शर्मा सलाहकार मंडल डॉ विजय प्रकाश, प्रमोद कटुरका, बलराम साहू, डीआर युगल प्रसाद, डॉक्टर दिलीप सोनी, ललित चौधरी, राजीव चौधरी, संजय साहू, सुबोध जायसवाल, जायसवाल जैन, राजकुमार अग्रवाल, पुनीत पोद्दार, उदय प्रसाद साहू, दिनेश साहू।

## केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कृषि जैव प्रौद्योगिकी संस्थान के अनुसंधान कार्यों का लिया जायजा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने शनिवार को भारतीय कृषि जैव प्रौद्योगिकी संस्थान (आईसीएआर-आईआईएबी), गढ़खटांगा, रांची का दौरा कर संस्थान की ओर से किये जा रहे अनुसंधान कार्यों का जायजा लिया। इस अवसर पर आयोजित किसान संगोष्ठी को संबोधित करते हुए अर्जुन मुंडा ने कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है। प्रधानमंत्री हमारे अन्नदाता किसान भाइयों को समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने के लिए कृतसंकल्प हैं। ऐसे में इस प्रकार के संस्थान की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। संस्थान कृषि विकास की गति को तेज करने के लिए एकीकृत तरीके से जैव प्रौद्योगिकी की क्षमता का दोहन करने की व्यापक दृष्टि के साथ काम कर रहा है।

# झामुमो पदाधिकारी गण पहुंचे डेली मार्केट, पीड़ितों से की मुलाकात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम नेतृत्व में डेली मार्केट थाना से सटे डेली मार्केट सब्जी मार्केट में पिछले दिनों दस बजे रात के करीब आगजनी की घटना हुई थी, इस घटना में सब्जी दुकानदारों की करीब सौ से अधिक दुकानें जल गई। सब्जी, पैसे भी जल गये । आर्थिक रुप से गरीब लोग टूट चुके हैं। घटना के दिन ही झारखंड फुटपाथ संघ के अध्यक्ष सह झारखंड मुक्ति मोर्चा के रांची महानगर के पूर्व प्रवक्ता जितेंद्र गुप्ता ने घटना स्थल पहुंचकर पीड़ित लोगों से मिले थे और मुख्यमंत्री तक बातें रखने की अश्वासन दिया था। इस घटना के बाद मुख्यमंत्री को जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री ने इसे गंभीरता से लिया । जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आदेशानुसार झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम के साथ आगजनी वाले सब्जी मंडी में पहुंचे। सभी पदाधिकारी गण कार्यकर्ता सभी मिलकर पीड़ितों से मिले उनकी समस्याओं से अवगत हुए और उनकी बातों को फिर से मुख्यमंत्री तक पहुंचाने और हर संभव मदद दिलाने की बात कही। वहीं जिला अध्यक्ष मुस्ताक ने कहा कि घटना जिस दिन हुई है उसे दिन से ही मुख्यमंत्री और अपने सभी पदाधिकारी को की जिम्मेदारी दी है कि वह इसका आकलन करें और मुआवजा का प्रावधान करें बहुत जल्द इस पर एक कमेटी बनाकर काम किया जाएगा उम्मीद है की दुकान भी बना कर दी जाएगी और मुआवजा भी दिया जाएगा हम लोग चाहेंगे इस पर तुरंत काम हो। मुख्य रूप से रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम , कलाम, आजाद ,जितेंद्र गुप्ता, जनक नायक, नामधारी , परवेज, गुड्डू ,अजीत नायक, राकेश वर्मा ,लक्ष्मण राम और कई लोग मौजूद थे।

## कोकर शिव मंदिर के समीप अज्ञात शव मिला



**रांची :** रांची के सदर थाना क्षेत्र के कोकर शिव मंदिर के समीप से शनिवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव पुलिस ने बरामद किया है। थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत ने बताया कि व्यक्ति की शिनाख्त नहीं हो सकी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया है। पूरे मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

# नई उमंग व नई जोश के साथ काम करेंगे युवा : उपायुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा बिहार क्लब रांची में सदभावना समिति द्वारा सम्मान कार्यक्रम के आयोजन में पहुंच कर सभी सम्मानित लोगों को शॉल और मोमेंटो दे कर सम्मानित किया गया। जिसमें सदभावना समिति के लोग, स्थानीय थाना के थाना प्रभारी, मिडिया, पत्रकार एवं समाज में सराहनीय कार्य करने वालों को कार्यक्रम के दौरान सम्मानित किया गया। महावीर मंडल के जय सिंह यादव, प्रभात मंत्र के डायरेक्टर शारिब खान, दुर्गा पूजा समिति बिहार क्लब के डॉ. अजित सहाय, महावीर मंडल के कुणाल आजमानी, सदभावना समिति के सदस्य मो. इस्लाम, राजन वर्मा, प्रदीप राय बाबू, मो. फिरोज, मो. फिरोज, मो. असरफ,परमजीत सिंह टिंकू, मो. इश्तेयाक, मोइज अख्तर भोला, जनक नायक, तनवीर आलम, आफताब आलम एवं सभी सदस्य एवं सम्मानित सदस्य शामिल है।

इस सभी को डीसी सिन्हा द्वारा बिहार क्लब रांची में सदभावना

*** सदभावना समिति द्वारा किया गया सम्मान कार्यक्रम का आयोजन**

समिति द्वारा सम्मान कार्यक्रम के आयोजन में पहुंच कर सभी सम्मानित लोगों को मोमेंटो एवं शॉल देकर सम्मानित सम्मानित किया गया। उपायुक्त रांची ने सदभावना समिति कि बैठक में कहा कि आज नए-नए युवाओं को देख कर काफी खुशी हो रही है, ये युवा नई उमंग नई जोश के साथ काम करेंगे इनका ऐसे जुड़ते रहना आवश्यक रहेगा। ये युवा नई सोच नई राह से सदभावना समिति को आगे ले जाएंगे।

# रांची में क्रिसमस और नए साल पर शराब पीकर हुड़दंग मचाने वालों की अब खैर नहीं

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** रांची में नए साल के जश्न में शराब पीकर हुड़दंग मचाने वालों की अब खैर नहीं है। सड़क हादसों पर लगाम लगाने के लिए इस बार रांची ट्रैफिक पुलिस ने सभी पिकनिक स्पॉट के साथ-साथ जश्न वाले इलाकों में ड्रंक एंड ड्राइव को लेकर अभियान चलाने का निर्देश जारी कर दिया है। 22 दिसंबर से लेकर 15 फरवरी तक ट्रैफिक के जवान ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट के लिए ड्यूटी पर तैनात रहेंगे। रांची में हर वर्ष नवंबर माह से लेकर दूसरे वर्ष फरवरी माह तक सड़क दुर्घटनाओं में बेतहाशा वृद्धि होती है। इसके पीछे सबसे प्रमुख वजह जो अब तक निकल कर सामने आई है वह ड्रंक एंड ड्राइव है। क्रिसमस से लेकर नए साल के फरवरी महीने तक पिकनिक के साथ-साथ अलग-अलग डेस्टिनेशन पर पार्टियों का आयोजन होता है। ऐसी पार्टियों में जमकर शराब पी जाती है। शराब पीने के बाद जब युवा अपने घरों की तरफ लौटते हैं तब वे हादसे का शिकार हो जाते हैं।

रांची डीटीओ कार्यालय से मिले हादसों के आंकड़े बेहद चिंताजनक है। दिसंबर, 2022 में कुल 64 सड़क हादसे हुए, जिनमें 44 लोगों की मौत हो गई थी जबकि 38 लोग बुरी तरह से जख्मी हुए। जनवरी में 64 हादसे सामने आए, जिसमें 41 लोगों की मौत हो गई और 35 बुरी तरह से जख्मी हुए। फरवरी महीने में 38 लोग सड़क हादसे में मौत के गाल में समा गए। कुल मिलाकर देखा जाए तो मात्र 70 दिनों में 121 लोग सड़क हादसों में अपनी जान गंवा दी। आकड़ों के अनुसार सड़क हादसों में मरने वाले सबसे ज्यादा युवा हैं। इनकी उम्र 18 से 30 के बीच है। बिना हेलमेट सवारी, तेज रफ्तार, शराब और ईयर बर्ड-हेडफोन का इस्तेमाल हादसों की प्रमुख वजह है। साल 2021 में सड़क हादसों में जहां 448 लोगों ने अपनी जान गंवाई थी, वहीं साल 2022 में कुल 450 लोग सड़क हादसे में मारे गए। इस संबंध में रांची के ट्रैफिक एसपी कुमार गौरव ने बताया कि पिछले साल के आंकड़ों को देखकर यह साफ पता चलता है कि नवंबर महीने से लेकर फरवरी महीने तक सड़क हादसे बहुत ज्यादा सामने आते हैं।

## लोअर बाजार थाना प्रभारी दयानंद को किया गया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा बिहार क्लब रांची में सदभावना समिति द्वारा सम्मान कार्यक्रम के आयोजन में पहुंच कर सभी सम्मानित लोगों को शॉल और मोमेंटो दे कर सम्मानित किया गया। जिसमें सदभावना समिति के लोग, स्थानीय थाना के थाना प्रभारी, मिडिया, पत्रकार एवं समाज में सराहनीय कार्य करने वालों को कार्यक्रम के दौरान महावीर मंडल के जय सिंह यादव, प्रभात मंत्र के डायरेक्टर शारिब खान,लोअर बाजार थाना प्रभारी दयानंद, दुर्गा पूजा समिति बिहार क्लब के डॉ. अजित सहाय, महावीर मंडल के कुणाल आजमानी, सदभावना समिति के सदस्य मो. इस्लाम, राजन वर्मा, प्रदीप राय बाबू, मो. फिरोज, मो. फिरोज, मो. असरफ, परमजीत सिंह टिंकू, मो. इश्तेयाक, मोइज अख्तर भोला, जनक नायक, तनवीर आलम, आफताब आलम एवं सभी सदस्य एवं सम्मानित सदस्य उपस्थित थे।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## रैयत विस्थापित मोर्चा ने परियोजना पदाधिकारी को दिया मांग पत्र



**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रैयत विस्थापित मोर्चा डकरा शाखा के द्वारा परियोजना पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह को मांग पत्र सौपा गया.शाखा अध्यक्ष सुनील यादव के नेतृत्व में डकरा परियोजना पदाधिकारी को मांग पत्र दिया गया. जिसमें गांव में बिजली, पानी ,सड़क ,टावर लाइट,सहित कई प्रमुख मांग रखा गया.मोर्चा के लोगों ने कहा कि 25 दिनों के अंदर प्रबंधन द्वारा सकारात्मक पहल नहीं हुई तो डकरा शाखा रैयत विस्थापित मोर्चा द्वारा जन आंदोलन किया जाएगा जिसकी सारी जिम्मेवारी डकार परियोजना पदाधिकारी की होगी.मांग पत्र देने में मुख्य रूप से रामलखन गंझू, रविंद्र यादव संतोष यादव ,प्रयाग यादव, बीरेंद्र यादव ,गणेश यादव, मेघा यादव आदि लोग थे.

## तिरंगा हम भारत वासियों के लिए आन बान और शान है

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** करकट्टा सरस्वती विद्या मंदिर में विजय दिवस मनाया गया. कार्यक्रम का शुरुआत सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलित के साथ किया गया. मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में सीआईएसएफ के इंस्पेक्टर राजेश कुमार और उनके सहयोगी जवान बीतेश उपस्थित थे.मौके पर अपने संबोधन में श्री कुमार ने कहा कि देश की तिरंगा हम भारत वासियों के लिए आन बान और शान है. उन्होंने कहा कि कठिन से कठिन परिस्थितियों में सैनिकों का जोश कम नहीं होता है. हमारे देश की सैनिक देश की सुरक्षा के लिए बॉडर पर 24 घंटे तैनात रहते हैं.कहा कि देश है तो हम सभी हैं. वहीं विद्यालय के आचार्य पुरुषोत्तम कुमार सिंह ने 1971 का युद्ध का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आज हीं के दिन भारतीय सैनिकों ने पाकिस्तान के लगभग 93 हजार सैनिकों से आत्मसमर्पण कराया और विजय पताका फहराया. इस विजय के उपलक्ष्य में संपूर्ण भारतवासी 16 दिसंबर को विजय दिवस के रूप में मनाते हैं.इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भी अपना विचार व्यक्त किए. धन्यवाद ज्ञापन आचार्या पूनम पाठक ने की. इस मौके पर आचार्या संध्या सिंन्हा, नूतन सिंह संजीव कुमार सिंह, सियाराम सिंह सहित सभी शिक्षक व छात्र उपस्थित थे.

## हेलमेट नहीं तो पेट्रोल नहीं

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सड़क सुरक्षा अभियान को सफल बनाने के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। उसे लेकर प्रखंड के टाटीसिलवे थाना क्षेत्र में पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। उसका असर भी अब दिखने लगा है। टाटीसिलवे थाना प्रभारी महेन्द्र करमाली ने बताया कि इस तरह का जागरूकता अभियान चलाने से लोगो में जागरूकता बढ़ेगी , जिससे क्षेत्र में हो रहे सड़क दुर्घटना से जीवन की रक्षा हो पाएगा पैट्रोल पम्प संचालक को इससे सख्ती से अनुपालन करने की निर्देश प्रशासन के द्वारा दिया गया है । बता दें कि यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों पर लगाम लगाने के लिए शुरू किए गए नो हेलमेट नो पेट्रोल अभियान का जायजा टाटीसिलवे थाना प्रभारी ने लिया। वह खुद टाटीसिलवे थाना क्षेत्र स्थित पेट्रोल पंप पर पहुंच जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बिना हेलमेट के दुपहिया वाहन चालक को पेट्रोल नहीं दें किसी भी हाल में बिना हेलमेट वाले दोपहिया वाहन चालक को पेट्रोल नहीं दें। उससे सड़क दुर्घटनाओं में मौत के मामले मे कमी आएगी। ।

## ऑल इंडिया एससी/एसटी/बीसी ईम्पलाइ काउंसिल व मगध प्रबधंन की हुई बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के अरूण्योदय भवन बचरा मे शनिवार को ऑल इंरिया एससी/एसटी/बीसी इम्पलाई को-आर्डीनेशन काउंसिल और सीसीएल के मगध-संघमित्रा एरिया प्रबधंन के बीच एजेंडा मिटिंग हुई।मिटिंग की अध्यक्षता मगध-संघमित्रा एरिया के महाप्रबधंक नृपेन्द्र नाथ और संचालन कार्मिक एंव प्रशासनिक अधिकारी संजय कुमार चौबे ने किया।

बैठक मे काउंसिल द्वारा मगध प्रबधंन को दिये गये 23 सूत्री मांग पत्र पर विस्तार से चर्चा की गई,जिसमे प्रमुख मांगो मे मासीलौंग से परियोजना कार्यालय तक सड़क बनाने और ग्रामीणों के लिए अलग रोड निर्माण करने,ट्रांसपोर्टिंग सड़कों पर नियमित पानी का छिड़काव कराने,खान सुरक्षा के लिए सेफ्टी कमेटी के द्वारा समय-समय पर खदान का निरीक्षण कराने,कोयला खदान में काम करने वाले मजदूरों के बीच समय-समय पर जूता टोपी एवं टॉर्च देने,खनन क्षेत्र के अलावे अन्य सभी रास्तों पर समुचित लाइटिंग की व्यवस्था करने, परियोजना कार्यालय के अलावे अन्य जगहों पर संचालित कैंटीन के लिए कमेटी बनाने,मगध परियोजना कार्यालय एवं कांटा घरों में चल रहे एएमसी कार्यो की जांच कराने,हाइवा डंपर में त्रिपाल ढक कर ट्रांसपोर्टिंग कराने,मगध एवं संघमित्रा परियोजना के विस्थापित रैयतो के लंबित नौकरी,मुआवजा और पुनर्वास केंद्र उपलब्ध कराने, विस्थापित रैयतों के लिए अस्पताल निर्माण कराने, काउंसिल का कार्यालय उपलब्ध कराने,एसीसी, पीसीसी,वेलफेयर,सेफटी, हाउसिंग,सीएसआर एवं अन्य समितियां में बिना भेदभाव किए काउंसिल के सदस्यों को शामिल करने, प्रमोशन,क्वाटर,सुरक्षा, क्वाटर मरम्मत,शुध्द पेयजल सहित कुल 23 सूत्री मांग पत्र पर चर्चा की गई।उक्त सभी मांगों को प्रबंधन ने गंभीरता से लेते हुए क्षेत्रीय स्तर से लेकर मुख्यालय स्तर तक समाधान कराने का भरोसा दिया।बैठक मे काउंसिल की ओर से सीसीएल महामंत्री बृजकिशोर पासवान, पिपरवार सचिव रतन लाल, प्रेमचन्द कुमार,रामचन्द्र उंराव,गणेश कुमार सहित कई लोग मौजुद थे।

## सिल्ली डीएवी नेशनल स्टेट लेवल पर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** डी. ए. वी. नेशनल स्पोर्ट्स स्टेट लेवल झारखंड जोन - इ , डी . ए.वी.बिस्टुपुर जमशेदपुर द्वारा 14 दिसंबर एवं 15 दिसंबर 2023 को आयोजित किया गया । जिसमें डी .ए. वी. महात्मा आनंद स्वामी सिल्ली के प्रतिभागियों ने बहुत शानदार प्रदर्शन किया। तुषार सिंह मुरा, एवं प्रेम कुमार महतो अंडर -14 में रनर अप रहे ।रुद्र प्रताप दुबे अंडर -14 वुशु में बेस्ट वुशु प्लेयर रहा । मल्लिका साय को वुशु में रजत, आर्या रानी कांस्य, मो.जीशान रजा कराटे में स्वर्ण, रिनिक मिस्त्री कराटे में रजत, आरती उरांव एवं जोशीका उरांव को तैराकी में स्वर्ण, इभ्या मिश्रा को वेट लिफ्टिंग में स्वर्ण, रुद्र प्रताप दुबे को ऊंची कूद एवं लंबी कूद में रजत, कुल मिलाकर 7 स्वर्ण 4 रजत एवं 1 कांस्य एवं 1 ट्राफी सहित। कुल 11 प्रतिभागी नेशनल लेवल के लिए चयनित किए गए जो 4 जनवरी से 8 जनवरी 2024 को दिल्ली में भाग लेंगे ।

## अबुवा आवास सर्वे को लेकर प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड सभागार में शनिवार को बीड़ीओ संग्राम मुर्मू की अध्यक्षता में अबुवा आवास की सर्वे को लेकर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जहां सर्वे से संबंधित सरकार की गाइडलाइन के अनुसार सर्वे करने का निर्देश देते हुए बीडीओ ने कहा कि सभी पंचायत में पांच सदस्य कमेटी का गठन किया गया है। जो योग्य लाभकों का चयन किया जाना है। उन्होंने कहा कि आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वारा योजना के तहत अबुवा आवास के लिए ग्रामीणों द्वारा समर्पित आवेदनों पर सरकार की गाइडलाइन के अनुसार सर्वे का कार्य करते हुए चिन्हित कर योग्य लाभकों को आवास का लाभ देना हमारी प्राथमिकता है। बैठक में उपप्रमुख मोदस्सीर हक, बीपीओ संजय तिर्की, सहायक अभियंता पुरुषोत्तम भाई पटेल, लिपिक फारूक नदीम, आवास को ऑर्डिनेटर रामनाथ लोहारा, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी डॉ राकेश रंजन, प्रखंड कृषि पदाधिकारी अनवर अंसारी, सांख्यिकी पदाधिकारी वासुदेव बड़ाइक, सुनीता सोरेन, पंचस कल्याणी देवी, बीघा उरांव, शाइस्ता परवीन, राबिया खातून, सद्दाम अंसारी, राजीव कुमार, मोहम्मद असादुल्लाह, सोनू कुमार व शाहिद सहित कई लोग उपस्थित थे।

## अपनी ताकत व जरूरतों को समझें : बंधु तिर्की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चान्हो :** प्रखंड के चोरया एवं रोल पंचायत मे कॉंग्रेस पंचायत सम्मेलन मे मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कॉंग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष श्री बंधु तिर्की उपस्थित हुये सम्मेलन को संबोधित करते बंधु तिर्की ने कार्यकर्ताओं से कहा की चुनाव की तैयारी मे अभी से जुट जाएं कार्यकर्ता ही आमलोग और वोटर के सबसे करीब होते हैं इसलिये आप अपनी ताकत को समझें और गांव के जरूरतमंदों की मदद करें उन्होंने टोला कमिटी और बीएलए का गठन करने को लेकर जरूरी निर्देश दिया । वहीं प्रखंड अध्यक्ष मो इस्तेयाक ने कहा की हमारी एकता ही हमारी पहचान है समय से संगठन के बचे कार्य को मिल जूल कर पूरा करना है मौके पर .पंचायत अध्यक्ष नेहरू उरांव .रामानंदन भगत नेहरू उरांव पंचायत प्रभारी महादेव भगत जूलफीकार अली मंडल अध्यक्ष प्रमोद लाल .मन्ना उराँव चरवा उरांव सुधीर लकड़ा एस सी मोर्चा अध्यक्ष दिनेश राम .बसंत राम नारु भगत तौकीर अहमद बबलू गुप्ता मोख्तार अंसारी आदि उपस्थित थे ।

## झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा का अपनी मांगों को लेकर दो दिवसीय आर्थिक नाकेबंदी शुरू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के दो दिवसीय आर्थिक नाकेबंदी के दौरान शनिवार को पहले दिन मोर्चा के सदस्यों ने किशोर खंडित के नेतृत्व में खलारी रेलवे स्टेशन में प्रदर्शन किया. इस दौरान मोर्चा के लोगों ने अपने हाथों में झंडा लेकर अपनी मांगो के समर्थन में जमकर नारेबाजी की. वहीं प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे किशोर खण्डित ने कहा कि झारखण्ड राज्य को अलग हासिल करने वाले आंदोलनकारियों को सरकार उचित मान-सम्मान देने के साथ उन्हे पेंशन सहित मुलभूत सुविधाओं को प्रदान करे.कहा कि सरकार यह वैधता भी खत्म करे कि जो झारखंड आंदोलनकारी जेल गए है वहीं झारखंड आंदोलनकारी होंगे. उन्होने कहा कि जब तक सरकार हमारी मांगों को मान नही लेती तब तक झारखंड आंदोलनकारियों का आंदोलन जारी रहेगा. प्रदर्शन करने वालो में तेजू उरांव, मोहन कश्यप, महेंद्र लोहरा, हरि लोहरा, आबिद अंसारी, सिकंदर राम, प्रभु उरांव, भूटन गंझू, संतोष राम, चंद्रकांत उरांव, बालकिशन लोहरा, शाहिद अंसारी, मणि उरांव, बुद्धदेव भगत, वासुदेव लोहरा, सोमरा गंझू, छोटन लोहरा शामिल थे.

## वार्षिक अभिभावक दिवस का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** कार्मेल स्कूल सामलोंग राँची अंग्रेजी माध्यम में आज वार्षिक अभिभावक दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शीर्षक था - 'हमारी धरती हमारा भविष्य'। कक्षा प्रथम और द्वितीय की छात्राओं ने अपने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के द्वारा इसे जीवंत बनाते हुए अभिभावको एवं समाज को धरती माँ को बचाने का संदेश दिया। साथ ही क्रिसमस का आगाज भी किया। आज के मुख्य अतिथि रेव्ह. फा. जेम्स बालमुचु एस. जे. राँची श्रमेनपज युवा संघ के संचालक , स्कूल प्रबंधक सिस्टर रेनिशा ए.सी., प्रधानाध्यापिका सिस्टर स्टेफी ए.सी. एवं उपस्थित दो अभिभावकों द्वारा दीप-प्रज्वलन किया गया। मुख्य अतिथि रेव्ह. फा. जेम्स बालमुचु एस. जे. ने अपने संदेश में प्रकृति का संवर्धन करते हुए, प्लास्टिक एवं सोशल मीडिया में जरूरत से ज्यादा संलिप्तता के दुष्परिणामों से सचेत करते हुए बच्चों को प्रकृति से जोड़ने और प्राकृतिक संसाधनों को आने वाली पीढ़ियों के लिए बचाने का आग्रह किया। तथा अभिभावकों को अपने बच्चों के साथ बहुमूल्य समय बिताने के लिए प्रेरित किया।

## गुंज का आगाज, आज कैंडल मार्च



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली स्टेडियम परिसर में शनिवार के दिन तीन दिवसीय गूंज महोत्सव को लेकर सिल्ली विधायक सह गूंज के संरक्षक सुदेश कुमार महतो ने बैठक की। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने कहा कि गूंज महोत्सव में सभी को सम्मान देने का काम किया जाएगा। गूंज महोत्सव का राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बन चुका है लेकिन सिल्ली गूंज की आवाज देश-विदेश तक हम लोगों को पहुंचना होगा जिससे झारखंड की कला और संस्कृति को लोग काफी नजदीक से जान सके। गूंज महोत्सव में देश की झांकी का नजारा भी देखने को मिलेगा। महोत्सव में गरीबों को सम्मान एवं उनके बीच परिसंपत्ति का वितरण भी किया जाएगा।

गूंज के पूर्व संध्या स्टेडियम परिसर समेत प्रत्येक गांव में कैंडल मार्च महिला एवं पुरुषों के सहयोग से निकला जाएगा। इस तीन दिवसीय गंज महोत्सव में सिल्ली मुरी प्रशासन के भी पूरी व्यवस्था रहेगी। बैठक के अंत में महिला और पुरुषों को शपथ दिलाया गया कि हम लोग लड़के और लड़कियों को एक समान शिक्षा देंगे, उनमें भेदभाव नहीं करेंगे, उनका बाल विवाह नहीं करेंगे एवं महिलाओं पर होने वाले हिंसा और अत्याचार का बहिष्कार करेंगे। इस मौके पर गूंज के संयोजक जयपाल सिंह, अध्यक्ष सुनील सिंह, जिला परिषद उपाध्यक्ष बिना चौधरी, प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बडाईक,उप प्रमुख आरती देवी, पूर्व जिला परिषद सदस्य गौतम कृष्ण साहू, सुशील महतो, बृजेश प्रसाद, संजय सिद्धार्थ, बुद्धिजीवी मंच के विजय चंद्र महतो, धीरेंद्र नाथ महतो, लंबोदर महतो, क्षेत्रीय प्रभारी लक्ष्मण महतो, पंचायत समिति सदस्य अरविंद कुमार, सिल्ली प्रखंड समिति के सभी पदाधिकारी, पंचायत प्रभारी, पंचायत कमेटी, ग्राम प्रभारी, मुखिया, उप मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, पूर्व मुखिया, महिला ग्राम संगठन के पदाधिकारी एवं सक्रिय महिला दीदी उपस्थित थे।

## बैंक ऑफ महाराष्ट्र में हिन्दी दिवस पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**रांची :** बैंक ऑफ महाराष्ट्र देश के सार्वजनिक क्षेत्र का अग्रणी बैंक है। बैंक द्वारा पुणे में दिनांक 07 दिसंबर, 2023 को हिन्दी दिवस पुरस्कार वितरण समारोह अत्यंत उत्साह के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ श्री ए. एस. राजीव ने की। प्रख्यात फिल्म व टीवी अभिनेत्री सुश्री आर्या शर्मा इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। श्री आशीष पाण्डेय, कार्यपालक निदेशक, श्री रोहित ऋषि, कार्यपालक निदेशक, श्री अमित श्रीवास्तव, मुख्य सतर्कता अधिकारी, श्री के. राजेश कुमार, महाप्रबंधक, बैंक ऑफ महाराष्ट, कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रधान कार्यालय के महाप्रबंधकगण, देश भर से आए कार्यपालक, अधिकारी और कर्मचारी इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित थे। श्री के. राजेश कुमार, महाप्रबंधक ने सभी उपस्थित व्यक्तियों का स्वागत किया। इस अवसर पर बैंक की ई-पत्रिका महाबैंक संवाद सरिता÷ के वार्षिक संकलन का विमोचन मंच पर उपस्थित मान्यवरों के कर-कमलों से किया गया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित आंतरिक राजभाषा ट्रॉफी योजना के पुरस्कार वितरित किए गए।

## मारुति मंगल परिवार की सौजन्य से कंबल का वितरण

**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को मारुति मंगल परिवार के सौजन्य से कड़ाके की ठंड को देखते हुए ओरमांझी अंचल मैदान में कम्बल वितरण का शुभारंभ किया गया। मारुति मंगल परिवार राँची जिला के विभिन्न प्रखंडो में प्रत्येक वर्ष सैकडों गरीबों के बीच कम्बल वितरण करती है। इस वर्ष का कम्बल वितरण ओरमांझी प्रखंड से प्रारंभ किया गया। इस कम्बल वितरण कार्यक्रम में मारुति मंगल परिवार के केंद्रीय अध्यक्ष बिक्रम महतो संगठन प्रमुख सुमेश समाज में चल रहे कुरीतियों को लाभुको को अवगत कराये। एवं कार्यक्रम का संचालन कामेश्वर बेदिया एवं संदीप रुद्रा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित केंद्रीय कोषाध्यक्ष मुकुंद कुमार सातों जिला के जिला समिति सदस्य निरंजन गोप,भोला कोईरी पवन, मदन संजय,अमरनाथ भोक्ता, बालकिशोर मुंडा,जन्मजेय धर्मचंद जयप्रकाश, जीतवाहन कलिंदार गोप बुधनाथ एवं ओरमांझी प्रखंड के प्रखंड प्रमुख अनुपमा देवी, जिला परिषद, सरिता देवी, मुखिया दीपक बड़ाईक सभी जनों की उपस्थिति में गरीब, दिन दुखिया,असहाय, दिव्यांग, विकलांग, विधवा, वृद्धा, लोगों को कम्बल वितरण किया गया।

## सोसई आश्रम में रौनियार वैश्य सभा का चुनाव कल

**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मांडर स्थित सोसई आश्रम मे रविवार को रांची जिला रौनियार वैश्य सभा , वर्ष 2023 का चुनाव होगा इसके लिए सुबह 10 बजे से 2 बजे तक मतदान होगा, तत्पश्चात मतपत्रों का मतगणना कर परिणाम की घोषणा की जाएगी, इस चुनाव में 82 आजीवन सदस्य, और 26 इकाई के प्रत्येक इकाई से 9ङ्क9 जिला प्रधिनिधि भाग लेंगे। कुल चार पद अध्यक्ष,सचिव, कोषाध्यक्ष,. संगठन सह प्रचार मंत्री के लिए चुनाव सम्पन कराया जायेगा, अध्यक्ष पद के लिए तीन उम्मीदवार हैं ब्रजेश कुमार, दीपक कुमार, शंभू प्रसाद गुप्ता, सचिव पद के लिए दो उम्मीदवार हैं अनूप कुमार लाल, अशोक कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष पद के दो उम्मीदवार हैं अमर नाथ गुप्ता, बिहारी लाल गुप्ता, और संगठन सह प्रचार मंत्री पद के लिए सिर्फ एक उम्मीदवार राजेंद्र साहू होने के कारण ,उनको निर्विरोध विजयी घोषित किया जा चुका है, यह चुनाव मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी भुवनेश्वर प्रसाद साव, सह निर्वाचन पदाधिकारी मुरारी लाल गुप्ता, सहायक निर्वाचन पदाधिकारी दीपांकर गुप्ता, प्रो. सुनीता गुप्ता,सुरेन्द्र गुप्ता सतीश प्रसाद गुप्ता अरविंद कुमार गुप्ता, सुरेश प्रसाद गुप्ता, एस. एल. मानिक, संजय कुमार गुप्ता, अनिल कुमार गुप्ता, राधेश्याम साहू, के द्वारा संपन्न कराया जायेगा।उक्त जानकारी रांची जिला मंडल उपाध्यक्ष सुरेन्द्र गुप्ता नें दी।

## फुटबॉल टूर्नामेंट के खिताब पर बिलारी की टीम ने जमाया कब्जा

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के एजीएस खेल मैदान बिलारी मे एनटीपीसी और स्थानीय ग्रामीणो के सौजन्य से चल रहे फुटबॉल टूर्नामेंट का शनिवार को फाइनल मैच खेला गया।टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला एजीएस बिलारी बनाम चिरैयांटांड़ के बीच खेला गया।इस रोमांचक मुकाबले में एजीएस बिलारी की टीम ने चिरैयाटांड़ को पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया।समापन समारोह में उपस्थित अतिथियों ने विजेता और उपविजेता टीम को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर अशोक महतो,पंकज कुमार दास,सरवन कुमार महतो, अनिल कुमार ठाकुर, विश्वनाथ महतो,विनोद महतो टुनटुन मुंडा सहित कई स्थानीय ग्रामीण सहित खिलाड़ी मौजूद थे।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,**
**MINOR IRRIGATION DIVISION, KODERMA**

**Short e-Procurement Tender Notice, (2nd Call)**

Tender Reference No: - WRD/MID/KODERMA/F2-21/2023-24

Letter no- Date: - 16.12.2023

**Details of Works:-**

| Group No. | Scheme Name | Estimated Cost (In Lakh) | Time of Completion |
|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Check Dam on Bakula Nala, Village-Jharitand, Panchayat-Indarwa, Block-Koderma, Dist-Koderma | 52.086 | 11 Months |
| 2. | Constrution of Check Dam on Tintara Nala, Village-Tintara, Panchayat-Lokai, Block-Koderma, Dist-Koderma | 41.389 | 11 Months |
| 3. | Construction of Check Dam on Basdharwa Nala, Village-Basdharwa, Panchayat-Lokai, Block-Koderma | 50.178 | 11 Months |

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Date of Publication of e-Tender on Website | 22.12.2023 at 3:00 P.M |
| 2. | Last date/Time for Submission of e-Tender bids Online | 28.12.2023 up to 5:00 P.M |
| 3. | Last Date for Online Submission of Tender Fee and EMD | 28.12.2023 up to 5:00 P.M |
| 4. | Date of opening of e-Tender | 30.12.2023 at 3:00 P.M |
| 5. | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Koderma |
| 6. | Contact no. of e-Procurement officer | 9939193214 |
| 7. | E-mail of e-Procurement office | eemidkod-cemr-jhr@nic.in |

Note: - 1) Only e-Tender will be accepted.
2) Published Estimated Cost May be Increased or Decreased.
3) Mode of Submission of Online Tender/Tender Fee/EMD Through http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer,**
**Minor Irrigation Division, Koderma.**

PR 313634Minor Irrigation(23-24)#D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रामगढ़**

**(संविदा आधारित नियुक्ति हेतु लिखित परीक्षा संबंधी सूचना)**

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रामगढ अन्तर्गत जल जीवन मिशन एवं जिला जल एवं स्वच्छता समिति रामगढ़ में जिला स्तर पर संविदा आधारित नियुक्ति हेतु SBM cum SLWM Coordinator, MIS Coordinator एवं IEC Coordinator की नियुक्ति हेतु 30.12.2023 को निर्धारित तिथि के अनुसार लिखित परीक्षा आयोजन की गई है।

| क्र0 संख्या | पद का नाम | लिखित परीक्षा की तिथि एवं स्थल |
|---|---|---|
| 1 | SBM -cum- SLWM Coordinator | तिथि : 30.12.2023, समय : 11:00 बजे पूर्वाहन् से 12:00 बजे पूर्वाहन् तक<br>स्थल : समाहरणालय रामगढ़ ब्लॉक 'बी' छतरमाण्डू।, Reporting Time 10:30 बजे AM |
| 2 | MIS Coordinator | तिथि : 30.12.2023, समय : 01:00 बजे अपराहन् से 02:00 बजे अपराहन् तक<br>स्थल : समाहरणालय रामगढ़ ब्लॉक 'बी' छतरमाण्डू।, Reporting Time 12:30 बजे PM |
| 3 | IEC Coordinator | तिथि : 30.12.2023, समय : 03:00 बजे अपराहन् से 04:00 बजे अपराहन् तक<br>स्थल : समाहरणालय रामगढ़ ब्लॉक 'बी' छतरमाण्डू।, Reporting Time 02:30 बजे PM |

- सभी सफल अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि लिखित परीक्षा हेतु अपना प्रवेश पत्र दिनांक 30.12.2023 को पूर्वाहन् 09:00 बजे से 10:00 बजे पूर्वाहन् तक समाहरणालय रामगढ़ के ब्लॉक 'बी' में आवश्यक रूप से प्राप्त कर लेगें। साथ ही साथ प्रवेश पत्र में चिपकाने हेतु दो अदद पासपोर्ट साईज का फोटोग्राफ अवश्य लायेंगे।
- वैसे अभ्यर्थी जो उपर्युक्त तीनों पद के लिए परीक्षा में शामिल होगें उन्हें प्रत्येक पद के लिए दो–दो अदद पासपोर्ट साईज का फोटोग्राफ अवश्य लायेंगे।
- आवेदित पद हेतु संबंधित अभ्यर्थी अपने साथ किन्हीं एक परिचय पत्र निश्चित रूप से अपने साथ लायेगें (आधार कार्ड / मतदाता पहचान पत्र / ड्राइविंग लाइसेंस)
- अभ्यर्थी अपने साथ Blue/Black बॉल पेन साथ लायेगें।
- परीक्षा कक्ष में अपने साथ किसी भी प्रकार मोबाइल / कैलकुलेटर / इलेक्ट्रॉनिक डिभाईस लाना वर्जित होगा।
- परीक्षा के समय कदाचार में पकडे जाने पर अभ्यर्थी की अर्भ्यथता समाप्त कर दी जायेगी एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।
- किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा में शामिल होने के लिए यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
- अन्य सूचना NIC Ramgarh एवं अखबार के माध्यम से दी जायेगी।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल रामगढ़

PR 313642Drinking Water and Sanitation(23-24)#D



प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## फार्मासिस्ट अधिकार यात्रा का शुभारंभ आज से



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिंहभूम फार्मासिस्ट एसोसिएशन मीडिया प्रभारी सह एग्जीक्यूटिव मेंबर मनी मोहंती ने प्रेस रिलीज जारी करते हुए कहा की झारखंड में कल से शुभारंभ होने जा रहा है फार्मासिस्ट अधिकार यात्रा। इस अधिकार यात्रा में अखिल भारतीय वेलफेयर फार्मेसिस्ट एसोसिएशन एवं सिंहभूम फार्मासिस्ट एसोसिएशन के सौजन्य से कल का कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ कर सुबह 17 दिसंबर बहरागोड़ा से होगा. वरिष्ठ फार्मासिस्ट जितेंद्र सिंह एवं फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया के एग्जीक्यूटिव मेंबर धर्मेंद्र सिंह इसका नेतृत्व करेंगे। अंत में अधिकार यात्रा का समापन भव्य कार्यक्रम से जमशेदपुर में किया जाएगा।

## आरजीआईसीएल ने लॉन्च किया रिलायंस हेल्थ ग्लोबल

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (आरजीआईसीएल) ने आज रिलायंस हेल्थ ग्लोबल को लॉन्च किया है, जो दुनिया भर की स्वास्थ्य सेवाओं को भारतीयों के लिए सुलभ बनाने के उद्देश्य से डिज़ाइन की गई एक हेल्थकेयर पॉलिसी है। यह पॉलिसी भारत के साथ-साथ इसकी सीमाओं के बाहर पूरी दुनिया में सुरक्षा का कवरेज देती है, जो ऐसे लोगों को सहज तरीके से बेमिसाल अनुभव प्रदान करती है, जिन्हें ग्लोबल लाइफ़स्टाइल की आदत हो चुकी है और जो चाहते हैं कि विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएँ और बेहतरीन इन्फ्रास्ट्रक्चर आसानी से उपलब्ध हो। कैंसर और बाईपास सर्जरी जैसी गंभीर बीमारियों के साथ-साथ विदेशों में इलाज के लिए बड़े पैमाने पर कवरेज के अलावा, यह पॉलिसी देश के भीतर भी बेमिसाल कवरेज प्रदान करने के मामले में सबसे आगे है। इस पॉलिसी में सूचीबद्ध अस्पतालों में भर्ती की सुविधा के अलावा, इसमें यात्रा, रहने की व्यवस्था और शुरू से अंत तक वीज़ा एवं सहायता सेवाएँ भी शामिल हैं, जो पासपोर्ट गुम हो जाने या आपात स्थिति में नकद पैसों की जरूरत पड़ने जैसी परेशानियों को दूर करती हैं।

## सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल काशिदा का वार्षिकोत्सव आज

**घाटशिला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** घाटशिला स्थित सेंट जोसेफ कॉन्वेंट हाई स्कूल काशिदा का वार्षिकोत्सव आज यानी 17 दिसंबर की संध्या 4:30 बजे से विद्यालय परिसर में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्वी सिंहभूमि उप विकास आयुक्त मनीष कुमार को आमंत्रित किया गया है।

## बस्ती में बिजली कनेक्शन देने की मांग को कांग्रेस नेता अंसार मिले कार्यपालिका अभियंता से



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंत्री बन्ना गुप्ता के निर्देशानुसार पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष सह पश्चिम विधानसभा विधायक प्रतिनिधि अंसार खान के नेतृत्व में जवाहर नगर रोड नंबर 6 बस्ती वासियों का एक प्रतिनिधिमंडल विद्युत आपूर्ति प्रमंडल मानगो के विद्युत कार्यपालिका अभियंता संजीव कुमार को एक ज्ञापन सौंपा गया। अंसार खान ने बताया जवाहर नगर रोड नंबर 6 कुटकुट डूंगरी नीचे बस्ती के क्षेत्र में 24 बिजली के पोल लगाया गया है और अभी तक उन बिजली के पोलों पर केबुल या बिजली के तार नहीं लगाए गए हैं। जिसकी वजह से बस्ती वासियों ने दूर से तार खींचकर अपने-अपने घरों में बिजली के कनेक्शन ले रखे हैं। कई बार बच्चों के खेलने से तार टूट जाते हैं और कभी भी दुर्घटना हो सकती है। उस क्षेत्र में जल्द से जल्द केबल लगाया जाए। ज्ञापन सौंपने में मोहम्मद मोनिस खान, सुनीता एक्का, आनंद एक्का, ज्ञान सुंदर, स्वामी, मतियस कुजूर, अपॉलिना हेंब्रम, संजय कुजूर, सुमन अपॉलिना, गुड़िया, एम कुजूर, मोहम्मद नूर आलम, मोहम्मद अली इमाम, मोहम्मद इफ्तिखार, मोहम्मद आदिल खान, मंगल गोप आदि मौजूद थे।

## ज्योति विद्या मंदिर का वार्षिक समारोह धूमधाम से मनाया गया




**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राधेश्याम ट्रस्ट द्वारा संचालित नव ज्योति विद्या मंदिर, जगन्नाथपुर, गम्हरिया का वार्षिक समारोह धूमधाम के साथ शनिवार को आयोजित किया गया। इसका उदघाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित गम्हरिया थाना के सब इंस्पेक्टर मुरारी शंकर, विशिष्ट अतिथि जगन्नाथपुर पंचायत की मुखिया रिंटू देवी और पूर्व मुखिया प्रभा देवी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ बच्चो द्वारा स्वागत गान तथा सरस्वती वंदना की प्रस्तुति कर किया गया। इस मौके पर विद्यालय के बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के नृत्य, संगीत, लघु नाटक समेत अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई । जो काफी सराहनीय रहा। तत्पश्चात, राधेश्याम ट्रस्ट के चेयरमैन उदय नारायण श्रीवास्तव की ओर से विद्यालय की गतिविधियों, बच्चों के लिए उपलब्ध सुविधाएं और भविष्य की योजनाओं की विस्तृत रूप से जानकारी दी गई।

# बड़े आपराधिक घटना को अंजाम देने से पूर्व कुख्यात सागर लोहार सहित तीन गिरफ्तार

- गिरफ्तार अपराधियों के पास से तीन 7.62 पिस्टल, देशी कट्टा समेत के कई जिंदा कारतूस बरामद
- सागर लोहार पर सरायकेला जिला में कुल 27 मामले, वहीं भट्टा लोहार पर कुल 7 मामले दर्ज है

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**सरायकेला :** कुख्यात अपराधकर्मी सागर लोहार द्वारा अपने साथियों सहित जिले में किसी बड़े आपराधिक घटना को कारित करने की गुप्त सूचना पर पुलिस अधीक्षक डा विमल कुमार द्वारा एक विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया। पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में टीम द्वारा कुख्यात अपराध कर्मी सागर लोहार को उसके तीन साथियों के साथ अलग अलग स्थानों से गिरफ्तार किया गया। मिली जानकारी अनुसार ये किसी जमीन कारोबारी की हत्या करने की तैयारी कर रहे थे। पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार ने शनिवार को अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस वार्ता आयोजित कर बताया जिले में अपराध रोकने तथा अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी के लिए एक विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया है। गठित टीम द्वारा प्रोफेशनल तरीके से काम करते हुए शातिर अपराधकर्मी सागर लोहार सहित गैंग के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया गया। इन सभी का आपराधिक इतिहास रहा है तथा पूर्व में भी कई बार जेल जा चुके हैं। उन्होंने बताया सागर लोहार पर सरायकेला जिला में कुल 27 मामले, वहीं भट्टा लोहार पर कुल 7 मामले दर्ज हैं। पुलिस ने गिरफ्तार सागर लोहार एवं बबलू दास के पास से एक एक 7.62 की पिस्टल एवं चार चार जिंदा गोली ,राजू उर्फ भट्टा लोहार से 7.62 की एक पिस्टल तथा भोलू उर्फ तारणी के पास से एक देशी कट्टा एवं 0.315 बोर की दो जिंदा गोली बरामद की है। ये अपराधी आरआईटी थाना क्षेत्र समेत जमशेदपुर से गिरफ्तार किए गए हैं। अपराधी सागर लोहार एवं बबलू दास पर हत्या, गोली चालन, रंगदारी जैसे संगीन अपराधिक कांड दर्ज हैं। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधियों के गिरफ्तारी को लेकर गठित किए गए छापामारी दल में मुख्य रूप से गम्हरिया थाना प्रभारी आलोक कुमार दुबे, सरायकेला थाना प्रभारी अर्जुन उरांव, आरआईटी थाना प्रभारी सागर लाल महथा, सब इंस्पेक्टर प्रकाश रजक समेत सशस्त्र बल शामिल थे।

## जनता तक योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है हेमंत सरकार : गागराई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** कुचाई के बारूहातु पंचायत में शनिवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा शिविर आयोजित की गई. विधायक दशरथ गागराई ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यक्रम के जरिए सरकार की जन उपयोगि योजनाओ को सुगमता के साथ लोगों तक पहुंचाना है. उन्होंने लोगों को इस तरह की कार्यक्रम में शामिल हो कर योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की. उन्होंने कहा कि अब गरीब बच्चे भी विदेश में अच्छी शिक्षा ग्रहण करने के लिए पढ़ाई कर सकते हैं. इस पंचायत स्तरीय शिविर में विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया गया. कार्यक्रम में मुख्य रूप आइटीडीए निदेशक संदीप दोराईबुरू,विधायक प्रतिनिधि भरत सिंह मुंडा,जिला परिषद सदस्य जींगी हेम्ब्रम,प्रखंड अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार मुंडा, बीस सूत्री अध्यक्ष राम सोय, प्रमुख गुड्डी देवी, बीडीओ साधुचरण देवगम, बीटीएम राजेश कुमार बीपीओ कुंदन बाजपेई कनिय अभियंता सुमित कवि लिपिक सुबोध टुडू मुखिया रेखामुनी उरांव, मुखिया सरस्वती मिंज, मुखिया करम सिंह मुंडा, मुखिया राम सोय दशरथ उरांव, चांदमनी मुंडा, सोनामनी मुंडा धर्मेंद्र कुमार मुंडा गदाधर सतपती,आदि उपस्थित थे.

## 13 हाथियों के झुंड ने बोड़ाम के कई गांवों में मचाया उत्पात, फसलों को रौंदा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**पटमदा :** बोड़ाम थाना क्षेत्र के सातनाला रोड से 13 हाथियों का झुंड शुक्रवार को पहाड़पुर पंचायत पहुंच गया। दलमा की तलहटी पर बसे डांगरडीह, कोयरा, टोलकोडीह, मुनगाटांड़ व आमझोर आदि गांवों में शुक्रवार की रात जंगली हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया। फसलों को नुकसान पहुंचाने से किसान चिंतित हैं। वहीं हाथियों से सुरक्षा को लेकर लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। इस संबंध में डांगरडीह गांव के प्रकाश कुंभकार ने बताया कि 13 की संख्या में पहुंचे हाथियों ने धान, टमाटर, सरसों व आलू खेत को पैरों में रौंदकर बर्बाद कर दिया है। सूचना पाकर शनिवार की सुबह पहाड़पुर पंचायत के मुखिया अजब सिंह नुकसान फसलों का जायजा लेने पहुंचे। उन्होंने बताया कि वन विभाग के अधिकारियों से मिलकर पीड़ित किसानों को मुआवजा राशि दिलाने की मांग करेंगे। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि अंगद सिंह, अमित महतो, कान्तु सिंह, सन्तोष सिंह, इश्वर सबर आदि लोग मौजूद थे।

## विधायक ने पानी टंकी निर्माण का किया शिलान्यास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**नीमडीह :** नीमडीह प्रखंड क्षेत्र के रामनगर में शनिवार को 75 करोड़ कि लागत से निर्माण होने वाले पानी टंकी के निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक सविता महतो ने शिलापट्ट अनावरण कर किया। इस दौरान विधायक ने कहा नीमडीह एवं आसन्न ग्रामो में ग्रामीण जलापूर्ति योजना से पानी टंकी का निर्माण 75 करोड़ 66 लाख 21 हाजार 6 सौ 58 रुपये कि लागत से होगा। उन्होंने कहा इस पानी टंकी से पुरे नीमडीह प्रखंड क्षेत्र के 6 जगह रामनगर, झीमड़ी, चातरमा, बुरुडीह, बेड़ादा व बांधडीह में पानी टंकी का निर्माण होगा जिससे पुरे प्रखंड के 13 पंचायतो के सभी घरो पर नल के द्वारा शुद्ध पेयजल का आपूर्ति होगा। विधायक ने राज्य के मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा इस योजना से पुरे नीमडीह प्रखंड क्षेत्र के जनता लाभान्वित होंगे और हर घर में शुद्ध पेयजल मिलेंगे। इस अवसर पर झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, ग्राम प्रधान विभूतिभूषण महतो, प्रखंड अध्यक्ष हरिदास महतो, बीस सूत्री अध्यक्ष हरेकृष्ण सरदार, जिला सह सचिव धरमू गोप, प्रखंड सचिव सचिन गोप, मायाराम माझी, शंकर महतो आदि उपस्थित थे।

## ट्रक व हाइवा में जोरदार टक्कर, वाहन में फंसे घायलों को भाजपा नेता ने निकाला बाहर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीमडीह :** सरायकेला खरसावां जिला के चांडिल थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे पर नरगाडीह में शाम को ट्रक व हाइवा में जोरदार टक्कर हो गई, जिससे हाइवा के चालक अंदर केबिन में फंस गया था। बताया जाता है कि नेशनल हाईवे पर रांची से जमशेदपुर की ओर आ रही 12 पहिया ट्रक को अनियंत्रित हाइवा ने सीधी टक्कर मार दी। मौके पर हाइवे से गुजर रहे भाजपा जिला महामंत्री मधुसूदन गोराई ने अपना वाहन रोककर अपने समर्थकों की मदद से वाहन के भीतर फंसे हाइवा चालक को कड़ी मशक्कत से बाहर निकाला और घायल हाइवा चालक को इलाज के लिए एमजीएम भेजवाया।

## कुईयानी पंचायत में आयोजित शिविर में विधायक ने किया परिसंपत्तियों का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** बोड़ाम प्रखंड के कुईयानी पंचायत भवन में शनिवार को सरकार -आपके द्वार शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में शामिल विधायक मंगल कालिंदी ने द्वीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। इस दौरान विधायक ने सभी विभागों के स्टॉलों में निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को ग्रामीणों की समस्याओं को त्वरित रूप से निष्पादन करने का निर्देश दिया। शिविर में सबसे अधिक भीड़ अबुआ आवास योजना के स्टॉल पर रही। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सोच है कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक विकास की रोशनी पंहुचे। पिछले बार की शिविर में पूरे राज्य में 56 लाख लोगों को फायदा मिल चुका है और इस बार लाखों लोग फायदा उठा रहे हैं। मौके पर विधायक ने सोना सोबरन धोती-साड़ी, असहाय बुजुर्गो के बीच कंबल, पेंशन स्वीकृति पत्र, स्कूली बच्चों को साइकिल, व महिला समूहों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। इस अवसर पर प्रमुख ललिता सिंह, विधायक प्रतिनिधि छुटुलाल हांसदा, बीस सूत्री अध्यक्ष श्यामा पद महतो, पार्षद प्रतिनिधि माणिक महतो, काजल सिंह, विनय मंडल, बीडीओ नाजिया अफरोज, सीओ सुदीप राज, एमओ बिजेंद्र कुमार, खेदू गोप, रामु कुंभकार, शिवशंकर महतो व फाल्गुनी महतो समेत हजारों संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## कुणाल षाड़ंगी ने दिव्यांग को भेंट किया अत्याधुनिक व्हील चेयर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** भाजपा झारखंड प्रदेश के प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक तथा नाम्या स्माइल फाउंडेशन के संस्थापक कुणाल षाड़ंगी के पहल पर जरूरतमंद दिव्यांगों को फिर एक बार त्वरित सहायता मिली। चाकुलिया प्रखंड के लोधाशोली पंचायत के कटासमारा निवासी आदित्य गोप जो चलने-फिरने में असमर्थ हैं को कुणाल षाडंगी ने व्हील चेयर मुहैया कराया है। आदित्य को व्हील चेयर मिलने से अब वे सभी छोटी-मोटी ज़रूरतों के लिए आत्मनिर्भर रह सकेंगे। इस दौरान सभी के चेहरे पर खुशी साफ दिख रही थी। सभी ने कुणाल षाड़ंगी के प्रति आभार जताया है। इस मौके पर पूर्व मुखिया रिदानाथ मुर्मू, पूर्व उप प्रमुख रंजीत गोप, दिनेश गोप, सुधीर गोप, घासीराम गोप, शंकर कर्मकार, आदि थे।

## नवीन कला केन्द्र का ग्रांड फिनाले 22 दिसंबर को मुंबई से कारियोग्राफर सलमान होंगे शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** शहर की सांस्कृतिक संस्था नवीन कला केंद्र आगामी 22 दिसंबर को अपना ग्रैंड फिनाले शो का आयोजन कर रहा है। यह शो सिदगोडा के बिरसा मुंडा टाउन हाल में आयोजित किए जाएंगे। इस शो मे बालीवुड के कारियोग्राफर सलमान यूसुफ खान भाग लेंगे। उक्त जानकारी आज संवाददाता सम्मेलन में नवीन कला केन्द्र की निदेशक मोनिका घोष ने दी। उन्होंने बताया कि नवीन कला केन्द्र दो लाख इनाम वाली नृत्य-संगीत और ड्राइग प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है। पांच महीने से चले आ रहे प्रतियोगिता मे करीब 670 बच्चो ने भाग लिया। इसमे झारखंड से जमशेदपुर, बोकारो, रांची, घनबाद के अलावे कोलकात्ता और राउलकेला के बच्चो ने भी भाग लिया। डांस में करीब 530 बच्चो ने भाग लिया। जबकि गाना मे 75 और ड्राइग में 135 बच्चो ने भाग लिया। इस दौरान जीते हुए बच्चे के लिए मुख्य प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 22 दिसंबर को शाम के 6 बजे सिदगोडा स्थित टाउनहाल मे होगा। इस दौरान जज की भूमिका मे मुबई के मशहूर कारियोग्राफर सलमान यूसुफ खा भी मौजूद रहेंगे।

## घाटशिला के संत नंदलाल में शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण सत्र का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**घाटशिला :** घाटशिला स्थित संत नंदलाल स्मृति विद्या मंदिर के परिसर में क्षमता निर्माण कार्यक्रम के तहत शिक्षकों के लिए पर्यावरण अध्ययन पर आधारित एक सीबीएसई प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इसमें मनदीप कौर एवं अभिरुचि सिंह संसाधक के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रसाशिका शोभा गनेरीवाल, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य आर. जी. चौमाल, विद्यालय प्रबंधक डॉ प्रसेनजीत कर्मकार एवं दोनों संसाधकों मंदीप कौर व अभिरुचि सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। सत्र में संत नंदलाल स्मृति विद्या मंदिर घाटशिला, श्री श्री विद्या मंदिर ( बोकारो ), एटॉमिक एनर्जी सेंट्रल स्कूल जे माइंस, ब्लू बेल ई एच एस तुरिया बेरा भिलाई पहाड़ी, सेंट्रल पब्लिक स्कूल आदित्यपुर, चिन्मया विद्यालय बिस्टुपुर, स्टीम पब्लिक स्कूल केसरगरिया एवं जूस्को स्कूल साउथ पार्क जमशेदपुर, टी. पी. एस. डीएवी पब्लिक स्कूल बहरागोड़ा एवं जेवियर पब्लिक स्कूल डोराकाशी आसनबनी के कुल 58 शिक्षक प्रतिभागियों के रूप में उपस्थित रहें। शिक्षक प्रभारी अनूप कुमार पटनायक द्वारा मंच संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

## अंग्रेजी की प्रख्यात लेखिका जेन ऑस्टेन की जयंती पर करीम सिटी कॉलेज में लिट्रोलॉग का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज में पीजी अंग्रेजी विभाग के छात्रों द्वारा वार्षिक लेक्चर लिट्रोलॉग के दसवें प्रकरण का आयोजन हुआ। यह लेक्चर अंग्रेजी की प्रख्यात लेखिका जेन ऑस्टेन की जयंती पर आयोजित किया गया। विभाग अध्यक्ष डॉ याहिया इब्राहीम ने लेखिका के बारे में बताया कि जेन ऑस्टेन ने पहली बार रोजमर्रा की जिंदगी में आम लोगों के प्रति अपने व्यवहार के माध्यम से उपन्यास को एक विशिष्ट आधुनिक चरित्र दिया। उन्होंने अपने जीवनकाल में चार उपन्यास प्रकाशित किए~ सेंस एंड सेंसिबिलिटी (1811), प्राइड एंड प्रेजुडिस (1813), मैन्सफील्ड पार्क (1814), और एम्मा (1815)। कार्यक्रम में करीम सिटी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ मुहम्मद रेयाज़ और को-ऑपरेटिव कॉलेज के अंग्रेज़ी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ संजय यादव के अलावा अंग्रेज़ी विभाग के शिक्षक प्रो एके दास, डॉ बसुधरा रॉय, डॉ नेहा तिवारी व साकेत कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम की मेज़बानी बिशाखा कुमारी ने की और धन्यवाद ज्ञापन शिउली पालित ने की।

## आरवीएस अकादमी ने मनाया अपना 23वां वार्षिक खेल दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**






**जमशेदपुर :** आर.वी.एस अकादमी, डिमना रोड, मानगो ने आज अपना 23वें वार्षिक खेल दिवस मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत झारखंड के सम्मानित मुख्य अतिथि एडीसी जयदीप तिग्गा द्वारा भव्य उद्घाटन के साथ हुई, जिन्होंने अपने प्रेरक भाषण से प्रतिभागियों और दर्शकों को समान रूप से प्रेरित किया। स्कूल के अध्यक्ष बिंदा सिंह, सचिव भरत सिंह, कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह और स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य शक्ति सिंह, प्रिंसिपल वीशा मोहिंद्रा, उप प्रिंसिपल अनिता तिवारी और शहर के कई महत्वपूर्ण और सम्मानित नागरिक इस अवसर पर उपस्थित थे। बैलून रिलीज के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। दिन का मुख्य आकर्षण रोज़, वायलेट, सनफ्लावर और एस्टर हाउस द्वारा प्रस्तुत किया गया मनमोहक मार्च पास्ट था। इस खेल महाकुंभ में जूनियर, सीनियर और सुपर सीनियर श्रेणियों के प्रतिभागियों के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम शामिल थे। जूनियर छात्रों ने अपनी रंगीन पोशाक में अद्भुत समन्वय और अनुशासन का प्रदर्शन करते हुए मनमोहक ड्रिल प्रस्तुत किए। विजेताओं को एक समारोह में पुरस्कृत किया गया। ऋषभ गर्ग आईपीएस (ग्रामीण, एस.पी.) समापन समारोह के सम्मानित अतिथि थे। स्कूल के चेयरमैन ने मीट के समापन की घोषणा की। इसमें ओवरऑल चैंपियन- रोज़ हाउस, उपविजेता-वायलेट हाउस, सर्वश्रेष्ठ मार्च पास्ट- वायलेट हाउस, सर्वश्रेष्ठ एथलीट जूनियर- चंदन गोप और अदिति समद और सर्वश्रेष्ठ एथलीट सीनियर- एमडी ओवैस अंसारी और नफीशा नाजनीम हुई।

# बेहद शर्मनाक है कर्नाटक की घटना

कर्नाटक में महिला को निर्वस्त्र कर घुमाए जाने का मामला बेहद संगीन है।साथ ही सभ्य समाज के माथे पर कलंक से कम नहीं है। आज जहां पूरा देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, विकसित भारत की कल्पना की जा रही है, वहीं इस तरह का हरकत सचमुच बर्दाश्त के लायक नहीं है। इस मामले को लेकर राज्य का विपक्ष सरकार पर हमलावर तो है ही, हाई कोर्ट ने भी बेहद कड़ी टिप्पणी की है। कर्नाटक राज्य के बेलगावी जिले में 42 वर्षीय महिला को निर्वस्त्र कर घुमाया गया और फिर बिजली के खंभे से बांधकर उसकी पिटाई की गई। ऐसा इसलिए किया गया, क्योंकि उसका बेटा एक महिला के साथ भाग गया था। सीएम सिद्धारमैया का कहना है कि हिंसा बेहद निंदनीय है। भाजपा राजनीतिक लाभ के लिए ऐसी घटना का फायदा उठा रही है। सीएम के अनुसार जैसे ही बेलगावी घटना सामने आई, राज्य के गृहमंत्री जी परमेश्वर और महिला एवं बाल कल्याण मंत्री लक्ष्मी हेब्बालकर ने पीड़िता के घर जाकर न केवल उसे सांत्वना दी बल्कि मुआवजा भी दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस ने 24 घंटे के अंदर अपराधियों को पकड़कर सलाखों के पीछे डाल दिया है। सिद्धारमैया ने कहा कि मैं व्यक्तिगत रूप से इस मामले की जांच की निगरानी कर रहा हूं। हमारी सरकार दोषियों को सख्त सजा देकर यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि ऐसे अमानवीय कृत्य न हो। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि राज्य भाजपा नेता भी राज्य सरकार द्वारा उठाए गए कदमों से संतुष्ट हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का अचानक जागना और इस मामले को उछालने का उनका प्रयास महिलाओं के लिए वास्तविक चिंता के बजाय एक राजनीतिक मकसद का संकेत देता है। अगर नड्डा वास्तव में महिलाओं की परवाह करते हैं, तो उन्हें उनकी सुरक्षा करने में विफल रहने के लिए पिछली भाजपा सरकार के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए थी। राष्ट्रीय अपराध ब्यूरो की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले वर्ष के दौरान कर्नाटक में महिलाओं के खिलाफ हिंसा के 17,813 मामले थे.भाजपा शासन में, जबकि पिछले वर्ष 2021 में 14,468 मामले सामने आए थे। भाजपा ने इस मामले को लेकर जांच दल का गठन किया है। इधर इस मामले को लेकर हाई कोर्ट ने तल्ख टिप्पणी की है। अदालत ने पूछा, क्या हम 17वीं सदी में वापस जा रहे हैं ? घटना को असाधारण बताते हुए हाईकोर्ट ने कहा, कानून इस मामले में कोई नरमी नहीं दिखाएगा। हाईकोर्ट की खंडपीठ घटना से कितनी नाराज है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि बेलगावी के पुलिस आयुक्त को पेश होने का निर्देश दिया गया है। अदालत ने अपने फरमान में कहा, कमिश्नर के साथ सहायक पुलिस आयुक्त व्यक्तिगत रूप से अदालत में मौजूद रहें। हाईकोर्ट ने पुलिस से पूरे मामले पर अतिरिक्त रिपोर्ट दाखिल करने को भी कहा। अदालत ने यह भी निर्देश दिया है कि हमलावरों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए। घटना पर गंभीर आपत्ति जताते हुए हाई कोर्ट ने कहा, यह हम सभी को शर्मसार करने वाला है। हम आजादी के 75 साल बाद ऐसी घटनाओं की उम्मीद नहीं कर सकते। यह हमारे लिए एक सवाल है। क्या हम 21वीं सदी में जी रहे हैं या 17वीं सदी में वापस जा रहे हैं। कर्नाटक हाईकोर्ट की खंडपीठ ने कहा, बेलगावी की घटना पर अदालत की पीड़ा हमें ऐसे कठोर शब्दों का इस्तेमाल करने पर मजबूर कर रही है। यह घटना आने वाली पीढ़ी को भी प्रभावित करेगी। खंडपीठ ने अपनी टिप्पणी में कहा, क्या हम एक ऐसा समाज बना रहे हैं जहां बेहतर भविष्य का सपना देखा जा सकेगा ? या हम ऐसा समाज तैयार कर रहे हैं जहां ऐसी घुटन होने लगे कि जीने से बेहतर मौत को गले लगाना है। जहां एक महिला के लिए कोई सम्मान नहीं है। हाईकोर्ट ने कहा, मामले के आरोपी भी अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति समुदाय से आते हैं। ऐसे में इस मामले में एससी-एसटी अत्याचार निवारण कानून के प्रावधानों का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। हाई कोर्ट की टिप्पणी सचमुच कबीले गौर है। इस पर सरकार को गहराई से ध्यान देना चाहिए। ऐसे संगीन मामले पर राजनीति नहीं होना चाहिए। देश का कोई भी भाग ऐसा नहीं है, जहां नारी हिंसा न होता हो। चाहे वह दिल्ली हो, यूपी हो या झारखंड। हर जगह इस तरह की घटनाएं घटित हो रही है। इसलिए सभी राजनीतिक धुरंधरों को चाहिए कि आपस में मिल बैठकर इस तरह की घटनाओं को रोकने की दिशा के सार्थक पहल करें। तभी जाकर एक सभ्य समाज का निर्माण हो सकता है।

विधानसभा चुनाव में बसपा का पूरी तरह सूपड़ा ही साफ हो गया

# क्या बसपा को खत्म करके मानेंगी मायावती? बहनजी समझें कि परिवारवाद का युग चला गया

रमेश सर्राफ

पिछले विधानसभा चुनाव में राजस्थान में बसपा को 4 प्रतिशत वोट व 6 सीटों पर जीत मिली थी। मगर इस बार यहां बसपा 1.82 प्रतिशत वोटों के साथ मात्र दो सीटों पर ही सिमट गई है। राजस्थान विधानसभा चुनाव में बसपा को मात्र 721037 वोट मिले हैं। मध्य प्रदेश में पिछली बार बसपा को दो सीट व 5.01 प्रतिशत वोट मिले थे। जबकि इस बार के चुनाव में वहां बसपा को 3.40 प्रतिशत यानी 14,77,202 वोट तो मिल गए मगर सीट एक भी नहीं मिली। इसी तरह छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में पिछली बार बसपा को दो सीटों के साथ 552313 यानी 3.9 प्रतिशत वोट मिले थे। मगर इस चुनाव में वहां बसपा को सीट तो एक भी नहीं मिली उसके साथ ही वोटों में भी गिरावट दर्ज हुई है।

हाल ही में संपन्न हुए राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना व मिजोरम विधानसभा के चुनाव में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) का ग्राफ तेजी से गिरा है। राजस्थान, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ जैसे हिंदी पट्टी वाले प्रदेशों में बहुजन समाज पार्टी एक तीसरे विकल्प के रूप में अपनी ताकत का एहसास कराती आई थी। मगर इस बार के विधानसभा चुनाव में बसपा का पूरी तरह सूपड़ा ही साफ हो गया है। पिछले विधानसभा चुनाव में राजस्थान में बसपा को 4 प्रतिशत वोट व 6 सीटों पर जीत मिली थी। मगर इस बार यहां बसपा 1.82 प्रतिशत वोटों के साथ मात्र दो सीटों पर ही सिमट गई है। राजस्थान विधानसभा चुनाव में बसपा को मात्र 721037 वोट मिले हैं। मध्य प्रदेश में पिछली बार बसपा को दो सीट व 5.01 प्रतिशत वोट मिले थे। जबकि इस बार के चुनाव में वहां बसपा को 3.40 प्रतिशत यानी 14,77,202 वोट तो मिल गए मगर सीट एक भी नहीं मिली। इसी तरह छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में पिछली बार बसपा को दो सीटों के साथ 552313 यानी 3.9 प्रतिशत वोट मिले थे। मगर इस चुनाव में वहां बसपा को सीट तो एक भी नहीं मिली उसके साथ ही वोटों में भी गिरावट दर्ज हुई है। वहां बसपा को 319903 यानी 2.05 प्रतिशत वोट ही मिले हैं। तेलंगाना के विधानसभा चुनाव में बसपा का खाता भी नहीं खुला। वहां पार्टी को 321074 यानी 1.37 प्रतिशत वोट मिले हैं। मिजोरम में तो वैसे ही बसपा का कोई नाम लेवा नहीं है। 2022 में हिमाचल प्रदेश के विधानसभा चुनाव में बसपा 53 सीटों पर चुनाव लड़ी मगर एक भी प्रत्याशी नहीं जीत पाया था। वहां पार्टी को 14613 यानी 0.35 प्रतिशत मत मिले थे। पिछले गुजरात विधानसभा के पिछले चुनाव में वहां बसपा ने 101 सीटों पर चुनाव लड़ा था। जिसमें 100 सीटों पर पार्टी प्रत्याशियों के जमानत जप्त हो गई थी। वहां पार्टी को मात्र 158123 यानी 0.5 प्रतिशत मत मिले थे। उतराखंड में बसपा के दो व पंजाब में एक विधायक है। उत्तर प्रदेश की स्थिति देखें जहां से बसपा का जन्म हुआ था। वहां 2022 के विधानसभा चुनाव में पार्टी महज एक सीट ही



जीत सकी थी। वहां बसपा को सिर्फ 12.88 प्रतिशत मत मिले थे। वहीं 2017 के विधानसभा चुनाव में 19 सीट व 22.31 प्रतिशत वोट मिले थे। 2012 की विधानसभा चुनाव में बसपा को उत्तर प्रदेश में 80 सीटों के साथ 25.91 प्रतिशत वोट मिले थे। वहीं 2007 के विधानसभा चुनाव में बसपा ने 30.43 प्रतिशत वोटो के साथ 206 सीट जीतकर अपने दम पर सरकार बनाई थी। 2002 के चुनाव में बसपा को 98 सीट व 23.6 प्रतिशत वोट मिले थे। 1996 के चुनाव में 67 सीट व 19.64 प्रतिशत वोट मिले थे। 1993 के चुनाव में 67 सीट व 11.12 प्रतिशत वोट, 1991 के चुनाव में 12 सीट व 9.44 प्रतिशत वोट मिले थे। 1989 के चुनाव में पहली बार बसपा ने उत्तर प्रदेश में चुनाव लड़कर 13 सीट तथा 9.41 प्रतिशत वोट पाए थे। उपरोक्त आंकड़ों का विश्लेषण करें तो पता चलता है कि बहुजन समाज पार्टी का जनाधार लगातार कमजोर पड़ता जा रहा है। लोकसभा चुनाव के आंकड़ों को देख तो 2019 के चुनाव में बसपा को उत्तर प्रदेश में 10 सीटें व 3.67 प्रतिशत वोट मिले थे। 2014 के लोकसभा चुनाव में बसपा का खाता भी नहीं खुला था। हालांकि पार्टी को 4.19 प्रतिशत वोट मिले थे। 2009 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने उत्तर प्रदेश में 20 व मध्य प्रदेश में एक कुल 21 सीट व 6.56 प्रतिशत वोट पाए थे। 2004 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने उत्तर प्रदेश से 19 सीट जीतकर 5.33 प्रतिशत वोट प्राप्त किए थे। 1999 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने उत्तर प्रदेश से 14 सीट जीती थी तथा 4.16 प्रतिशत वोट प्राप्त किए थे। 1998 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने उत्तर प्रदेश में चार व हरियाणा में कुल पांच सीट जीती थीं तथा 4.67 प्रतिशत वोट पाए थे। 1996 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने उत्तर प्रदेश से 6 पंजाब से तीन व मध्य प्रदेश से दो यानि कुल 11 सीट जीती थी तथा 4.02 प्रतिशत मत प्राप्त किए थे। 1991 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने मध्य प्रदेश में एक पंजाब में एक व उत्तर प्रदेश में एक कुल तीन सीट जीती थी वहीं 1.61 प्रतिशत मत प्राप्त किए थे। 1989 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ा था और पार्टी ने उत्तर प्रदेश में तीन व पंजाब में एक कुल चार सीटे जीत कर 2.07 प्रतिशत वोट पाये थे। पिछले लोकसभा चुनाव में बसपा ने उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी से समझौता होने के चलते 10 सीटों पर जीत जरूर हासिल कर ली थी। मगर उसके बाद बसपा सुप्रीमो मायावती ने समाजवादी पार्टी से अपना चुनावी गठबंधन समाप्त कर दिया था और एकला चलों की नीति पर ही 2022 में उत्तर प्रदेश विधानसभा का चुनाव लड़ा था। जिसमें पार्टी का प्रदर्शन सबसे कमजोर रहा था। 2022 के विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में जहां से बसपा एक ताकत बनकर उभरी थी और चार बार सरकार बना चुकी है। वहां मात्र एक सीट पर सिमट जाना पार्टी के नेताओं के लिए बड़े शर्म की बात है। कांशीराम के जमाने में बसपा का पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ जैसे कई प्रदेशों में बड़ा प्रभाव रहता था। लेकिन अब धीरे-धीरे बसपा सिमटने लगी है। बसपा से जीते हुए बहुत से सांसद, विधायक दल बदल कर दूसरे दलों में शामिल हो जाते हैं। जिससे बसपा दिनोंदिन कमजोर होने लगी है। राजस्थान विधानसभा के 2008 व 2018 के चुनाव में बसपा से 6-6 विधायक चुनाव जीते थे। मगर दोनों ही बार सभी विधायकों ने कांग्रेस में विलय कर गहलोत सरकार में मंत्री व अन्य लाभकारी पदों को हासिल कर लिया था। कभी बसपा में कैडर पार्टी का मुख्य आधार होता था। मगर आज पार्टी में कैडर नाम मात्र का भी नहीं बचा है। पार्टी के अधिकांश बड़े पदों पर पुराने नेताओं के स्थान पर दलबदलुओं का कब्जा हो गया है। बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती का अकेले चलो की सोच ने पार्टी को रसातल में पहुंचा दिया है। मायावती ना तो केन्द्र में सत्तारुढ़ भाजपा के साथ जाना चाहती है और ना ही इंडिया गठबंधन में शामिल होना चाहती है। ऐसे में एकला चलो की नीति बसपा के लिए आत्मघाती साबित हो रही है। बसपा सुप्रीमो मायावतीने अपने भतीजे आकाश आनंद को विधिवत अपना राजनीतिक उत्तराधिकारी घोषित कर दिया है ताकि पार्टी को एक युवा नेता मिल सके। अब आगे उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड कि राजनीति स्वयं मायावती देखेंगी बाकी के प्रदेशों में संगठन का काम आकाश आनंद संभालेंगे। यदि मायावती को अपनी पार्टी का राजनीतिक अस्तित्व बचाना है तो उन्हें भाजपा नीत एनडीए या कांग्रेस नीत इंडिया गठबंधन में से किसी एक का साथ भी लेना होगा। बिना किसी गठबंधन में शामिल हुए बसपा का जनाधार बचना मुश्किल लग रहा है। केंद्र सरकार के विरोधी इंडिया गठबंधन में शामिल अधिकांश दलों के नेता भी चाहते हैं कि मायावती उनके गठबंधन में शामिल होकर भाजपा के खिलाफ विपक्ष की एकता को मजबूत करें। अब इस बात का फैसला तो खुद मायावती को ही करना है कि वह किसी गठबंधन में शामिल होंगी या फिर अपना एकला चलो का राग ही अलापती रहेंगी।

दृष्टि कोण

# पड़ोसी पर्यटन स्थलों में भारतीय पर्यटकों को लुभाने की होड़, हम विदेशी पर्यटकों को कैसे आकर्षित करें?

इस समय दुनिया के पर्यटन प्रधान देशों और भारत के पड़ोसी पर्यटन स्थलों में भारतीय पर्यटकों को लुभाने की होड़ लगी हुई है। जहां एक ओर विदेशी पर्यटकों के कदम भारत की ओर धीमी गति से बढ़ रहे हैं, वहीं भारतीय पर्यटक विदेश में पर्यटन के लिए छलांगे लगाकर बढ़ रहे हैं। हाल ही में बीते चार दिसंबर को सरकार ने लोकसभा में बताया कि पिछले वर्ष भारत यात्रा पर आए विदेशी पर्यटकों की संख्या 85.9 लाख थी, जबकि करीब दो करोड़ भारतीय पर्यटकों ने देश से बाहर भ्रमण किया। विदेशी पर्यटन से जुड़ी दुनिया की प्रमुख एजेंसी बर्नस्टीन की रिपोर्ट-2023 के मुताबिक, 2019 में भारतीयों ने विदेश यात्राओं में करीब 38 अरब डॉलर खर्च किए थे और दुनिया में विदेशी पर्यटन के रूप में भारत का 10वां स्थान था, जबकि इस मामले में वर्ष 2027 तक हम दुनिया में पांचवें स्थान पर होंगे। दरअसल, इस समय भारतीयों द्वारा विदेश में बढ़ते हुए पर्यटन के लिए जो प्रमुख कारण दिखाई दे रहे हैं, उनमें



मध्य वर्ग की तेजी से बढ़ती क्रय शक्ति व भारतीयों में विदेश यात्रा की बढ़ती ललक शामिल है। हाल ही में श्रीलंका, थाईलैंड और मलयेशिया ने अपने पर्यटन उद्योग एवं विदेशी मुद्रा की कमाई बढ़ाने के मद्देनजर यहां के पर्यटकों को तेजी से आकर्षित करने के लिए वीजा मुक्त प्रवेश की पहल की है। वहीं ऑस्ट्रेलिया और रूस ने भी वीजा संबंधित प्रक्रियाएं सरल बना दी हैं और अधिक से अधिक पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए ई-वीजा की शुरुआत की है। गौरतलब है कि यूरोपीय संघ और अमेरिका के वीजा के लिए प्रतीक्षा अवधि लंबी होने से दक्षिण-पूर्व एशियाई देश विदेशी मुद्रा की कमाई के वास्ते भारतीय पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए नए सिरे से प्रयास कर रहे हैं। भारतीयों का विदेश यात्रा की ओर तेजी से बढ़ता रुझान घरेलू पर्यटन के लिए एक बड़ा नुकसान है और विदेशी मुद्रा कोष घटाने वाला भी है। अब भी दुनिया के कुल विदेशी पर्यटकों का दो फीसदी से भी कम हिस्सा ही भारत के खाते में आ रहा है। दुनिया में सबसे अधिक विदेशी पर्यटक मुख्यतः फ्रांस, स्पेन, अमेरिका, चीन और इटली जाते हैं। भारत के कई ऐसे आकर्षक पर्यटन केंद्र हैं, जो इसे विदेशी पर्यटकों की संख्या के मद्देनजर प्रमुख पर्यटन प्रधान देशों में स्थान दिला सकते हैं। देश में यूनेस्को धरोहर स्थलों की कोई कमी नहीं है। भारत की संस्कृति, संगीत, हस्तकला, खानपान से लेकर नैसर्गिक सुंदरता हमेशा से विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करती रही हैं। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि पिछले एक दशक में देश में विदेशी पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए पर्यटन के व्यापक बुनियादी ढांचे और अन्य पर्यटन सुविधाओं को नई वैश्विक पर्यटन सोच के साथ आकार दिया गया है। पर्यटन बजट में लगातार वृद्धि की गई है। चालू वित्त वर्ष 2023-24 के केंद्रीय बजट में पर्यटन के लिए 2,400 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। पिछले वर्ष की तुलना में यह राशि 18.24 प्रतिशत अधिक है। खास बात यह भी है कि इस वर्ष जी-20 की अध्यक्षता के दौरान जी-20 के कार्यसमूह की 80 से अधिक विभिन्न बैठकों में हिस्सा लेने भारत आए विदेशी मेहमानों को देश के पर्यटक स्थलों का भ्रमण करवाकर भारत के बेजोड़ पर्यटन केंद्रों के वैश्विक प्रचार-प्रसार के अभूतपूर्व मौके का पूरा फायदा सरकार ने उठाया है। इन सबके साथ-साथ मजबूत सरकार और दुनिया भर में बढ़ती हुई आर्थिक और राजनीतिक प्रतिष्ठा के कारण अब भारत में विदेशी पर्यटकों के कदम बढ़ने की नई संभावनाएं दिखाई दे रही हैं।

कुछ अलग

# समय पर न्याय देने का हो प्रयास

भारत के लोकतंत्र के पवित्रतम स्थान संसद ने अपने ऐतिहासिक भवन से नयी इमारत में स्थानांतरण के साथ उस परिवर्तनकारी विषय को रेखांकित किया, जो केंद्र में भाजपा के आने को चिह्नित करता है। पुरानी इमारत का अपना इतिहास, भावना और कहानी है। जैसा कि केंद्रीय मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने कहा, 'यहां तक कि उस इमारत की ईंटों और दीवारों पर भी ब्रिटिश काल से लेकर आजादी के बाद भारत के 15 प्रधानमंत्रियों के कार्यकाल तक की कहानियां और किस्से थे, यह हमेशा अमर रहेगी।' इस स्थान को 'संविधान भवन' का उचित नाम दिया गया है, क्योंकि स्वतंत्र भारत का संविधान यहीं प्रस्तुत किया गया था, उस पर बहस की गयी थी और उसे अपनाया गया था। इस परिवर्तन के साथ हमें मूल वादों पर फिर से विचार करना चाहिए। संविधान की प्रस्तावना में अन्य बातों के साथ-साथ कहा गया है कि हम भारत के लोग, अपने सभी नागरिकों के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय सुनिश्चित करने का गंभीर संकल्प लेते है। इस वर्ष चार अप्रैल को जारी तीसरी भारतीय न्याय रिपोर्ट में बताया गया है कि दिसंबर 2020 तक उच्च न्यायालयों और जिला न्यायालयों में कुल 4.19 करोड़ मामले लंबित थे। इनमें से लगभग 1.90 लाख मामले 30 वर्षों से और 56 लाख मामले 10 वर्षों से अधिक समय से लंबित थे। जेलों में बंद कैदियों में से 77 प्रतिशत विचाराधीन कैदी हैं, जो सुनवाई की प्रतीक्षा में हैं। वर्ष 2021 में 88,725 विचाराधीन कैदियों ने हिरासत में औसतन एक से तीन साल बिताया था, वहीं 24,033 से अधिक विचाराधीन कैदियों ने औसतन पांच साल और 11,049 कैदियों ने औसतन पांच साल से अधिक समय जेलों में काटा था। दो अगस्त, 2022 तक सर्वोच्च न्यायालय में कुल 71,411 (56,365 दीवानी और 15,076 आपराधिक) मामले लंबित थे। यह न्याय न मिलने की चिंताजनक तस्वीर है। इसे कहने का सबसे सरल तरीका है कि 'न्याय में देरी, न्याय न मिलने के बराबर है।' मैग्ना कार्टा की धारा 40 में लिखा है, 'हम किसी को भी न्याय के अधिकार से वंचित नहीं करेंगे या इसमें देरी नहीं करेंगे।' वर्ष 1948 में अपनायी गयी मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा भी न्याय के अधिकार की गारंटी देती है। अत्यधिक देरी के गंभीर दीर्घकालिक परिणाम होते हैं। धीरे-धीरे यह न्याय प्रणाली में विश्वास को खत्म कर देती है। क्रमिक सरकारों ने फास्ट ट्रैक अदालतें, विशेष न्यायाधिकरण, उपभोक्ता अदालतें, लोक अदालत आदि स्थापित करने जैसे कदम उठाये हैं। देरी के कारणों की भी पहचान की गयी है, जैसे सरकार सबसे बड़ी वादी है, अपर्याप्त बजट, जनसंख्या के मुकाबले न्यायाधीशों का कम अनुपात, क्षमता और प्रतिबद्धता की कमी, स्थगन का सामान्य प्रक्रिया बनना, लंबी न्यायिक प्रक्रिया, कार्य संस्कृति आदि। एक विशेष बुनियादी ढांचा निगम, न्याय प्रशासन की निगरानी और प्रशासनिक सुधार करने के लिए एक अलग प्राधिकरण की स्थापना, प्रशासनिक और न्यायिक कार्यों को अलग करना, सरकार के साथ सहयोग और समन्वय आदि जैसे सुझाव दिये गये हैं। हालांकि आम वादी को न्याय अभी भी भ्रामक और अप्राप्य लगता है। किसी ऐसे व्यक्ति से मिलें, जो सुनवाई के लिए पांच साल से अधिक समय से इंतजार कर रहा है, उसके जीवन और स्वतंत्रता पर गंभीर प्रभाव का दर्द चेहरे पर स्पष्ट रूप से दिखेगा। यह कहने की आवश्यकता नहीं है कि इस प्रकार पीड़ित होने वाले बड़ी संख्या में लोग गरीब और कई तरह से वंचित लोग हैं। लेकिन न्याय में देरी कुछ लोगों के लिए आर्थिक रूप से लाभदायक है।

देश दुनीया से

# संसद में छोड़े गये 'पीले रंग' में छिपे 'काले उद्देश्य' का पता लगाना बेहद जरूरी है



केंद्र सरकार इस अधूरी घटना को हल्के में कतई न ले। नहीं, तो पीले रंग में छिपी ये संदेशवाहक घटना कभी भी पूर्ण घटना में तब्दील हो सकती है। इतना सतर्क हो जाना चाहिए कि दुश्मन घात लगाए बैठा है इसलिए अभी से इस तस्वीर को गंभीरता से लेने की आवश्कता है। आरोपियों की बुनी साजिश की जड़ तक घुसना होगा? उनका मकसद दहशत फैलाना मात्र था या कुछ और? फिलहाल ऐसे तमाम सवाल खड़े हो चुके हैं। पर, अव्वल तो इस घटना को घोर लापरवाही और सुरक्षातंत्र की नाकामी ही कहेंगे।

भारतीय संसद के अंदर शायद कुछ बहुत बड़ा होना मुकर्रर था क्योंकि 22 बरस पहले आतंकवादियों द्वारा दिया एक नासूर जख्म जो प्रत्येक 13 दिसबंर की तारीख के दिन याद करके हरा हो जाता है। खैर, गनीमत ये समझें कि संभावित घटना 'पीले रंग' तक ही सीमित रही, वरना कुछ 'काला' भी हो सकता था। 13 तारीख वैसे भी संसदीय परंपरा के लिए 'काली तारीख' ही है। केंद्र सरकार इस अधूरी घटना को हल्के में कतई न ले। नहीं, तो पीले रंग में छिपी ये संदेशवाहक घटना कभी भी पूर्ण घटना में तब्दील हो सकती है। इतना सतर्क हो जाना चाहिए कि दुश्मन घात लगाए बैठा है इसलिए अभी से इस तस्वीर को गंभीरता से लेने की आवश्कता है। आरोपियों की बुनी साजिश की जड़ तक घुसना होगा? उनका मकसद दहशत फैलाना मात्र था या कुछ और? फिलहाल ऐसे तमाम सवाल खड़े हो चुके हैं। पर, अव्वल तो इस घटना को घोर लापरवाही और सुरक्षातंत्र की नाकामी ही कहेंगे। चाकचौबंद सुरक्षा-व्यवस्था से कहां चूक हुई, इसकी भी समीक्षा किए जाने की जरूरत है। बहरहाल, संसद तो नई-नवेली है, जिसे अत्याधुनिक सुरक्षा तकनीकों से लैस बताया जाता है। लेकिन घटना जिस अंदाज में घटी उससे साफ पता चलता है कि साजिश की तासीर कुछ और थी। आरोपी सामान्य हैं या असामान्य प्रवृत्ति के, ये तो जांच के बाद ही पता चल पाएगा। पर, लोग अंदेशा ऐसा भी लगा रहे हैं कि कहीं 22 साल पहले 13 दिसंबर को जो घटना संसद में घटी थी ये उसकी पुनरावृत्ति तो नहीं? या फिर उसका पार्ट-2 की चेतावनी है। इस लापरवाही की जवाबदेही किसकी हो, ये बिना देर किए सुनिश्चित हो। एक थ्योरी ये समझ में नहीं आती कि आखिर शीतकालीन सत्र को चले कई दिन हो चुके हैं। पर, हरकत संसद हमले की बरसी के दिन ही क्यों होती है? अचंभित कर देने वाली बात एक ये भी है कि आरोपियों ने भगत सिंह के स्टाइल को क्यों कॉपी किया? पीला धुंआ फैलाकर, नारे लगाना, तानाशाही से मुक्ति मिले? आखिर ये सब किस ओर इशारा करता है। कौन है घटना के पीछे, उसे सामने लाना ही होगा और आरोपी ने जो तानाशाही से आजादी के नारे लगाए हैं उसके निहितार्थ भी सार्वजनिक होने चाहिए। आरोपियों का हमले की बरसी के दिन 'संसद अटैक-2' का संदेश देना निश्चित रूप से बेचैन करता है। पीले रंग में छिपे काले संदेश को समझा होगा। दुश्मन अंदरूनी है या बाहरी? उन्हें खींचकर बाहर निकालना होगा। प्रतीत ऐसा होता है कि आरोपी सिर्फ मोहरा मात्र हैं। मास्टर माइंड कोई और ही है? जब से नई संसद में सत्र और संसदीय कार्य शुरू हुए हैं। संसद सदस्य अपनी सुरक्षा के प्रति निश्चित और बेखबर हैं। क्योंकि संसद की सुरक्षा सेफ्टी मानकों के लिहाज से अत्याधुनिक बताई जाती है। संसद की एक-एक ईंट और चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा पहरा बिछा हुआ है। खुदा न खास्ता इंसानी सुरक्षा तंत्र से अगर कोई चूक भी हो जाए, तो पूरी बिल्डिंग तीसरी आंख यानी सीसीटीवी कैमरों से लैस है। कोई संदिग्ध क्या, परिंदा भी पर नहीं मार सकता। पर, अब इन मौखिक और कागजी सुरक्षा व्यवस्था पर संसद सदस्यों को एतबार नहीं रहा। क्योंकि उन सभी को धता बताते हुए आरोपी विजिटर बनकर आसानी से भीतर घुस गए और अपने मंसूबों को अंजाम दे दिया। गनीमत ये समझें कि घटना के दौरान आरोपियों के हाथ में सिर्फ 'स्मोक बम' ही थे, अगर असलहा-वगैरह होता तो वो इस्तेमाल भी कर सकते थे। क्योंकि जब वो सुरक्षा तंत्र की आंखों में धूल झोंककर आपत्तिजनक वस्तुएं अंदर ले जा सकते हैं तो बंदूक-बारूद क्यों नहीं? इसलिए घटना को सबसे पहले सुरक्षा चूक ही कहेंगे। जबरदस्त सुरक्षा पहरे को बेवकूफ बनाकर 'स्मोक बम' फेंककर संसद के भीतर आरोपी अफरा-तरफी मचा देते हैं। बकायदा विजिटर बनकर संसद की कार्यवाही देखने पहुंचते हैं। दर्शक दीर्घा में करीब चार-पांच घंटे बिताते हैं और लंच से पहले अचानक छलांग लगाकर सांसदों की कुसियों तक जाते हैं। पीले रंग का 'स्मोक बम' फोड़ देते हैं। 'तानाशाही से आजादी' जैसे नारे लगाते हैं। ये पूरा वाकया तकरीबन चालीस से पैंतालीस मिनट तला। सुरक्षाकर्मियों के पहुंचने से पहले दो सांसद हनुमान बेनीवाल और मलूक नागर हिम्मत दिखाकर उन्हें दबोचते हैं और उन्हें सुरक्षा कर्मियों के हवाले करते हैं। आरोपी मैसूर से भाजपा सांसद प्रताप सिम्हा की सिफारिश पर कार्यवाही देखने पहुंचे। वो झूठ बोल रहा है या सच? ये जानने के लिए उसका नार्को, पॉलीग्राफ और ब्रेन मैपिंग टेस्ट जरूर करवाना चाहिए। अगर कोई गहरी साजिश है भी, जैसा कि कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी दावा कर रहे हैं, तो उसे पता लगाने की दरकार है। संसद में सुबह तक सब कुछ नॉर्मल था। 22 वर्ष पूर्व हुए हमले की बरसी थी जिस पर सभी सांसदों ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी और उसके बाद रोजाना की भांति सत्र की कार्यवाही में हिस्सा लेने जाते हैं। किसी को थोड़ा-सा भी अंदेशा नहीं था कि नई संसद में भी कोई ऐसी भी हरकत कर सकता है।

आप का नजरीया


# समय पर न्याय देने का हो प्रयास

भारत के लोकतंत्र के पवित्रतम स्थान संसद ने अपने ऐतिहासिक भवन से नयी इमारत में स्थानांतरण के साथ उस परिवर्तनकारी विषय को रेखांकित किया, जो केंद्र में भाजपा के आने को चिह्नित करता है। पुरानी इमारत का अपना इतिहास, भावना और कहानी है। जैसा कि केंद्रीय मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने कहा, 'यहां तक कि उस इमारत की ईंटों और दीवारों पर भी ब्रिटिश काल से लेकर आजादी के बाद भारत के 15 प्रधानमंत्रियों के कार्यकाल तक की कहानियां और किस्से थे, यह हमेशा अमर रहेगी।' इस स्थान को 'संविधान भवन' का उचित नाम दिया गया है, क्योंकि स्वतंत्र भारत का संविधान यहीं प्रस्तुत किया गया था, उस पर बहस की गयी थी और उसे अपनाया गया था। इस परिवर्तन के साथ हमें मूल वादों पर फिर से विचार करना चाहिए। संविधान की प्रस्तावना में अन्य बातों के साथ-साथ कहा गया है कि हम भारत के लोग, अपने सभी नागरिकों के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय सुनिश्चित करने का गंभीर संकल्प लेते है। इस वर्ष चार अप्रैल को जारी तीसरी भारतीय न्याय रिपोर्ट में बताया गया है कि दिसंबर 2020 तक उच्च न्यायालयों और जिला न्यायालयों में कुल 4.19 करोड़ मामले लंबित थे। इनमें से लगभग 1.90 लाख मामले 30 वर्षों से और 56 लाख मामले 10 वर्षों से अधिक समय से लंबित थे। जेलों में बंद कैदियों में से 77 प्रतिशत विचाराधीन कैदी हैं, जो सुनवाई की प्रतीक्षा में हैं। वर्ष 2021 में 88,725 विचाराधीन कैदियों ने हिरासत में औसतन एक से तीन साल बिताया था, वहीं 24,033 से अधिक विचाराधीन कैदियों ने औसतन पांच साल और 11,049 कैदियों ने औसतन पांच साल से अधिक समय जेलों में काटा था। दो अगस्त, 2022 तक सर्वोच्च न्यायालय में कुल 71,411 (56,365 दीवानी और 15,076 आपराधिक) मामले लंबित थे। यह न्याय न मिलने की चिंताजनक तस्वीर है। इसे कहने का सबसे सरल तरीका है कि 'न्याय में देरी, न्याय न मिलने के बराबर है।' मैग्ना कार्टा की धारा 40 में लिखा है, 'हम किसी को भी न्याय के अधिकार से वंचित नहीं करेंगे या इसमें देरी नहीं करेंगे।' वर्ष 1948 में अपनायी गयी मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा भी न्याय के अधिकार की गारंटी देती है। अत्यधिक देरी के गंभीर दीर्घकालिक परिणाम होते हैं। धीरे-धीरे यह न्याय प्रणाली में विश्वास को खत्म कर देती है। क्रमिक सरकारों ने फास्ट ट्रैक अदालतें, विशेष न्यायाधिकरण, उपभोक्ता अदालतें, लोक अदालत आदि स्थापित करने जैसे कदम उठाये हैं। देरी के कारणों की भी पहचान की गयी है, जैसे सरकार सबसे बड़ी वादी है, अपर्याप्त बजट, जनसंख्या के मुकाबले न्यायाधीशों का कम अनुपात, क्षमता और प्रतिबद्धता की कमी, स्थगन का सामान्य प्रक्रिया बनना, लंबी न्यायिक प्रक्रिया, कार्य संस्कृति आदि। एक विशेष बुनियादी ढांचा निगम, न्याय प्रशासन की निगरानी और प्रशासनिक सुधार करने के लिए एक अलग प्राधिकरण की स्थापना, प्रशासनिक और न्यायिक कार्यों को अलग करना, सरकार के साथ सहयोग और समन्वय आदि जैसे सुझाव दिये गये हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### खुले में कचरा नहीं फेंके : राजीव रंजन

**लातेहार :** नगर प्रशासक राजीव रंजन ने नगर वासियों से खुले में कचरा नहीं फेंकने की अपील की है। उन्होंने नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाने में नगर पंचायत को सहयोग करने को कहा है, राजीव रंजन ने कहा कि नगर पंचायत कर्मी सभी वार्डो में डोर टू डोर कचरा उठाने जाते हैं। लोग निर्धारित जगहों पर ही कचरा फेंके, ताकि नगर पंचायत कर्मियों को कचरा उठाने में सहुलियत हो। कहा कि वाहन कम होने के कारण वार्ड के अंदर की गलियों में वाहन नहीं जा पा रहा है। उन्होंने कहा कि वाहन उपलब्ध कराने के लिए विभाग से पत्राचार किया गया है, शीघ्र ही शहर के हर वार्ड के सभी गलियों में वाहन प्रवेश करेंगे।

### शिबला होम्योपैथिक औषधालय में किया गया शिविर का आयोजन

**बारियातू :** प्रखंड के शिबला पंचायत भवन स्थित होम्योपैथिक औषधालय भवन परिसर में डॉक्टर नौशाद आलम द्वारा शिविर लगाकर कई ग्रामीणों को स्वास्थ्य जांच किया गया। जांच के क्रम में विभिन्न रोगियों को ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर सहित अन्य सामान्य रोगों की जांच की गई। उपचार के क्रम में डॉक्टर नौशाद ने सभी को नियमित समय पर भोजन और दवा लेने का परामर्श दिया, वहीं सिबला, मकरा, भाटचतरा सहित अन्य कई गांव के रोगी पहुंचे जिन्हे निशुल्क जाँच व दवा उपलब्ध किया गया। मौके पर ग्रामीण के अलावे आसपास के कई स्वास्थ्य सहिया भी मौजूद थे।

### समावेशी शिक्षा के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों का वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**लोहरदगा :** जिले में समावेशी शिक्षा के अंतर्गत प्रखंड स्तरीय दिव्यांग बच्चों का वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन कस्तूरबा मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय बालिका, लोहरदगा के प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, लोहरदगा श्री राम जीवन नायक के द्वारा किया गया। श्री नायक ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि उक्त खेलकूद प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ शिक्षेकेत्तर गतिविधियों में भी पारंगत करना और उन्हें शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़े रखता है। उक्त खेलकूद प्रतियोगिता में प्रखंड लोहरदगा के विभिन्न विद्यालयों के दिव्यांग बच्चों ने भाग लिए। जिसमें 50 मीटर दौड़, रंगोली प्रतियोगिता, कविता प्रतियोगिता, गीत प्रतियोगिता, कुर्सी रेस, बैलून फुलाव, माला बनाओ, बादाम छीलो, पेंटिंग प्रतियोगिता, सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता आदि का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया।

# पीएम मोदी का है गारंटी, भारत जल्द ही बनेगा शक्तिशाली राष्ट्र : सांसद सुनील कुमार सिंह




प्रभात मंत्र संवाददाता

चतरा : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी है कि आने वाले समय में भारत शीघ्र ही शक्तिशाली देश में शामिल हो जाएगा। सांसद सुनील कुमार सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गांव के अंतिम छोर में व्यक्तियों और परिवारों तक सीधे विकास की योजनाएं पहुंच रही है। महिला, युवा, किसान, बुजुर्ग एवं बेरोजगार युवाओं को जीवन जीने का नया आधार भी मिल रहा है।सांसद सुनील कुमार सिंह ने चतरा जिले के मयूरहड प्रखंड में विकसित भारत संकल्प यात्रा का फीता काटकर उद्घाटन भी किया। इस मौके पर उज्जवला योजना के तहत महिलाओं के बीच रसोई गैस सिलेंडर का वितरण, बुजुर्गो को सम्मान, गोद भराई जैसे कई कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। पूरे क्षेत्र से बड़ी संख्या में आम लोगों की उपस्थिति भी रही। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी योजना के तहत हर घर में नल के माध्यम से पानी पहुंचाना, प्रत्येक घर में शौचालय, सभी गरीबों को पक्का घर, गरीबों को मुफ्त में अनाज, आयुष्मान योजना के तहत मुफ्त में इलाज, महिलाओं के लिए रसोई गैस, बेरोजगार युवाओं के लिए मुद्रा योजन के तहत लोन उपलब्ध कराना और गांव की महिलाओं को सुदृढ़ समृद्ध बनाने के लिए रोजगार परक प्रशिक्षण, किसानों के लिए किसान सम्मान निधि योजना के तहत लाभ जैसी कई योजनाएं पूरे देश में चलाया जा रहा है। सांसद ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले नौ वर्षो में देश में विकास का एक नया अध्याय जुड़ा है और आने वाले समय में देश प्रगति के अपनी तेज रफ्तार से चलेगा और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के साथ-साथ आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक उत्थान की ओर तीव्र गति से अग्रसर होगा।विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत चतरा संसदीय क्षेत्र के चतरा जिला अंतर्गत मयुरहंड प्रखण्ड के हुसिया पंचायत में ग्रामीणों को बीच प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 9 साल से चलाये जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी विस्तारपूर्वक दिया। इस कार्यक्रम में मयुरहंड प्रमुख संजय सिंह, मयुरहंड प्रतिनिधि पिंटू सिंह, भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता बब्लू सिंह, सांसद प्रतिनिधि राकेश झा, मुखिया सुश्री उर्मिला, किसान मोर्चा अध्यक्ष शुभम सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष अभिषेक केशरी, जिला प्रतिनिधि निर्भय जी, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष सिमरिया अंकित सिंह, सिमरिया प्रतिनिधि महेंद्र सिंह जी, चतरा एसडीओ, मयुरहंड, बीडीओ, बीएलओ, बीपीओ सहित सैकड़ों ग्रमीण भाई बहन उपस्थित रहे।

# साईबर अपराधी गिरफ्तार भेजा गया जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन से मिली गुप्त सूचना के आधार पर बिहार निवासी साईबर अपराधी ऋषिकेश कुमार पंकज को बरवाडीह से गिरफ्तार कर बरवाडीह पुलिस ने जेल भेज दिया है। इस संबंध में शनिवार को थाना परिसर में जिले के कप्तान के निर्देश पर एसडीओपी दिलु लोहार के अगुवाई में प्रेस वार्ता की गई। वार्ता के दौरान डीएसपी ने बताया कि जिले के कप्तान से सूचना मिली कि कुछ साईबर अपराधी बरवाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत रहकर साईबर क्राईम कर रहे हैं, जिनके विरुद्ध NCCRP portal 1930 पर शिकायत दर्ज हुई कि तामिलनाडु के एक व्यक्ति से DHANI APP से लोन दिलाने के नाम पर ठगी हुई है। जिसे लेकर टीम गठित कर साईबर ठगों के विरुद्ध छापेमारी किया गया जिसमें रेलवे क्वार्टर नम्बर 157/सी रेलवे कर्मचारी विवेक कुमार के घर सघन छापेमारी किया गया इस क्रम में पुछताछ करने पर बताया गया कि मेरे घर मेरा भाई ऋषिकेश कुमार पंकज उम्र 31 वर्ष करीब पिता स्वर्गीय सुखदेव राम ग्राम लुटौत पोस्ट छठीयारा थाना करडे जिला शेखपुरा बिहार मेरे बेटे के जन्मदिन पर आये हुए हैं। जिसके बाद ऋषिकेश कुमार से पुछताछ करने पर पता चला कि यह साईबर ठगी इनके द्वारा ही की गई है। डीएसपी ने बताया कि यह एक साईबर गिरोह से जुड़ा हुआ था जिस गिरोह का मुख्य काम फेसबुक पर धानी ऐप्स के माध्यम से लोन देने के लिए ऐड देते थे और जो उस ऐड पर क्लिक करता था उसको ये लोग अपना शिकार बनाते थे,और प्रोसेसिंग फीस इंस्योरेंस चार्ज लेट फाईन का बहाना बनाकर लोगों से पैसे डलवाते थे।इस संबंध में 1930 पर ऑनलाइन शिकायत के आधार पर थाना कांड संख्या 96/23 धारा 419, 420/34 एवं 66 (C)/66 (D) आईटी एक्ट दर्ज कर कांड में संलिप्त और लोगों के विरुद्ध छापेमारी किया जा रहा है। मौके पर थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह ने कहा कि कोई भी व्यक्ति का साईबर ठगी होता है तो वह तत्काल 1930 डायल कर शिकायत दर्ज कराएं तत्काल उसपर कार्रवाई होगी और वह साईबर अपराधी किसी भी हाल में बच नहीं पाएंगे। वहीं छापेमारी दल में डीएसपी, थाना प्रभारी के साथ पुअनि रवि कुमार आरक्षी अनिल कुमार, हरि प्रजापति, शंभू सिंह रामाधार यादव, बसंत कुमार मेहता, रितेश कुमार समेत सशस्त्र बल शामिल रहे।

# मंडल सशक्तिकरण अभियान को लेकर भाजयुमो ने की बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** कुन्दा मण्डल भाजपा युवा मोर्चा के द्वारा मण्डल कार्यसमिति एवं मण्डल सशक्तिकरण अभियान को लेकर एक बैठक अंबेडकर चौक स्थित महावीर मंदिर परिसर में किया गया। जिसकी अध्यक्षता मण्डल संयोजक घनश्याम यादव ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मंडल प्रभारी सह जिला मंत्री पवन सिंह एवं भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि जितेन्द्र कुमार यादव उपस्थित हुए। बैठक में मण्डल सशक्तिकरण एवं मेरा बूथ सबसे मजबूत के विषय पर चर्चा हुई एवं आगामी लोकसभा चुनाव में मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लिया गया। बैठक में महेंद्र ठाकुर, अजय यादव, रविन्द्र भारती, धर्मेद्र कुमार एवं दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर हेलीपैड तथा कार्यक्रम स्थल का किया गया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप द्वारा शनिवार को कार्यक्रम स्थल एवं हेलीपैड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में उप विकास आयुक्त ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर राजहरा हेलीपैड, कार्यक्रम स्थल जिला खेल स्टेडियम में उपलब्ध सुविधाओं एवं स्टेडियम को कार्यक्रम के लिए तैयार करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान उप विकास आयुक्त ने कार्यक्रम हेतु टेंट अधिष्ठापन, मंच निर्माण, लोगों के बैठने की व्यवस्था, साउंड सिस्टम, पार्किंग, यातायात व्यवस्था, पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक बिंदुओं पर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। मौके पर निदेशक डीआरडीए प्रभात रंजन चौधरी, सामान्य शाखा प्रभारी सुजीत सिंह, कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण कमलेश कुमार मौजूद थे।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने छात्रों के बीच वाद-विवाद प्रतियोगिता का किया आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के निर्देशानुसार शनिवार को पीएलवी संजय चौधरी के नेतृत्व में कस्तूरबा विद्यालय के छात्राओं के बीच वाद-विवाद, निबंध-लेखन व पर्यावरण आधारित पेंटिंग विषय पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में 12 वीं कक्षा की कविता कुमारी, संवाद लेखन में खुशबू कुमारी व चित्रकला पेंटिंग प्रतियोगिता में 10 वीं कक्षा की संगीता कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त की।वही प्रथम स्थान से अवल छात्राओं को मेंडल देकर सम्मानित किया गया।इसके साथ ही छात्राओं को पोक्सो एक्ट, घरेलू हिंसा, बाल-विवाह समेत विभिन्न प्रकार के कानूनी जानकारी दी गई। मौके पर वार्डेन इंदु भारती, नूतन मरियम कच्छप, शिक्षक अनिल कुमार, पवन कुमार, समेत विद्यालय की छात्राएं उपस्थित रही।

# छिपादोहर में भाजपा युवा मोर्चा मंडल कमेटी का गठन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** मनिका विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत छिपादोहर मंडल में शनिवार को भाजयुमो जिलाध्यक्ष छोटू राजा के नेतृत्व में भाजयुमो मंडल कमेटी का गठन किया गया जिसमें भाजयुमो अध्यक्ष के रूप में बृजमोहन सिंह उपाध्यक्ष इन्द्रनाथ सिंह, राजेन्द्र सिंह, महामंत्री पवन कुमार गुप्ता,चन्द्रदीप सिंह और मंत्री के रूप में आयुष कुमार, जितेन्द्र यादव को किया गया। कमेटी गठन के संबंध में मंडल अध्यक्ष मुन्द्रिका सिंह ने बताया कि पूर्व में भाजयुमो अध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह को बनाया गया था जो उनके इस्तीफे पर संगठन का कार्य प्रभावित हो रहा था इसलिए भाजयुमो का गठन किया गया। मौके पर मंडल महामंत्री मुन्ना गुप्ता, उपाध्यक्ष सुमंत यादव, जिला मंत्री अजय प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि अजय सोनी, मदन सिंह, समेत कई लोग मौजूद रहे।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में हर्षोल्लास के साथ विजय दिवस मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शनिवार को वंदना सभा में विजय दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बतौर मुख्य अतिथि थाना प्रभारी मुकेश चौधरी, प्रधानाचार्य जितेन्द्र राम एवं आचार्य शशि कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती ,ओउम्, एवं भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ किया। इसके पश्चात प्रधानाचार्य राम ने थाना प्रभारी चौधरी को अंग वस्त्र से सम्मानित किया। वहीं बहनों ने स्वागत गीत एवं भजन के साथ उपस्थित अतिथियों को स्वागत किया। जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य राम ने कहा कि हर वर्ष मुख्य अतिथि चौधरी ने राष्ट्र सेवा को सर्वोच्च स्थान देते हुए उपस्थित भैया/ बहनों को राष्ट्रीयता, राष्ट्रवाद की सीख दी। और आगे कहा कि आप सभी भी पढ़कर एक उच्च अधिकारी बनकर अपने माता-पिता एवं अपने विद्यालय का नाम रोशन करें। उन्होंने कक्षा चतुर्थ की बहन सुधा कुमारी को जन्मदिन की अवसर पर अंग वस्त्र प्रदान किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में आचार्य नीतीश कुमार, बसंत कुमार, आचार्या खुशबू कुमारी, मधुबाला कुमारी, सपना कुमारी का सराहनीय योगदान रहा।

**प्रधानाचार्य राम ने कहा कि हर वर्ष मुख्य अतिथि चौधरी ने राष्ट्र सेवा को सर्वोच्च स्थान देते हुए उपस्थित भैया/ बहनों को राष्ट्रीयता, राष्ट्रवाद की सीख दी।**

# सीआरपीएफ के द्वारा स्कूली बच्चों के बीच बैग पेंसिल, ड्रोइंग बुक सामग्री का किया गया वितरण

**➲गांव के जरूरतमंदो को दिया गया मच्छरदानी, बच्चों व ग्रामीणों ने सीआरपीएफ पर जताया आभार**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** पुलिस महानिरीक्षक केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल झारखण्ड सेक्टर के निर्देश पर 22 वीं वाहिनी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के तत्वावधान में शनिवार को टंडवा के अति संवेदनशील ईलाके में सिविल एक्सन प्रोग्राम के तहत आस-पास के गाँव के जरूरतमन्द ग्रामवासियो के बच्चो को स्कूल से सम्बन्धित सामग्री वितरण किया गया। उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय विरुवा माण्डर के स्कूल प्रागण में कार्यक्रम आयोजित कर हजारीबाग 22 वी वाहिनी, केन्द्रीय पुलिस बल के कमाण्डेन्ट मोहित कपूर के अध्यक्षता में सैकडों स्कूल के छात्र छात्राओं को स्कूल बैग, पेंसिल, ड्रोइंग बुक, इरेजर, नोट बुक स्कैच पेन सहित अन्य सामग्री का वितरण किया गया। स्कूली सामग्री मिलने के बाद बच्चों बहुत प्रशन्न हुए ओर सीआरपीएफ जवानों के प्रति आभार जताया। वही गांव के जरूरतमंद लोगों के बीच में मच्छरदानी का वितरण किया गया। इस मौके पर 22वीं वाहिनी के0रि0पु0बल के मनमोहन ठाकुर, कम्पनी कमाण्डर डी/22 निरी0 सुशील कुमार, निरी0 अनुज कुमार शर्मा एवं जवानों के साथ स्कूल प्राचार्य, ग्रामीणों मौजूद थे।

# सरस्वती शिशु मंदिर में विजय दिवस समारोह का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विधा मंदिर लातेहार के प्रांगण में 16 दिसंबर को विजय दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केरिपुबल 214 बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी रणधीर कुमार झा के द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। तत्पश्चात् इनके द्वारा हरिवंशराय बच्चन द्वारा रचित कविता अग्निपथ के माध्यम से व्याख्या करते हुए सभी भारतीयों को सदा आगे बढ़ते रहने एवं देश को सेवा करने की भावना जागृत किये। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य राजबल्लम शर्मा एवं विद्यालय के सह-सचिव कृष्णकान्त दुबे तथा विधालय के सभी आचार्य एवं दीदी जी उपस्थित थे। कार्यक्रम में विधालय के भैया-बहनों द्वारा मनमोहक एवं रंगा रंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जो काफी सराहनीय एवं प्रशंसनीय रहा। अन्त में विधालय के प्रधानाचार्य द्वारा धन्यवाद ज्ञापन तथा प्रेरणादायी एवं सेवा भाव पर प्रकाश डालते हुए रामधारी सिंह दिनकर की कविता प्रस्तुत कर कार्यक्रम समापन किया गया।

# सड़क किनारे भारी वाहनों के खड़ा रहने से दुर्घटना होना तय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जिले के कई मुख्य सड़क किनारे कोल वाहनों के खड़ा रहने से हो रही हैं दुर्घटना। दुर्घटना में कई लोगों को जा रहा है जान। परिवहन विभाग के उदासीनता के कारण यमराज रूपी बेलगाम हाईवा के मनमानी से घटना का आमंत्रण देने का आरोप। जिला परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा नियमो का अनुपालन कराने में विफलता से घटना घटने का आरोप। सड़क के छोर पर वाहनों के खड़ा रहने से बाइक चालक वाहन पासिंग के दौरान नियंत्रित से होती है टक्कर। चतरा दुर्गा सोरेन सेना के प्रवक्ता राजकिशोर कमल ने सड़क किनारे कोल वाहनों को ब्लैकलिस्ट कर उपायुक्त से तत्काल कार्रवाई का किया मांग।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में जरूरतमंदों को नहीं मिल पाया सरकारी कंबल

# उप मुखिया ने निजी खर्चे से जरूरतमंदों के बीच किया कंबल का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड के बानासाडी पंचायत में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में जरूरतमंदों को सरकारी कंबल नसीब तक नहीं हुआ। जिसे लेकर जरूरतमंद लोगों ने कड़ाके के ठंड को लेकर स्थानीय प्रशासन से भी गुहार लगाई और कंबल का मांग किया लेकिन उन्हें नही मिल सका। कड़ाके की ठंड को देखते हुए स्थानीय उपमुखिया मनीष कुमार सिंह ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को मामले से अवगत कराए लेकिन उन्होंने आवंटन के अनुशार कंबल स्थानीय मुखिया को 150 की संख्या में उपलब्ध करा देने का बात कही। इसी बीच उन्होंने पत्रकारों को सवालों पर कहा की आप विशेष जानकारी स्थानीय मुखिया से ले लीजिए उन्हें 150 कंबल उपलब्ध करा दी गई है। साथ हीं उन्होंने कहा कि जरूरत मंद अधिक संख्या में रहते है सभी को मिल पाना संभव नहीं है। मौजूद जरूरत मंदो के कंबल नही मिल पाने के कारण स्थानीय उपमुखिया मनीष कुमार ने निजी खर्च से 20 लोगो के बीच कंबल का वितरण किया है। साथ ही उन्होंने कहा है कि यदि कोई जरूरतमंद छूट जाते हैं तो आप हमसे संपर्क करें मैं उनके सेवा में हमेशा तत्पर रहूंगा। मालूम हो की प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में कुछ चंद लोगो को कंबल वितरण कर सिर्फ खाना पूर्ति किया जा रहा है और अंत में कुछ जनप्रतिनिधि लोग अपने चहेते को देकर खाना पूर्ति कर रहे हैं और जिसे जरूरत है वैसे लोगों को नसीब तक नहीं हो पा रहा है। जरूरतमंदों के बीच कंबल नहीं पहुंच पाने से गरीब असहाय महसूस कर रहें है। वहीं लोग प्रखंड विकास पदाधिकारी के प्रति नाराजगी जताई है। आपको बता दें कि वर्तमान परिस्थिति में कम्बल सरकारी लेकिन कम्बल देते फोटो अपना खिंचवाने में मस्त है। सहायता के नाम पर लोग हमेशा केवल फोटो सॉप के तरह काम करने में लगे है। यदि किसी के साथ फोटो हीं खिंचवाने की शौक है तो गरीब मजलूम को 10 ,20,50 कम्बल देकर फोटो खिंचवाते तो यह सार्थक होता।

# आंगनबाड़ी केंद्र मे नन्हें मुन्ने बच्चों के बीच स्वेटर का किया गया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखण्ड क अंतर्गत टोंटी पंचायत हेसला ग्राम स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या-2 व इटके ग्राम के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 02 में ठंढ को देखते हुए शनिवार को नन्हें-मुन्ने बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया गया।स्वेटर वितरण का कार्य पंचायत के मुखिया शांति देवी, उप मुखिया जितेंद्र साव, वार्ड सदस्य रिजवान खातुन, काशिनाथ उरांव, मौलाना मुर्शिद नदवी, समाज सेवी निलु सिंह, सेविका शक्लमणी देवी, नन्दनी देवी, सहायका रोकशाना खातुन सरोज मसोमात ने संयुक्त रूप से आंगनबाड़ी केन्द्र के पोषक क्षेत्र के नन्हें मुन्ने बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया गया। इस अवसर पर उप मुखिया साव ने बच्चों को उज्वल भविष्य का कामना करते हुए कहा कि सरकार द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र में बच्चों को बुनियादी शिक्षा दी जाती है और केन्द्र की सेविकाओं के माध्यम से शिक्षा के अलावा गर्भवती, धात्री महिलाओं को गृह भ्रमण कर पूरक पोषाहार लेने और खान पान के बारे में विशेष जानकारी के साथ ही साथ केंद्र में वितरण किए जाने वालें पोषाहार का जायजा भी लिया। पोषक क्षेत्र के लोगों ने आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन नियमित रूप से होने की बात बताया। आंगनबाड़ी केन्द्र की सेविका देवी ने बताया कि ठंड को देखते हुए संबंधित विभाग के द्वारा स्वेटर उपलब्ध कराया गया था जिसे आज पंचायत प्रतिनिधियों के हाथों वितरण कराया गया। मौके पे संगिता देवी, पुनम देवी, आशा देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

# नशीले पदार्थो की बिक्री विद्यालय के दायरे से दूर होना चाहिए-रूचि कुजूर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** रूचि कुजूर सदस्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग झारखण्ड सरकार ने जिला का भ्रमण किया इस सम्बन्ध में परिसदन भवन में बाल संरक्षण और अधिकार से सम्बंधित बिभिन्न पदाधिकारी के साथ बैठक किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी उपेंद्र नारायण, नागेश्वर सिंह बी ई ओ, सुमितेश कुमार सहायक आयुक्त उत्पाद, संजय कु तिवारी ए पी एम, रविकांत पांडेय श्रम विभाग, राकेश कु सिंह एल पी ओ, बाल मित्र थाना से पुलिस अवर निरीक्षक अजीत कुमार, पूर्णिमा कुमारी, मनीषा टोप्पो, संजय कुमार, जीत मोहन महतो,प्रेम सांगा, जिला बाल कल्याण समिति मुन्ना सिंह, भारती नयन, कविता सिन्हा, संगीता कुमारी, दीपनारायण चौधरी पी ओ आई सी, इत्यादि उपस्थित थे। शिक्षा बिभाग से शिक्षा के अधिकार, स्कूल वैन के ड्राइवर और खालासी का चरित्र प्रमाण पत्र, जगह से ज्यादा बच्चा बैठना, इत्यादि बाल श्रम, बाल पलायन रोकना इत्यादि, विद्यालय और शिक्षण सस्था के सौ मीटर के दायरे में न हो नशीला पदार्थ की बिक्री, शराब दुकान में नाबालिक का शराब खरीद पर पाबन्दी, वाइन शॉप में सी सी टीवी सर्वाइलेंस, बाल मित्र थाना में बच्चों की अनुसार सुविधाएं इत्यादि पर दिशा निर्देश दिया गया।

# झारखंड ओलंपियाड परीक्षा 17 से 23 दिसंबर तक आयोजित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार, रांची द्वारा ओलम्पियाड - 2023 एवं SA-1 2023-24 परीक्षा का आयोजन 17 से 23 दिसंबर तक किया जा रहा है। इस संबंध में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक हिन्दू +2 उच्च विद्यालय के सभागार में की गई। परीक्षा को कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण ढंग से ससमय पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी ममता लकड़ा, जिला शिक्षा पदाधिकारी उपेन्द्र नारायण, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी दीपक कुमार एवं एडीपीओ सुनीला लकड़ा मौजूद थे।

# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में 748 आवेदन अबुआ आवास योजना का आया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बरही प्रखण्ड के मलकोक पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि बरही विधायक उमाशंकर अकेला, जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, विस विधायक प्रतिनिधि छट्ठू गोप, पूर्व ज़िप सद्स्य प्रतिनिधि कयूम अंसारी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मन्नान वारसी, बीडीओ सीआर इंदवार, सीओ रामनारायण खलखो, मुखिया संघ के अध्यक्ष विजय यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन मुखिया विजय यादव ने किया। दरबार में सरकार की ओर से विभिन्न विभाग के दर्जनों स्टॉल लगाए गए। जिसमें कुल मामले 2462 आया। जिनमें स्वीकृत 1401 की गई।वहीं लंबित1061मामले रहे। अबुआ आवास का 748 आवेदन आये। मौके पर विधायक एवं जिप उपाध्यक्ष ने साड़ी धोती और कंबल का वितरण किया। वहीं उन्होंने कहा कि शिविर में आए लोग इस कार्यक्रम में संबंधित विभाग के अधिकारियों से जानकारी लेकर लाभ उठाए। अबूआ आवास के लेने के लिए भीड़ उमड़ी, जबकि अन्य स्टॉल पर फरियादियों की संख्या बहुत कम, नया राशन कार्ड नहीं बनने के कारण कई लाभुक आवेदन के बिना ही निराश होकर लौट गए। शिविर में बीपीएम दीपक कुमार, बीटीएम राकेश कुमार, बीसीओ संजय यादव, आदि सहित अन्य प्रखण्ड सह अंचल कर्मी मौजूद थे।

# ग्रामीण हाट-बाजारों में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर ग्रामीणों को किया जा रहा है जागरूक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सभी पंचायतों में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर लगाये जा रहे हैं। इन शिविरों को लेकर ग्रामीणों का उत्साह देखते ही बन रहा है। बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सहभागिता इन शिविरों में हो रही है। अभियान को लेकर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इस क्रम में निबंधित नुक्कड़ नाटक की टीम विभाग द्वारा निर्धारित प्रखंडों के प्रमुख चौराहा, बाजार हाट एवं खासकर सुदूरवर्ती पंचायत क्षेत्र में लोगों को स्थानीय भाषा में जागरुकता संदेश देकर शिविर में भागीदारी करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता अभियान में महिला उत्प्रेरण केन्द्र, वनांचल सांस्कृतिक दल, हो एंटरटेनमेंट, लोकमित्र कलादल, युवा विकास केंद्र, सुधीर दास एण्ड टीम, आधार आजीविका सखी मंडल, एमडी ग्रुप आफ थिएटर कलादल, तरंग ग्रुप, सम्राट दल, अनुकृति नाट्य कला दल की टीम कार्य कर रही है। कला दल की टीम बाजार हाट, दूरदराज गांवों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक कर रही है। साथ ही लोगों को अपने-अपने पंचायत में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में भागीदारी के लिए प्रेरित कर रही है। परंपरागत नाट्य मंचन के द्वारा कलादल की टीम ने 24 नवंबर से 26 दिसंबर तक हजारीबाग जिला अंतर्गत 250 पंचायत एवं नगर निकाय क्षेत्र में लोगों को सरकार के फोकस एरिया स्कीम जैसे अबुआ आवास योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप योजना, जाति, आय,जन्म मृत्यु, दिव्यांग प्रमाण पत्र, राजस्व से जुड़े मामलों, आयुष्मान कार्ड, सामुदायिक और वन पट्टा एवं पंचायत स्तर पर संचालित विभिन्न सामाजिक आर्थिक योजनाओं के लिए लोगों को जागरूक कर रही है।

# जेजेए के पदाधिकारियों ने बरही एसडीओ व डीएसपी को सौप ज्ञापन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** झारखण्ड जर्नलिस्ट एसोसिएशन जेजेए की बरही अनुमंडल इकाई ने शनिवार को बरही एसडीओ व डीएसपी को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में जेजेए से निष्कासित अमरकांत सिंह राँची, सियाराम वर्मा गढ़वा, सन्तोष श्रीवास्तव मेदिनीनगर, मनीष कुमार झा गोविंदपुर धनबाद, प्रदीप कुमार चौबे भवनाथपुर गढ़वा, मो नौशाद चतरा, जीतेन्द्र सिंह टंडवा व रुस्तम मिंया झरिया धनबाद का नाम का उल्लेख है। ज्ञापन में कहा गया है कि उपरोक्त निष्कासित लोग जेजेए संगठन के नाम का इस्तेमाल कर आर्थिक अनियमितता कर रहे है। यदि उक्त लोग जेजए के नाम पर अधिकारियों के समक्ष अपना परिचय देते है तो उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाए। जेजेए झारखण्ड राज्य का एक निबंधित संस्था है, राष्ट्रीय स्तर के भारत श्रमजीवी पत्रकार संघ से सम्बद्ध प्राप्त है। जेजेए के नाम का अनाधिकृत रूप से इस्तमाल करना गैर कानूनी है। ज्ञापन देने प्रतिनिधि मंडल में जेजेए के प्रदेश सचिव जावेद इस्लाम, पत्रकार अनुज सोनी, सुरेंद्र निषाद, जयदीप सिन्हा व शोएब अख्तर शामिल थे।

# चंदौल गांव में जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** प्रखंड में पड़ रही कड़ाके की ठंड को देखते हुए ग्राम पंचायत चंदौल के वार्ड नं 4 में पंचायत के उप मुखिया शमशेर अंसारी के नेतृत्व में वृद्ध महिला, पुरुष व जरूरतमंद लोगों के बीच कम्बल का वितरण किया गया। कैली देवी, शान्ति देवी, पार्वती मसोमत, इसाक इराकी, मोहम्मद इस्लाम, फातमा खातून, अन्य लोगों को कंबल दिया गया। मौके पर पंचायत के समाजसेवी बिनोद यादव, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि सुरेश चौधरी, राहुल पासवान, पूर्व वार्ड सदस्य कोरेशा खातून, मोहम्मद हफीज, मोहम्मद अतामुल, पुंदौल अंजुमन के सदर मोहम्मद नौशाद, सेक्रेटरी मुहम्मद कलाम व अन्य ग्रामीण उपास्थित थे।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मनाया प्रहार दिवस

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :**16 दिसंबर को पूरे देश में विजय दिवस मनाया जाता है। इसी दिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की और से 'प्रहार दिवस' के रूप में मनाया जाता है। शिवा जी तरुण वयवसायी शाखा बरही के स्वयंसेवक द्वारा प्रहार लगाया गया। बताया जाता है की 16 दिसंबर 1971 को भारत और पाकिस्तान के बीच हुए युद्ध की समाप्ति हुई थी और भारत को ऐतिहासिक जीत हासिल हुई थी। जबकि पाकिस्तान को 93 हजार सैनिकों के साथ आत्मसमर्पण करना पड़ा था। विजय दिवस के रूप में उन सैनिकों को याद किया जाता है, जिन्होंने देश की रक्षा के लिए अपना बलिदान दिया था, तो वहीं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तरफ से दंड प्रहार कर सैनिकों को श्रद्धांजली दी जाती है और दंड प्रहार से यह साबित किया जाता है कि हम किसी भी चुनौती के लिए तैयार हैं। दंड प्रहार लगाने वाले में प्रभु राणा 1011प्रहार, गुरुदेव गुप्ता 838, राजकुमार यादव 722, नंदकिशोर कुमार 600, कैलाश ठाकुर 225, प्रदीप चंद्रवंशी 225, त्रिवेणी साव 200, सुभाष प्रसाद 200, अनिल केशरी 200, अरुण कुमार 200, लोकेश कुमार 200, कैलाश साव 75, महादेव यादव 50, रंजीत केशरी 25, दीपक गुप्ता 20 प्रहार लगाया गया।

# डेंटल कॉलेज एवं श्रीनिवास अस्पताल द्वारा मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल एवं श्रीनिवास अस्पताल ने बीजीआर माइनिंग कंपनी के सहयोग से पांडु पंचायत भवन में शनिवार को निशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों का दांत,नेत्र ,रक्त एवं वील एज़ गाइनिक जांच किया गया। जिसमें 216 ग्रामीणों ने अपना स्वास्थ्य जांच कराया। इस दौरान ग्रामीणों ने चिकित्सकों से निशुल्क उत्तम स्वास्थ्य संबंधित परामर्श भी प्राप्त किया।इस आयोजन में बीजीआर माइनिंग कंपनी के अधिकारियों ने अपना सरहानीय योगदान दिया। शिविर का नेतृत्व सार्वजनिक स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग के डॉ. निशाद गवली एवं डॉ. सौम्या राज ने किया। विभिन्न बीमारियों एवं उनके उपचार पर आवश्यक सलाह दी। वहीं चिकित्सकों ने मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं शिक्षा कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने शिविर में बुनियादी उपचार की काफी सरहाना की। मौके पर हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल एवं श्रीनिवास अस्पताल के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य कम लागत में गुणवत्तापूर्ण दंत चिकित्सा एवं बेहतर स्वास्थ्य प्रदान करना है। शिविर में जरूरतमंदों का बुनियादी उपचार बिलकुल मुफ्त है। अन्य इलाज में मरीजों को 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

# झारखण्ड सरकार की विभिन्न योजनाओ से छात्र-छात्राएं फायदा उठायें : रूचि कुजूर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** संत रॉबर्ट बालिका उच्च विद्यालय, हज़ारीबाग के 34वें वार्षिक खेल कूद महोत्सव आयोजित किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि रूचि कुजूर सदस्य झारखण्ड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग, झारखण्ड सरकार,विशिष्ट अतिथि संजय प्रसाद जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी,वी टी आई प्राचार्य सि सालेट, बॉयज संत रोबर्ट के प्राचार्य फा रेमंड, समाजसेवी रोशन दत्ता, फा पीटर पॉल,अनुप राजेश लकड़ा इत्यादि उपस्थित थे। प्राचार्य सि शीला मरांडी, मध्य विद्यालय की प्राचार्य सि सविता सचिव सि अनुपमा ने बताया कि इस वर्ष प्रतियोगिता में सौ मी दौड़, दो सौ मी दौड़, घड़ा दौड़, बॉल पासिंग दौड़, चम्मच गोली दौड़, बोझा दौड़, साइकिल रेस, तीन पैर दौड़, बोरा दौड़, रस्सी दौड़, टोपी दौड़ इत्यादि का आयोजन किया गया है जिसमे छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया छात्राएं पढ़ाई के साथ साथ खेल कूद और अन्य कार्यकालपो में भाग लेते है। वार्षिक खेल कूद महोत्सव मे रंगा- रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया सर्वप्रथम छात्राओं आदिवासी संथाली नृत्य प्रस्तुत किया, इसके साथ साथ झारखण्ड के अन्य पारम्परिक नृत्य और आधुनिक नृत्य का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्रतियोगिता में चार ग्रुप में बाँटा गया था लाल ग्रुप, नीला ग्रुप, हरा और पीला ग्रुप सभी ग्रुप के प्रतिभागियों ने पदक लाने की होड़ मची हुई थी, लाल ग्रुप प्रथम, हरा द्वितीय, पीला तृतीय और नीला चतुर्थ स्थान प्राप्त किया।


# जलजमाव से परेशान ग्रामीणों ने बनी सड़क को उखाड़ कर पानी निकासी का बनाया रास्ता

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ बेड़ाहरियारा पंचायत में साँसद मद से 12,47,200 रुपये की लागत से कार्यपालक अभियंता-कार्यकारी एजेन्सी एनईआरपी के द्वारा कनीय अभियंता माणिकचंद मंडल के द्वारा अरुण कुमार सिन्हा के घर से विपीन कुमार सिन्हा के घर होते डोमन गुप्ता के घर के आगे बौलियागंज तक करीब पाँच से छह माह पूर्व पीसीसी पथ का नवनिर्माण किया गया था। सड़क के नवनिर्माण से जहाँ लोगो को सुविधा मिलनी चाहिए वरन इसके उलट पीसीसी पथ ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बन गया। बताते है,कि जरा सी बारिश में विपिन कुमार सिन्हा के घर से लेकर डोमन गुप्ता के घर तक करीब तीन सौ फीट घुटनो तक पानी का जलजमाव होने लगा। इस पर लगभग सभी अखबारों ने प्रमुखता से खबर छापी परन्तु आला अधिकारियों के कान में जूं तक नही रेंगी,अन्ततः ग्रामीणों ने थक हार कर आपसी सहयोग एवं चंदा कर जलजमाव ना हो इसके लिए बनी सडक को जेसीबी मशीन लगाकर जलजमाव तक बनी सड़क को उखाड़कर सड़क को लेबल कर पानी निकासी का उपाय निकाला। ग्रामीणों ने एक सुर में कहा कि अब जलजमाव नही होगा हमसबों का परिवार गम्भीर बीमारियों से सुरक्षित रहेगा ।इस मौके पर मुख्य रूप से डोमन गुप्ता, दीपक रजक,बबलू सोनी समेत दर्जनों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

**शिक्षक अभिभावक बैठक में विद्यालय के विकास समेत अन्य बिंदुओं पर चर्चा**

# शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर हो रहे बदलाव के मध्य नजर शिक्षकों और अभिभावकों के बीच बैठक बेहद जरूरी : ममता देवी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोरियाडीह में मुखिया राजेन्द्र प्रसाद की अध्यक्षता में अभिभावकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिक्षकों और अभिभावकों के बीच अपने बच्चों के कमियों और खूबियों के बारे में चर्चा की गई। नए पैटर्न पर आधारित बेहतरीन शिक्षा देने हेतु अभिभावकों से बारी-बारी उनके बच्चों के बारे में उनसे यह पूछ गया कि उन्हें उनके बच्चों में क्या कमी दिख रही है, बच्चों को पढ़ाए जाने वाले सभी विषयों के बारे बारे में शिक्षकों और विभागों के बीच समस्याओं का आदान-प्रदान किया गया। बैठक में मौजूद शिक्षकों ने कहा कि अपने-अपने बच्चों के बारे में जिन-जिन कमियों की शिकायत की गई है। उनको तत्काल सुधार कर लिया जाएगा। स्थानीय मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि विद्यालयों में अनुशासनात्मक नियम और कानून सभी छात्रों के लिए बनाए गए हैं, और उसे पालन करनी चाहिए। छात्रों को हमेशा स्कूल स्टाफ के साथ सम्मान से पेश आना चाहिए। और अपने सहपाठियों के साथ अच्छा व्यवहार करना चाहिए। छात्र किसी भी प्रकार से विद्यालय की संपत्ति को नुकसान नहीं पहुंचाएं।समाजसेवी ममता देवी ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे निरंतर बदलाव के मध्य नजर शिक्षकों और अभिभावकों के बीच इस किस्म की बैठक होनी बेहद जरूरी है। बैठक में आए अभिभावकों से कहा कि यदि वह अपने बच्चों को सफलता की ऊंचाई पर देखना चाहते हैं, तो उनके साथ अधिक समय बिताते हुए उनके शैक्षणिक कार्यों को पूर्ण करने में मदद करें। साथ ही बच्चों को लिखकर अभ्यास करने के लिए प्रोत्साहित करें, ऐसा करने से ही बच्चे कामयाब होंगे। वही स्कूल की प्रधानाध्यापिका मीना कुमारी ने विद्यालय में उपस्थित पंचायत प्रतिनिधियों से भी आग्रहा किया कि आप बीच-बीच में विद्यालय का निरीक्षण करें। और जो भी उचित होगा वह मार्गदर्शन अवश्य दें। मौके पर धनवार पंचायत के स्थानीय मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, समाजसेवी का ममता देवी, उप मुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा, प्रधानाध्यापीका मीना कुमारी, सहायक शिक्षक रामजी प्रसाद, अजीत कुमार, दीनानाथ प्रसाद, रेखा कुमारी, मधुबाला कुमारी, अध्यक्ष सोनिया देवी, पुष्पा देवी, रुक्मिणी देवी, आशा देवी, रेवा महतो, सहित अभिभावक व शिक्षक मौजूद थे।

## ठंड में बेसहारों का सहारा बना विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन का कंबल किया वितरण

**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन ठंड में गरीब लाचार असहाय परिवारों को कंबल देने के अपने किए वायदे के अनुरूप निरंतर कार्यक्रम चलाकर निर्धन परिवारों के बीच कंबल वितरण अभियान जारी रखा है। इसी आलोक में शनिवार को फाउंडेशन के अध्यक्ष मंजीत यादव की अध्यक्षता में चौपारण प्रखंड अंतर्गत चय कला पंचायत में गरीब परिवारों के बीच फाउंडेशन के प्रखंड संयोजक आशीष सिंह एवं पूर्व मुखिया मोहम्मद सफाल उद्दीन के नेतृत्व में दर्जन और निर्धन परिवारों के बीच कंबल वितरण किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम का अगला पड़ाव चौपारण ब्लॉक मोड जहां पर प्रेस क्लब चौपारण के अध्यक्ष शंकर यादव व प्रेस क्लब चौपारण उपाध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा के नेतृत्व में ठंड से ठिठुरते परिवारों के बीच कंबल बांटा गया।मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी कुणाल कतियार ने कहा कि फाउंडेशन ठंड में गरीब और असहाय परिवारों को सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध है।कंबल वितरण में मुख्य रूप से फाउंडेशन के अध्यक्ष मंजीत यादव प्रखंड संयोजक आशीष सिंह, प्रेस क्लब चौपारण अध्यक्ष शंकर यादव, उपाध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता कुणाल कटारियार, पूर्व मुखिया सफाल उद्दीन, समाजसेवी मोहम्मद तसलीम, रघुनंदन गोप, बरही प्रखंड कांग्रेस उपाध्यक्ष जमुना यादव, बरही विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष मनोहर यादव, बरही प्रखंड कांग्रेस सेवा दल अध्यक्ष शरीफुल हक, आकाश कुमार, मोहन प्रजापति, परमेश्वर ठाकुर, सितारी मोहम्मद नईम, गुलाम रसूल, सद्दाम हुसैन, मोहम्मद बिलाल, बलराम ग्रांडी, असीमुद्दीन, सलाउद्दीन, महताब आलम, लाल बाबू, महिउद्दीन सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली ,हजारीबाग में विजय दिवस पूरे जोश एवं उत्साह के साथ संपन्न

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली,में विजय दिवस को शौर्य दिवस के रूप में पूरे ओज एवं उत्साह के साथ मनाया गया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि मिथिलेश पांडे, अवकाश प्राप्त, भारतीय सेना एवं सुरेंद्र सिंह, सूबेदार, 22 झारखंड बटालियन, एनसीसी, हजारीबाग उपस्थित थे द्य मौके पर बतौर मुख्य अतिथि, मिथिलेश पांडे ने कहा- 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में भारतीय सैनिकों के सामने पाकिस्तानी सैनिकों ने घुटने टेक दिए थे । आज के दिन ही भारतीय सैनिकों ने पाकिस्तानी सैनिकों को आत्म समर्पण करवाया द्य भारतीय सैनिकों ने युद्ध में अपने वीरता एवं पराक्रम का परिचय दिया था। हमारे भारतीय सेनानियों ने करीब 93000 हजार पाकिस्तानी सैनिकों को आत्मसमर्पण करवाया था। आप सभी भैया -बहन भारतीय वीर सपूतों एवं शहीदों को नमन करते हुए देशभक्ति एवं देश सेवा का संकल्प लेंद्य वहीं सूबेदार सुरेंद्र सिंह ने कहा आज का दिन हम विजय दिवस को शौर्य दिवस के रूप में मनाते हैं द्यआज के दिन ही भारतीय सेना के वीर सपूतों ने पाकिस्तानी सैनिकों को आत्म समर्पण करवाया था द्यभारतीय सेना के पराक्रम से आज के दिन भारत को एक शानदार जीत मिली थीद्य कार्यक्रम में विद्यालय के सचिव, संजय उपाध्याय ने कहा -आज का दिन हम सभी के लिए गर्व का दिन हैद्य भारतीय सेना के वीर सैनिकों एवं शहीदों को नमन करते हुए आप सभी भैया- बहन शिक्षा प्राप्त कर भारतीय सेना में जाकर देश की सुरक्षा, देशसेवा एवं देशभक्ति का संकल्प ले द्य वही विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य, डॉक्टर राजीव रंजन ने कहा - आप सभी भैया -बहन आज विजय दिवस के दिन भारतीय सैनिकों एवं वीर शहीदों को नमन करते हुए यह संकल्प ले कि हम मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने आप को समर्पित कर देंगे।

## बड़कागांव पुलिस ने ठगी के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बड़कागांव(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बड़कागांव पुलिस ने ठगी के प्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल। बड़कागांव थाना प्रभारी बिनोद तिर्की ने बताया कि बड़कागांव थाना कांड संख्या 286 /23 के प्राथमिकी अभियुक्त सुमित कुमार उम्र 23 वर्ष ग्राम विश्रामपुर निवासी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। बताया गया कि सुमित कुमार को धारा 406 /420 / 34 भा. द.वि. के मामले को लेकर उसके घर विश्रामपुर से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तारी दल में बड़कागांव पुलिस बल शामिल थे।

## तलसवार पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार,आपके द्वार शिविर 189 मामलें का तत्काल निष्पादन

**बड़कागांव(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के तलसवार पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार,आपके द्वार शिविर का आयोजन मुखिया गीता देवी की अध्यक्षता में हुआ। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि बड़कागांव विधायक अम्बा प्रसाद, मुखिया गीता देवी, पंसस मेघा कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल, अंचलाधिकारी बालेश्वर राम, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वरनाथ चौबे, विधायक प्रतिनिधि सुरेश महतो सहित अन्य अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर विधायक अम्बा प्रसाद ने कहा कि झारखंड सरकार के द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीण उठायें। शिविर में कुल 667 मामले आए जिसमें 189 मामले निष्पादन तत्काल किया गया जबकि 528 मामले को संबंधित विभाग को अग्रसारित किया गया। इसमें 415 अबुआ आवास योजना, सर्वजन पेंशन 18, किसान क्रेडिट कार्ड 2, बिरसा सिंचाई कूप 6, धोती साड़ी योजना से 84 वितरण किया गया, कंबल वितरण 15, स्वास्थ जांच एवं दवा वितरण 45, नेत्र जांच 3, टीवी जांच 1, दाखिल खारिज 2, लगान रसीद निर्गत 3, भू-मापी 2, सावित्रीबाई फुलो योजना 19, कैश क्रेडिट लिंकेज 10 , किसान क्रेडिट कार्ड 2, मृत्यु प्रमाण पत्र 4, पशुपालक को दवा वितरण 20, मुख्यमंत्री पशुधन योजना एवं रोजगार सृजन योजना 14, जॉब कार्ड 5, सामुदायिक निवेश निधि 6, सेवा का गारंटी अधिनियम के अंतर्गत जाति प्रमाण पत्र 1, योजना के तहत लाभ दिया गया। मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी रवि रंजन,भास्कर राज, प्रखंड कर्मी आशीष कुमार, बीपीओ हीरो महतो, अरुण पासवान, पवन कुमार, आनंद कुमार, विवेक कुमार, सुबोध कुमार सिंह, नरेश साव, मुखिया प्रतिनिधि संजय महतो, संजय साव, सहिया साथी, सहिया दीदी, आंगनबाड़ी सेविका, स्वास्थ्यकर्मी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष शामिल थे।

## राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के जिला उपाध्यक्ष बने अशोक साव

**बड़कागांव(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के हजारीबाग जिला अध्यक्ष नंदलाल साहू ने बड़कागांव प्रखंड के नापो ग्राम निवासी अशोक साव को जिला उपाध्यक्ष घोषित किया। जिला उपाध्यक्ष बनने पर अशोक साव ने जिला अध्यक्ष नंदलाल साहू का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं निष्ठा व ईमानदारी पूर्वक अपने दायित्व को निर्वाह करूंगा। कई लोगों ने बधाई दी जिसमें मुख्य रूप से आयुष कुमार साहू, विक्की कुमार, सुरेश शाहु, ढलान साहू, हरि साहू ,महेश साव चंद्रिका शाहु, अनीता देवी, गणेश प्रसाद गुप्ता, विशाल साहू, हीरालाल साहू, हीरा देवी, कृष्णा साव गंगा साहू, राजेश कुमार, रोहित के अलावा अन्य शामिल है।

## सेवार्थ भाव से सभी पंचायतों में कांग्रेस पार्टी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लगा रही है शिविर : अब्दुल मनान वारसी

**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही प्रखण्ड के मलकोको पंचायत में लोगों के लिये आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम पंचायत भवन परिसर में आयोजित हुई। इस कार्यक्रम में जरूरतमंदों की सहायतार्थ कांग्रेस पार्टी द्वारा एक स्टॉल लगाकर लोगों का सहयोग किया गया और उनका फॉर्म भरने से लेकर हर योजना से सम्बंधित जानकारी उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने कहा की आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित शिविर को लेकर लाभुकों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। मलकोको पंचायत में पंचायत के लोगों ने भारी संख्या में अपने नजदीकी शिविर में पहुंचकर सरकार की जनकल्याणकारी योजना का लाभ उठाया। साथ ही शिविर में आमजनों की समस्याओं का ऑन द स्पॉट निष्पादन एवं सुयोग्य लाभुकों के बीच कम्बल, धोती-साड़ी का वितरण भी किया गया। इस शिविर के माध्यम से आय, जन्म, मृत्यु जाति, आवासीय प्रमाण, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, भूमि से संबंधित मामलों का निपटारा, आयुष्मान कार्ड, सोना सोबरन धोती साड़ी योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, पशुधन योजना, सर्वजन पेंशन योजना, कंबल वितरण के साथ साथ स्वास्थ्य कैंप भी लगाया। झारखण्ड सरकार के द्वारा पूरे राज्य में विभिन्न पंचायत और वार्ड में शिविर लगाकर सरकार के योजनाओं का लाभ जरूरतमंद व्यक्तियों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है।

## जरूरतमंद को किया आर्थिक सहयोग



रॉंची (प्रभात मंत्र संवाददाता) : रॉंची जिला के मौलाना आजाद कॉलोनी निवासी समाजसेवी सह आजसू पार्टी के वारिष्ठ नेता शहजाद आलम के द्वारा एक असहाय गरीब की रोजी रोटी कमाने के लिए मुहल्ला गढ़ा टोली मौलाना आजाद कॉलोनी निवासी शमीम आलम को दैनिक रोजगार के लिए एक ठेला बनवा कर दिए । ठेला मिलने पर शमीम आलम अत्यंत खुशी जाहिर किया द्य शमीम भाई कहते हैं कि नेक दिल समाजसेवी सह आजसू पार्टी के वरिष्ठ नेता नेक दिल इंसान हैं । ये हमेशा हम जैसे जरूरत मंद को किसी न किसी बहाने मदद करते हैं ।

## सदभावना सम्मान समारोह कार्यक्रम सफलता पूर्वक सम्पन्न




रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :सर्वधर्म सदभावना समिति के तत्वावधान में बिहार क्लब में आयोजित सदभावना सम्मान समारोह कार्यक्रम सफलता पूर्वक सम्पन्न। पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार बिहार क्लब रांची में सर्वधर्म सदभावना समिति के तत्वावधान में भव्य रुप से सदभावना सम्मान समारोह कार्यक्रम सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता सर्वधर्म सदभावना समिति के अध्यक्ष मो. इसलाम ने की एवं पूरे कार्यक्रम की सरपरस्ती मुख्य संरक्षक डा. अजीत सहाय, संरक्षक जयसिंह यादव एवं कुणाल अजमानी ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिंहा एवं विशिष्ट अतिथि ए डी एम विधि व्यवस्था राजेश्वर नाथ आलोक, लोअर बाजार थाना प्रभारी दयानंद कुमार, चुटिया थाना प्रभारी वेंकटेश प्रसाद, विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठन के प्रमुख प्रतिनिधिगण, मीडिया के प्रमुख साथियों के साथ साथ सर्वधर्म सदभावना समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को आपसी सौहार्द एवं भाईचारे के साथ विभिन्न धार्मिक त्योहारों को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने एवं विभिन्न सामाजिक कार्यों में अहम भूमिका निभाने के फलस्वरूप मोमेन्टो,शाल एवं झारखंडी प्रतीक पट्टा देकर सदभावना सम्मान से नवाजा गया।

# गोला प्रखंड के संग्रामपुर पंचायत एवं पुरबडीह पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता



गोला : प्रखंड के संग्रामपुर पंचायत के बाजारटांड़ एवं पुरबडीह पंचायत के रायपुरा आम बगीचा मैदान में झारखंड सरकार की महत्वकांक्षी कार्यक्रम आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार÷ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का रामगढ़ उपायुक्त चंदन कुमार, गोला प्रमुख गीता देवी, पूर्वी क्षेत्र के जिप सदस्य रेखा सोरेन,प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार सांडिल्य, अंचलाधिकारी समरेश प्रसाद भंडारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी विजय कुमार, संग्रामपुर मुखिया एवं पुरबडीह मुखिया के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया।कार्यक्रम के शिविर में उपस्थित लाभुकों से अपील करते हुए उपायुक्त चंदन कुमार ने कहा कि वे सरकार द्वारा चलाये जा रहे कल्याणकारी योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठायें।

इस दौरान फुलो झानो योजना के तहत चेक का वितरण, कूप निर्माण प्रमाण पत्र, आवास प्रमाण पत्र, विद्यालय के छात्र/छात्राओं को माध्यमिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले के बीच प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रखंड के बिभिन्न बिभागीय कर्मचारियों द्वारा स्टॉल लगा कर फॉर्म जमा लिया जा रहा था।

जैसे प्रधानमंत्री आवास, अम्बेडकर आवास,अबुआ आवास योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, बिरसा कूप योजना, कृषि योजना, पशुपालन योजना, बैंक ऋण योजना, केसीसी योजना में भूमि दाखिल खारिज, जाति प्रमाण पत्र, वन पट्टा, गुरु जी क्रेडिट कार्ड, विभागीय पदाधिकारियों ने मनरेगा योजना आदि योजनाओं आवेदन एवं फार्म जमा लिया।

### जिला उपायुक्त ने मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम के मद्देनजर गोला प्रखंड का किया दौरा

गोला : राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के मद्देनजर शनिवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने गोला प्रखंड अंतर्गत चाड़ी पंचायत का दौरा किया। मौके पर उन्होंने चाड़ी पंचायत अंतर्गत तिरला मैदान को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए तैयार करने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने स्थल पर वाहनों की पार्किंग, मूलभूत सुविधाओं यथा पेयजल, शौचालय आदि लोगों के शिविर तक आने हेतु सुविधा, शिविर के दौरान लोगों के बैठने की व्यवस्था आदि का जायजा लेते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु आवश्यक निर्देश दिए।

# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का ग्रामीण उठाएँ लाभ : सुधीर मंगलेश




प्रभात मंत्र संवाददाता

दुलमी : दुलमी प्रखंड के ईचातू पंचायत मे आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार÷ के कार्यक्रम का शनिवार को आयोजन किया गया। मौके मुख्य रूप से दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, जिला पार्षद प्रीति दीवान, प्रमुख रेणु देवी, बीडीओ सुनील प्रजापति, सीओ मदन महली, सांसद प्रतिनिधि इन्द्रदेव साव, उपप्रमुख धर्मधीर महतो सहित अन्य अतिथियों द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से किया गया। बीस सूत्री अध्यक्ष ने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम का आयोजन राज्य सरकार द्वारा आम जनता को उनके पंचायत में आकर पदाधिकारी द्वारा उन्हें योजनाओं की जानकारी और लाभ पहुँचने के लिए पंचायत स्तर पर आयोजन किया जा रहा है।

जिसका जनता लाभ उठाए और अपने से संबंधित योजना का लाभ लें। साथ ही किसी भी प्रकार की दिक्कत होने पर मौके पर मौजूद पदाधिकारी या प्रतिनिधि से मदद ले। अतिथियों द्वारा कार्यक्रम में विभिन्न विभाग के स्टॉल का निरीक्षण किया एवं लाभुकों के बीच फुलो झानो योजना के तहत चेक, राशन कार्ड, जॉब कार्ड, कंबल, धोती-साड़ी, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का भी स्वीकृति पत्र, सामान और चेक का वितरण किया गया। मौके पर सीडीपीओ पुनम कुमारी, मुखिया प्रमेश्वर पटेल वीणा देवी राजीव मेहता, रंजू देवी, राजू मेहता, अमरुन निशा, उर्मिला देवी, पंचायत सेवक बासुदेव महतो, झमन लाल महतो, रोज़गार सेवक कलाम अंसारी, आशीष कुमार, सुधीर महतो, गीता देवी, गोपाल, बीस सूत्री सदस्य अल्ताफ अंसारी, मदन नायक, प्रकाश करमाली सैंकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

# ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का विकास से ही सशक्त व विकसित समाज का निर्माण संभव : विधायक

प्रभात मंत्र संवाददाता




रजरप्पा : दुलमी प्रखंड क्षेत्र के सिरू गांव मे स्थित विद्यालय शिशु ज्ञान मंदिर बुध बाजार के वार्षिक उत्सव समारोह का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि स्थानीय रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी एव विशिष्ट अतिथि रामगढ़ पूर्व जिप अध्यक्ष ब्रहमदेव महतो शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर विद्यालय का वार्षिक उत्सव समारोह का उद्घाटन किया गया।मौके पर मुख्य अतिथि विधायक सुनिता चौधरी ने अपने और संबोधन में कहा की विद्यालय विकास के लिए में हमेशा सहयोग करता रहूंगा एवं तथा ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के विकास के लिए हर संभव हमारा सहयोग मिलता रहेगा।

आज के दौर में शिक्षा का विकास से ही हमारा समाज का विकास संभव हो सकता है तथा एक विकसित समाज का निर्माण हो सकता है विधायक द्वारा विशेष रूप से महिला शिक्षा को बल देते हुए बताया कि हर घर की बालिकाएं को शिक्षा देना बहुत जरूरी है क्योंकि आप एक लड़का को पढ़ाते हैं तो केवल एक व्यक्ति ही पढ़ पाता है लेकिन एक लड़की को पढ़ाते हैं तो उसका पूरा परिवार पढ़ता है और हमारा समाज में नया परिवर्तन हो सकता है क्षेत्र की दिशा और दशा मैं सुधार हो सकता है इस मौके पर उन्होंने कहा कि शिशु ज्ञान मंदिर इस क्षेत्र में लगातार दो दशकों से विद्या का अलख जगाने का काम कर रहा है।इस पुण्य कार्य के लिए विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं धन्यवाद के पात्र हैं।

## सयाल हिल ब्यू स्टेडियम में 25 दिसंबर से क्रिकेट टुर्नामेंट का आगाज



उरीमारी (प्रभात मंत्र संवाददाता): सयाल के हिल ब्यू स्टेडियम में 25 दिसंबर से क्रिकेट चैम्पियंस टुर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है जिसकी तैयारी जोरों शोरों से चल रही है। सयाल के युवा वर्ग के खिलाड़ियों ने ग्राउंड को अपने दम पर सफाई एवं पीच को तैयार कर रहे हैं ताकि टुर्नामेंट सफल हो सके एवं सयाल हिल ब्यू स्टेडियम का अस्तित्व बना रह सके। बता दें कि इस चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट प्रीमियर लीग में दस-दस ओवरों का होगा। जिसकी इंट्री फी तीन हजार रुपए रखी गई है। वहीं इस टुर्नामेंट को जितने वाले विजेता खिलाड़ियों को तीस हजार रुपए और एक कप दिया जाएगा और उपविजेता खिलाड़ियों को पन्द्रह हजार रूपए और एक कप व सभी खिलाड़ियों को आकर्षक उपहार दिया जाएगा। वहीं कमिटी के सदस्यो ने अन्य क्षेत्रों में खेलने वाले टीमों को इस खेल में भाग लेने का आग्रह किया ताकि टुर्नामेंट भव्य व सफल तरीके से चल सके। वहीं इस मौके पर कृष्णा साव, अनुप कुमार पिंटू सिंह, राजीव सिन्हा,दीपक अरोड़ा, शशी दुसाध,भुषण शर्मा,लखन शर्मा,अजय भगत,साहिल,आसिफ, मोनू कुमार,बंटी यादव,सनी कुमार,दीपक पांडेय,अक्षय कुमार, बबलू कुमार, अंकित कुमार,जोंटी,आकाश,सागर,पुनित, पिंटू मुंडा, बिट्टू राणा आदि लोग मौजूद थे ।

## बिचौलियो के बहकावे में ना आए, अपना धान पैक्स में ही जमा करें किसान : रामविलास

उरीमारी : बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के गरसुला पंचायत अन्तर्गत गरसुला प्राथमिक कृषि साख सहयोग समिति लिमिटेड (नोडल) पैक्स के अध्यक्ष रामविलास गोप ने हजारीबाग जिला, बड़कागांव प्रखंड एवं गरसुला, उरीमारी, पोटंगा पंचायत क्षेत्र के किसानों से अपील करते हुए कहा है कि कोई भी किसान किसी भी बिचौलिए के बहकावे में आकर औने पौने दाम में अपना धान न बेचें बल्कि अपनी - अपनी धान सुरक्षित रखें।

## आईपीएल कंपनी ने स्कूली बच्चों के बीच किया खेल प्रतियोगिता का आयोजन

गोला (प्रभात मंत्र संवाददाता) : प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च विद्यालय बरियातू में शुक्रवार को आईपीएल कंपनी की ओर से स्कूली बच्चों के बीच खेल प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कंपनी के प्रबंधन राजेश मिश्रा मुख्य रूप से उपस्थित हुए। इस खेल प्रतियोगिता में विजेता टीम को कंपनी की ओर से बच्चों के बीच कलम, कॉपी, जर्सी आदि पुरस्कृत किया गया। ज्ञात हो की आईपीएल कंपनी की और से नियमित रूप से आए दिन इस विद्यालय के अलावा आस पास के विद्यालयों में सदैव कई प्रकार के कार्यक्रम आयोजन करवाती है।बच्चों को उत्साह भरने तथा बच्चो का मनोबल बढ़ाने के इस कार्य के लिए आईपीएल कंपनी और प्रबंधन को विद्यालय प्रबंधन समिति और विद्यालय परिवार की ओर से धन्यवाद दिया गया।



## डीईएफ का 21वीं स्थापना दिवस मनाया गया

गोला (प्रभात मंत्र संवाददाता) : प्रखंड सहित रामगढ़ जिला एवं बोकारो जिला के विभिन्न डीईफ के द्वारा संचालित सेंटर में 21वां वर्षगांठ मनाया गया। इस दौरान सेंटर में अध्यनरत सूचना पेनियोर के द्वारा डिजिटल पर आधारित चित्रकला बनाकर अपनी प्रतिभा का निखार किया।इस बाबत जिला कोडिनेटर सुरेश राम ने कहा की विगत 21 वर्षो से डीईएफ सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब असहाय लोगों एवं दिवयांग के बीच डिजिटल लिट्रेसी, डिजिटल सर्विस की सेवा स्थानीय सेंटर के माध्यम से मुहैया करने में अहम भूमिका निभा रही है। जिससे आज ग्रामीण क्षेत्रों के स्थानीय स्तर पर सारी सुविधाएं उपलब्ध हो रही है।जबकि केंद्र संचालक अपनी आजीविका को सुदृढरित कर परिवार की भरण पोषण में कारगर साबित हो रहे हैं।बताया जाता है कि डीईएफ ने देश के सभी राज्यों में डिजिटल सेंटर स्थापित किया गया है इतना ही नहीं विदेश में भी सेंटर का स्थापना की गई है।लोगों को डिजिटल की ओर अग्रसर करने में अपने आप महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही है।



## विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ पुरबडीह व कोरांबे पंचायत पंहुचा

गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता) :केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के लक्ष्यों को पूरी तरह हासिल करने की दिशा में संचालित विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ आज चौथा दिन शनिवार को प्रखंड के पुरबडीह व कोरांबे पंचायत पंहुचा। विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ के पहुँचते ही भारी संख्या में ग्रामीण रथ को देखने उत्साह के साथ पहुंचे। विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ के मध्यम से केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी गयी। साथ ही सभी ग्रामीणों और अन्य लोगों को भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने। गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेकेंने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने भारत की एकता को सुदृढ़ करने और देश की रक्षा करने वालो को सम्मान करने तथा नागरिक होने का कर्तव्य निभाने को लेकर शपथ दिलाई गयी। मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी महादेव महतो, प्रदीप कुशवाहा, रविन्द्र महतो के अलावा जेएसएलपीएस के महिला व ग्रामीण शामिल थे।



## संगठन अरगड्डा क्षेत्र के लोगो के लिए सदैव है खड़ा : मिथलेश

सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता) : कोयलांचल अरगड्डा- सिरका, गांव टोंगी, पडरिया, चुंबा, हेसला, मनुवा के दर्जनों युवाओं ने शनिवार को बिहार कोलियरी कामगार यूनियन (बीसीकेयू) सीटू सह मासस के वरीय नेता मिथलेश कुमार सिंह, बीसीकेयू अरगड्डा क्षेत्रीय सचिव गौतम बनर्जी से मुलाकात किया। अवसर पर आंदोलनकारी समाजसेवी शत्रुधन बेदिया, सुरेन्द्र राम, रामाशीष प्रजापति, अशोक बेदिया, दीपक सिंह, मो. कलाम, बबलू बेदिया, हसन, गंगा बेदिया आदि ने क्षेत्र से जुड़ी समस्याएं रखी। बताया कि क्षेत्र विकास के लिए जरुरते पूरी नहीं हो पा रही हैं। आज भी सड़क, पानी, चिकित्सा सुविधा, समाजिक सहयोग, रोजगार, प्रशिक्षण की गति सभी तक नहीं पहुंच पा रही हैं। सभी को हक, अधिकारो से भी वंचित रखा जा रहा हैं। इधर बीसीकेयू सह मासस नेता मिथलेश कुमार सिंह ने कहां कि हमारा संगठन आपके साथ सदैव खड़ा हैं। क्षेत्र विकास व युवाओं के हाथो को मजबूत बनाने के लिए हर परिस्थिति में आंदोलन के लिए तैयार है। आगामी रविवार को बैठक कर जो भी क्षेत्र में कमी है, इसके लिए मांग की जाएगी।



## पोडा गेट सयाल से लापता बच्चे को उनके परिजनों से मिलाया बिनोद ने

उरीमारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) : सयाल आठ नवंबर के समीप शनिवार को मेंन रोड पर अचानक एक बच्चा टहलते हुए पहुंच गया जो सयाल दुतल्ला निवासी बिनोद कुमार को मिला, वहीं बिनोद कुमार ने बताया कि यह बच्चा सयाल के के पंचायत के रहने वाले बलराम कुमार का था। बिनोद ने बताया कि वे अपने घर से उरीमारी कुछ काम के सिलसिले में तीन बजे जा रहे थे तभी सयाल आठ नवंबर के समीप सड़क के बीचो बीच एक चार साल के बच्चा चल रहा है। उसके आगे पीछे कोई भी परिजन? नहीं है और वह बच्चा रो रहा है। तभी उन्होंने बच्चे को गोद में उठाकर चुप कराया और अपने वाट्सएप गुरूप में बच्चे की फोटो डाला तभी दो घंटे बाद परिजनो को सुचना मिली।



**Office of Deputy Commissioner, Khunti**
**(District Mineral Foundation Trust)**

**Corrigendum**

Subject to PR. No. – 312319 Mines and Geology (23-24)*D, dated- 01 December 2023, the district administration deems it appropriate to make following changes-

1. The list of candidates shortlisted would be published on the website on 19-12-2023.
2. Thereafter the candidates would appear for the interview in online or offline mode (Offline interview would take place in District Collectorate Hall, Khunti-835210)
3. The new date of the interview is 21-12-2023 (Thursday)

sd/-
District mining Officer, Khunti

PR 313655 Mines and Geology (23-24)_D

कार्यालय, असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लोहरदगा

निविदा संख्या – 02/2022
शुद्धिपत्र

स्वास्थ्य विभाग, लोहरदगा के स्वास्थ्य संस्थानों हेतु Anti Rabies Vaccine आपूर्ति हेतु विज्ञापन संख्या PR 312687 (Lohardaga) 23-23 (D) द्वारा प्रकाशित निविदा संख्या – 02/2022 में अपरिहार्य कारणों से निम्न संशोधन किये जाते हैं।

1. निविदा जमा करने की तिथि 22.12.2023 तक विस्तारित की जाती है।
निविदा दिनांक 22.12.2023 के अपराह्न 02.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में स्वीकार की जायेगी। निविदा स्पीड पोस्ट/निबंधित डाक अथवा स्वयं निविदादाता या अन्य प्रतिनिधि जमा कर सकते है। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
2. प्राप्त निविदाओं को दिनांक 22.12.2023 के अपराह्न 03.30 बजे अधोहस्ताक्षरी कार्यालय कक्ष में जिला क्रय समिति के समक्ष निविदादाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति में खोला जाएगा।

शेष यथावत रहेगा।

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लोहरदगा।

PR 313637 Lohardaga(23-24)D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, खूँटी।
डाकबंगला रोड, खूँटी, पिन नं0: 835210
ई–मेल: eercdkhunti-jhr@nic.in

पत्रांक : 1126 दिनांक: 15.12.2023

अति अल्पकालीन Quotation (उद्धरण) आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, रॉंची के पत्रांक 5542(S) दिनांक 11.12.2023 के आलोक में कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, खूँटी के अन्तर्गत चल रहे कार्यो के पर्यवेक्षण हेतु मासिक किराये पर बोलेरो नियो (Bolero Neo) या समकक्ष 01 अदद की आपूर्ति हेतु दिनांक 26.12.2023 के अपराह्न 3.00 बजे तक दर हेतु Quotation (उद्धरण) मुहरबंद लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किया जायेगा, जो दिनांक 26.12.2023 को ही अपराह्न 3.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उद्धरणकर्त्ता / उनके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति के समक्ष उपस्थिति / अनुपस्थिति में खोला जायेगा।

उद्धरणकर्त्ता द्वारा उद्धृत दर वाहन चालक एवं सभी कर सहित होगा।
उद्धरण की शर्ते कार्यालय एवं कार्यालय की सूचना पटट् पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, खूँटी।

PR 313650 Road(23-24)D

झारखण्ड सरकारर
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल,लोहरदगा।

ई – अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई– अल्पकालीन निविदा संख्या :– **04 /2023-24 / RWD /LOHARDAGA** दिनांक 14.12.2023

कार्यपालक अभियंता,ग्रामीण कार्य विभाग , कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पैकेज के रूप में निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रम सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि ( रूपये में ) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि | टेन्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | EE RWD/ LOHARDAGA/ 01/ STPKG - 01/ 2023-24 | बरवाडीह सीमाना से बारियातु भाया सरजू पावा तक पथ की सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 1.600 कि0 मी0)<br>मक्का बाजारटांड़ से बरवाडीह भाया अम्बापावा एवं जामडीह तक पथ की सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 2. 600 कि0 मी0)<br>पतरातु से अराहासा सेन्हा सीमाना तक पथ की सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 2.00 कि0मी0)<br>बदला से महुगांव तक पथ की सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 7.800 कि0 मी0)<br>पेशरार से खिजुरपतरा चन्दलागी भाया मेरूम तक पथ की सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0– 2.350 कि0 मी0) | 116370200.00 | ग्यारह करोड़ तीरेसठ लाख सत्तर हजार दो सौ0 रू0 मात्र । | 09 माह | द्वितीय |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 29.12.2023 ।
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 05.01.2024 अपराहन् 5.00 बजे ।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 08.01.2024 अपराहन 3.30 बजे ।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग ,कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा पुराना डी0 आर0 डी0 ए0 भवन, लोहरदगा, पिन कोड– 835302
6. ई– निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0.– 06526316381
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि विभागीय पत्रांक 3130 (अनु0 ) दिनांक 09.10.2023 के निदेशानुसार केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी ।
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई– भुगतान जिस खाता से किया जायेगा ,उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी । अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जबावदेही निविदादाता की होगी ।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता
ग्रा0 का वि0 ,
कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा ।

PR 313603 (Lohardaga) 23-24 (D)

कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी, सिमडेगा

सिमडेगा जिला के कोलेबिरा प्रखण्ड के प्रखण्ड/पंचायत/जलाशय स्तरीय मत्स्जीवी सहयोग समितियों के लिए अल्पकालीन बंदोबस्ती हेतु सूचना

एतद् द्वारा सिमडेगा जिला के कोलेबिरा प्रखण्ड के झारखण्ड सरकार, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) के पत्रांक 1325, दिनांक 11.10.2023 के आलोक में झारखण्ड सहकारिता अधिनियम–1935 एवं झारखण्ड स्वावलम्बी सहकारी समिति अधिनियम, 1996 के प्रावधान के अन्तर्गत गठित प्रखण्ड/पंचायत/जलाशय स्तरीय मत्स्यजीवी सहयोग समितियों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023–24 में बंदोबस्ती मुक्त मत्स्य विभाग के राजस्व जलकर कोलेबिरा थाना तालाब की अल्पकालीन बन्दोबस्ती वित्तीय वर्ष 2023–24 से 2025–26 तक के लिए आपके साथ किया जाना है। उक्त हेतु सरकारी नियमावली बिहार सरकार, पशुपालन एवं मत्स्य विभाग का पत्रांक 114 दिनांक 18.01.1992 के आलोक में वांछित कागजात दिनांक 30.12.2023 तक कार्यालय दिवस एवं कार्यालय अवधि में जिला मत्स्य कार्यालय, सिमडेगा में समर्पित करते हुए राजस्व जलकरों की बन्दोबस्ती प्राप्त करेंगे। पूर्व में PR 297063 Fish (23&24)#D एवं PR 312186 Fish (23-24):D द्वारा विज्ञापन प्रकाशन के विरूद्ध कोलेबिरा प्रखण्ड से एकमात्र समिति, प्रखण्ड स्तरीय समिति द्वारा तालाब बन्दोबस्ती हेतु प्रस्ताव जिला मत्स्य कार्यालय, सिमडेगा को प्राप्त है। अपर समाहर्त्ता, सिमडेगा के आदेश के आलोक में अन्य इच्छुक प्रखण्ड/पंचायत/जलाशय स्तरीय मत्स्यजीवी सहयोग समितियों से दिनांक 30.12.2023 तक अपराह्न 12:30 बजे तक बन्दोबस्ती प्रस्ताव अपर समाहर्त्ता, सिमडेगा के कार्यालय कक्ष में आमंत्रित की जाती है अन्यथा राजस्व हित में पूर्व में प्रस्ताव प्राप्त म0जी0स0स0 के साथ कोलेबिरा थाना तालाब की बन्दोबस्ती दे दी जाएगी। एक से अधिक मत्स्यजीवी सहयोग समिति का प्रस्ताव वांछित कागजातों के साथ प्राप्त होने पर उन समितियों के बीच सीमित डाक किया जाएगा एवं उच्चतम डाक वक्ता को राशि उसी समय समर्पित करना होगा।

| क0 सं0 | राजस्व जलकर का नाम | ग्राम | पंचायत | प्रखण्ड | खाता सं0 | प्लॉट सं0 | रकबा (एकड़ में) | सुरक्षित जमा राशि (रुपये में) | बंदोबस्ती अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कोलेबिरा थाना तालाब | कोलेबिरा | कोलेबिरा | कोलेबिरा | 164 | 6, 1185, 1186 | 2.72 | 25000.00 | 2023–24 से 2025–26 |

जिला मत्स्य पदाधिकारी
सिमडेगा

PR 313610 Fish(23-24).D

## ट्रस्ट ने महिलाओं के लिए किया कार्यक्रम का आयोजन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मिशन जनकल्याण किसान विकाश ट्रस्ट के द्वारा चलाया जा रहे कार्यक्रम के तहत मटकुरिया में ट्रेनर द्वारा एक प्रोग्राम आयोजित किया, जिसके तहत जिला उद्योग केंद्र के जी एम राजेंद्र प्रसाद के द्वारा मिशन जनकल्याण के शोरूम और उनके द्वारा बनाये गए मिशन बाजार का उद्घाटन किया। जी एम ने कहा की सभी महिलाओं को सरकार के द्वारा दी जा रही लोन के माध्यम से सभी को जोड़ा जायेगा तथा महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा दिया जायेगा। इस कार्यक्रम में मिशन जनकल्याण किसान विकाश ट्रस्ट के मग्धेश कुमार, राजकुमार महली सुनील कुमार महली, हराधन रजक, अर्जुन महली, उमेश टुडू, पिंटू महली, शिवनाथ मोहाली रवि कुमार, अभिलाष कुमार, प्रकाश कुमार, रीना देवी, सविता देवी, जुली कुमारी, बेबी देवी, पिंकी देवी, यसोदा देवी, ममता देवी, संतोषी कुमारी, अंकित, उत्तम, लखी हेम्ब्रम, विजय इनसब का योगदान रहा।

## नमन इंटरनेशनल स्कूल रेम्बा ने किया पिकनिक का अयोजन

### एनआईएस रेम्बा के बच्चों के खंडोली का किया भ्रमण



**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बेंगाबाद प्रखंड के खंडोली स्थित नमन इंटरनेशनल स्कूल रेम्बा के द्वारा शनिवार को गिरिडीह का प्रसिद्ध दर्शनीय स्थल खंडोली में पिकनिक का अयोजन किया जिसमे विद्यालय के बच्चो ने जमकर मस्ती किया एवं खंडोली डैम का भ्रमण किया। पिकनिक के दौरान बच्चो में अलग उत्साह थी कोई डांस, कोई खेल कूद एवं अन्य गतिविधियों में आनंद ले रहे थे । भोजन के उपरांत बच्चों ने खंडोली के फ्लावर गार्डन से रूबरू हुए एवं किड्स गार्डन में खूब मस्ती किया। खंडोली डैम में अवस्थित वाटर सप्लाई यूनिट के बारे में भी शिक्षको ने बच्चो को बताया एवं इस डैम की महत्ता बताई। बड़े -बड़े बच्चों ने खंडोली जलाशय में नौका विहार भी किया एवं आनंद लिया। इस पिकनिक ने सफल आयोजन में विद्यालय के को-ऑर्डिनेटर संदीप कुमार, प्रभारी प्रधानाध्यापक अशोक वर्मा, वरीय शिक्षक कात्यानी शर्मा, राजकुमार वर्मा, सुजाता एवं अन्य कर्मियों का बहुमूल्य योगदान रहा। विद्यालय के निदेशक दीनदयाल प्रसाद ने कहा कि ऐसे आयोजन से बच्चों में काफी कुछ सीखने का मौका मिलता है। शिक्षा के साथ साथ ऐसे शैक्षणिक यात्रा का आयोजन लगातार किया जाएगा ताकि बच्चों में नई ऊर्जा का संचार होते रहे । नमन इंटरनेशनल स्कूल हमेशा बच्चो को बेहतर शिक्षा के साथ- साथ सभी महत्वपूर्ण गतिविधियां में दक्ष बनाना है।

## श्री श्याम ध्वजा पद यात्रा का 22 दिसंबर को भजन संध्या का होगा भव्य आयोजन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** 132 वाँ माह, गौरवशाली 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर श्री श्याम ध्वजा पद यात्रा,हीरापुर के तत्वाधान में आगामी 22 दिसम्बर को हीरापुर पार्क मार्केट स्थित पार्क प्रांगण में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। इस आशय की शनिवार को अग्रसेन भवन, हीरापुर में मीडिया को जानकारी देते हुए कृष्ण अग्रवाल ने बताया कि उक्त भजन संध्या कार्यक्रम में पूरे देश भर में विख्यात सुप्रसिद्ध भजन गायिका बरेली निवासी अंजलि द्विवेदी,अमृतसर पंजाब से तेज़ी ब्रदर्स एवं धनबाद के स्थानीय भजन गायक विवेक अग्रवाल अपनी अपनी भजनों से कोयलांचल के समस्त श्याम प्रेमियों को भाव भिभोर कर श्रीश्याम प्रभु को रिझाने का प्रयास करेंगे।श्री श्याम ध्वजा पद यात्रा समिति द्वारा कार्यक्रम की सफलता एवं भव्यता हेतु पूरे जोरशोर से तैयारी की जा रही है। श्याम प्रेमियों के सुविधा हेतु भजन स्थल पर बाधा रहित डॉम पंडाल,बुजर्गों के लिए सोफा एवं कुर्सियों, पेयजल,अस्थायी प्रसाधन,अकासमिक चिकित्सा केंद्र के साथ साथ उपस्थित सभी श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद की भी व्यवस्था की जा रही है।कार्यक्रम में श्रीश्याम प्रभु का भव्य दरबार,मनोहारी सृंगार,पुष्प वर्षा,चाँदी निशान के साथ साथ छप्पन भोग,गोंद लड्डू भोग,पान भोग,बुंदिया सवामणी,श्रीश्याम रसोई इत्यादि भी चढ़ाया/लगाया जाएगा।श्रीश्याम ध्वजा पद यात्रा के तत्वावधान में 22 दिसम्बर को ही प्रातः 06 बजे 1111 (इग्यारह सौ इग्यारह) निशान लेकर श्रीश्याम सेवक हीरापुर स्थित श्याम मंदिर से झरिया में विराजे श्रीश्याम प्रभु के चरणों मे अर्पित करेंगे। उक्त निशान शोभा यात्रा में लगभग 2000 श्याम प्रेमियों के शामिल होने की संभावना है,शोभा यात्रा के आगे आगे 21 स्कूटी में नारी शक्ति आगे आगे भगवा साफा, पट्टी या झंडा लिए आगे आगे चलेंगी, भजनों की वर्षा में भींगेते हुए श्याम प्रभु की आराधना करते करते सभी निशान यात्री पैदल ही धनबाद झरिया मुख्य मार्ग से श्याम मंदिर झरिया तक जाएंगे।

# गिरिडीह पुलिस ने 13 साइबर अपराधियों को किया गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** शनिवार को गिरिडीह पुलिस ने एक बार फिर साइबर अपराधियों के खिलाफ बड़ी कार्यवाई कर कुछ साइबर अपराधियों को दबोचा है। इस बात की जानकारी पपरवाटांड़ कार्यालय में एस पी दीपक शर्मा ने प्रेसवार्ता कर दी। गिरफ्तार साइबर अपराधियों में अहिल्यापुर थाना क्षेत्र के जमजोरी का सरफुद्दीन, जामताड़ा जिले के लटाई का विकास मंडल, नारायणपुर का ही विकास मंडल, अहिल्यापुर थाना क्षेत्र के देवपुर का सुनील रवानी, मुकेश वर्मा, गांडेय के चम्पापुर का इरफान अंसारी, मो. दानिश, मो. तनवीर, देवघर के मरगोमुंडा का मो. सोएब अख्तर, गांडेय के चम्पापुर का सयैद अंसारी, मो. अहमद अंसारी, अबुल हसन और गांडेय के आसनबोनी का मनोज मंडल शामिल है। बताया की ये सभी साइबर अपराधी गर्भवती महिलाओं को मातृत्व राशि लब राशि दिलाने, गूगल पर फर्जी कोरियर सर्विस का ऐड बनाकर, वृद्धा पेंशन योजना का लाभ दिलाने का झांसा देकर, फर्जी बैंक अधिकारी बन कर लोगों को ठगने का काम करते थे। इस बाबत गिरिडीह की एसपी दीपक कुमार शर्मा ने बताया कि इन साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी के बाद गिरिडीह में साइबर अपराध के खिलाफ पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। उन्होंने बताया कि गिरिडीह से साइबर अपराध को पूरी तरह से खत्म किया जाएगा।

## आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम संपन्न




**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी प्रखंड के लूकैया पंचायत सचिवालय स्थित मैदान में आज शनिवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो एवं अंचलाधिकारी रवि कुमार की अध्यक्षता में दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। शिविर में उपस्थित सभी जन समुदायों को संबोधित करते विधायक मथुरा प्रसाद ने सरकार द्वारा संचालित सभी तरह के योजनाओं का लाभ लोगों से लेने की अपील की आज के शिविर में उपस्थित सभी स्कूली बच्चों को शिक्षा विभाग ने जाति प्रमाण पत्र एवं साइकिल खरीद के लिए चार? हजार पांच रूपए का चेक बच्चों के बीच वितरित किया तत्पश्चात सर्वजन पेंशन, बिरसा सिंचाई कूप निर्माण योजना, बुजुर्गों के बीच कंबलों का वितरण,वन विभाग के द्वारा सैकड़ों पौधों का वितरण किया गया जेएसएलपीएस के तत्वावधान में सात लाख पचास हजार रुपए का सीसीएल ऋण उपलब्ध कराया गया। इस शिविर में उपस्थित जिला परिषद सदस्या दिव्या बास्की ने सैकड़ों लाभुकों के बीच धोती साड़ी का वितरण किया एवं सभी लोगों से सरकार द्वारा मिलने वाला हर तरह के योजनाओं का लाभ लेने की अपील की।

## आजसू पार्टी का परचम पूरे राज्य में लहरेगा : रामा शंकर तिवारी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुदा :** आजसू पार्टी के धनबाद जिला प्रधान सचिव सह सांसद प्रतिनिधि रामा शंकर तिवारी ने पार्टी केन्द्रीय समिति के अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो एवं शीर्ष नेतृत्व के द्वारा धनबाद जिला सहित राज्य के सभी जिलों से योग्य एवं कर्मठ पार्टी कार्यकर्ताओं को केन्द्रीय समिति में पदाधिकारी तथा समिति के सदस्य मनोनीत किये जाने को लेकर सभी नव नियुक्त पदाधिकारी एवं सदस्यों को ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। तिवारी ने कहा कि केन्द्रीय नेतृत्व द्वारा धनबाद जिला से 39 (उंचालिस) कर्मठ कार्यकर्ताओं को केन्द्रीय समिति में महासचिव पद पर संतोष महतो, राधेश्याम गोस्वामी, सचिव पद पर प्रमोद चौरसिया, भास्कर ओझा, बानी देवी, सरिता देवी, सुभाष रवानी, सहित अन्य को कार्यकारी सदस्य मनोनीत किया जाना गौरव की बात है। 2024 के आने वाले चुनाव से पुर्व झारखण्ड राज्य सहित धनबाद जिला के सभी प्रखंडों में आजसू पार्टी का बढ़ती जनाधार के साथ आजसू का परचम लहराएगा और राज्य के विकास में हर सम्भव सहयोग प्रदान करेगी।

# महाप्रबंधक ने विभिन्न स्टेशनों का निरीक्षण कर यात्री सुविधाओं का लिया जाएगा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल ने दानापुर मंडल के बख्तियारपुर, बिहारषरीफ एवं अन्य स्टेषनों का निरीक्षण कर स्टेशन पर साफ-सफाई, कैटरिंग सेवा, सर्कुलेटिंग एरिया, एफओबी सहित यात्री सुविधा से जुड़े विविध पहलुओं का गहन मुआयना किया। उन्होंने इन स्टेषनों पर विकसित की जाने वाली विभिन्न यात्री सुविधाओं का विस्तृत जायज़ा लिया । महाप्रबंधक ने फ्रंट लाइन कर्मियों से वार्ता कर रेल संरक्षा के संबंध में पूछताछ की और उपलब्ध सुविधाओं का आंकलन किया । निरीक्षण के प्रारंभ में



महाप्रबंधक बख्तियारपुर जं. पहुंचे जहां उन्होंने स्टेषन पर नवनिर्मित फूट ओवर ब्रिज, सर्कुलेटिंग एरिया, प्लेटफार्म इत्यादि का गहन निरीक्षण किया। तत्पश्चात महाप्रबंधक द्वारा बिहारशरीफ स्टेशन पर एफओबी, सर्कुलेटिंग एरिया, प्लेटफार्म की साफ़-सफाई, यात्री सुविधा आदि का गहन निरीक्षण किया गया। इसी क्रम क्रम में उन्होंने राजगीर स्टेशन का निरीक्षण कर साफ़-सफाई, यात्री सुविधा आदि का जायजा लिया । महाप्रबंधक द्वारा राजगीर स्टेशन पर वाशिंग पिट का मुआयना कर रख-रखाव करने वाले पर्यवेक्षक/कर्मियों को संरक्षा के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया गया। महाप्रबंधक ने नटेसर-जेठियन स्टेशनों के बीच किमी 20/13-20/15 पर गैंगमैन से संरक्षा के संबंध में पूछताछ कर रेल संरक्षा के प्रति सदैव चैकस रहने का निर्देश दिया । निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक तिलैया जंक्शन पहुंचे जहा उन्होंने प्लेटफॉर्म, सर्कुलेटिंग एरिया, क्रू लॉबी, रनिंग रूम का गहन निरीक्षण किया । तिलैया में रनिंग रूम के रख-खरखाव हेतु आवश्यक निर्देश दिये। तत्पष्चात् महाप्रबंधक द्वारा पैमार स्टेषन का भी निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री जयंत कुमार चैधरी सहित गतिशक्ति एवं निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित थे ।

## साथी फाऊंडेशन के द्वारा पुरस्कार वितरण व सम्मान समारोह का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** समाजिक संस्था साथी फाऊंडेशन के द्वारा बीते माह 12 नवंबर को 7वां वार्षिक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ था जिसके परिणाम की घोषणा दिनांक 16 दिसंबर को की गई। प्रतियोगिता मे मदर हलीमा स्कूल के बच्चों ने प्रथम, मिल्लत हाई स्कूल ने द्वित्य तथा अब्दुल कय्युम अंसारी कॉलेज ने तृत्य स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर साथी फाऊंडेशन ने बायपास रोड स्थित होटल ताज पैलेस मे पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह आयोजित कर उत्तीर्ण आए सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। साथ ही शिक्षा जगत मे श्रेष्ठ योगदान देने वाले शिक्षक अबू तल्हा, मो कलीमुद्दीन, मो इकबाल, तारिक इकबाल, निमा परवीन, तय्यबा परवीन, वहीं समाजिक कार्यों मे हमेशा बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने वाले हाजी ज़मीर आरिफ, इरशाद आलम एवं रवि शेखर, चिकित्सा के क्षेत्र से डॉ मासूम आलम, डॉ विकास कुमार, डॉ संजय कुमार रजक, डॉ आमिर रशीद तथा खेल जगत से पूर्व रणजी खिलाड़ी आमिर हाशमी समेत कार्यक्रम मे उपस्थित हुए समस्त अतिथिगण को मोमेंटो और पौधा देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट कोर्ट गया के सिविल जज अफज़ल आलम, विशिष्ठ अतिथि डॉ इश्तियाक अहमद, दिलीप सिंह, डॉ पूजा, डॉ खालिद सैफुललाह, प्रो अमरेश भंडारी, आदि के द्वारा सामुहिक रूप से दीप प्रज्वलित एवं राष्ट्रगान से हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता साथी फाऊंडेशन के संस्थापक सह सचिव इरफान आलम ने की वहीं मंच का संचालन समाजिक कार्यकर्ता हाजी ज़मीर आरिफ ने किया। इस दौरान साथी फाऊंडेशन स्कूल के बच्चों ने कई रंगा रंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये और दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। मौके पर सैकड़ों लोग मौजुद थे। सभी ने इस कार्यक्रम की भूरि भूरि प्रशंसा की। वहीं इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे साथी फाऊंडेशन के संस्थापक सह सचिव इरफान आलम, उपाध्यक्ष सुभांकर मित्रा, शिक्षिका निमा परवीन, तय्यबा परवीन, उमराज ताज, शकील अंसारी, सय्यद सबाउद्दीन निशात सहित संस्था से जुड़े सभी सदस्यों की सराहनीय भूमिका रही।

## धनबाद से डिगवाडीह आने के क्रम में संजय कुमार चौरसिया के बैग से सारा सामान गायब

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के डिगवाडीह दस नम्बर के रहने वाले संजय कुमार चौरसिया, उम्र 25 वर्ष, पिता - दुर्गा प्रसाद चौरसिया, थाना जोड़ापोखर, धनबाद निवासी का दिनांक 10/12/2023 को लगभग सुबह 01~30 बजे धनबाद रेलवे स्टेशन में ऑटो में बैठकर अपने निवास स्थान आ रहे थे। साथ में एक कपड़े का बैग था जिसके अंदर साइड बाले जगह में ष्ड्डश्वरुलेपटॉप, जिसका मॉडल नं0-INSPIRON 3542, रंग काला, लम्बाई 15.6 से0 मी0 और साथ में एक काले रंग का डॉक्यूमेंट फाइल भी था जिसमे 10th सर्टिफिकेट, 10th मार्कशीट, 12th मार्कशीट व सर्टिफिकेट, डिप्लोमा मावशीट मटिफिकेट और प्रोविजनल तथा माइग्रेशन, ओवरमेन सर्टिफिकेट नमबर ह्रूश्व /23280, गैस टेस्टिंग सर्टिफिकेट जिसका नम्बर GT/EZ /1828 , फर्स्ट ऐंड सर्टिफिकेट, 10 रजिस्ट्रेशन स्लिप व एडमिट कार्ड, 12th रजिस्ट्रेशन स्लिप व एडमिट कार्ड तथा अन्य जरुरी कागजात था। ऑटो के ऊपर रख दिया चूकी भीड़ काफी थी। जैसे ही बरारी मोड़ के निकट पहुंचा तो यात्री कम हो गया इसलिए ड्राइवर ऑटो के ऊपर से बैग उठाकर बीच वाले सीट में रख दिया और आगे वाले नीट में बैठा था। तब मैंने बैग को चेक किया तो मेरा उक्त सामान सुरक्षित था। इसके बाद मैं अपने उक्त स्थान पर ऑटो से उत्तरकर अपने निवास स्थान चला गया और जैसे ही बैग से सामान निकाला तो देखा मेरा सामान मौजूद नहीं था।

## गिरिडीह में नया पुल से नीचे गिरी युवती



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शनिवार को गिरिडीह नगर थाना क्षेत्र के बरमसिया की रहने वाली संध्या शर्मा नया पुल से नीचे गिरने से बेहोश हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से उसे सदर अस्पताल लाया गया जहाँ उसका इलाज चल रहा है। बताया गया की संध्या शर्मा पिता अरुण ठाकुर उम्र 19 वर्ष घर बरमसिया नगर थाना की रहने वाली हैं वह सिलाई सेंटर में सिलाई सीखने जाने के क्रम में पुल के ऊपर सेल्फी लेने लगी। इसी क्रम में सेल्फी लेने के चक्कर में नीचे गिर गई। हालाँकि उसे हल्की फुलकी चोट आयी है।

# बांगिया संगीत परिषद का 46वां दीक्षांत समारोह आयोजन में मेधावी छात्र-छात्राएं हुए सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** शनिवार को इंडस्ट्रियल कमर्शियल एसोसिएशन ऑडिटोरियम, जोड़ा फाटक रोड में बांगीया संगीत परिषद का 46 वां वार्षिक कॉनवोकेशन (दीक्षांत) सेरेमनी धनबाद में ख्याति प्राप्त ड्राइंग इंस्टिट्यूशन हॉबी सेंटर द्वारा आयोजित किया गया। इस दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि प्रख्यात फोटोग्राफर मुकेश श्रीवास्तव, संस्कार भारती के महानगर महामंत्री संजय सेन गुप्ता, गाइनेकोलॉजिस्ट डॉक्टर आशा राय एवं सुनीता अग्रवाल द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुभारंभ




की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना हॉबी सेंटर की सृजनी के द्वारा बहुत ही मनमोहक प्रस्तुति की गई। इस कार्यक्रम में करीब 80 छात्रों को फिफ्थ ईयर डिप्लोमा सेवंथ ईयर और ऐईटथ ईयर का डिप्लोमा का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि मुकेश श्रीवास्तव ने पेंटिंग के सभी छात्र छात्राओं को इस युग में फोटोग्राफी के क्षेत्र में प्रशिक्षित होने हेतु प्रोत्साहित किया। समस्त भारत में इस तरह का दीक्षांत समारोह पूरे वर्ष 17 विभिन्न स्थानों पर आयोजित किया जाता है। धनबाद के ख्याति प्राप्त चित्रकार शिव शंकर धर ने बताया यह संस्था आसाम, त्रिपुरा, वेस्ट बंगाल, झारखंड मुंबई एवं अन्य राज्यों के साथ विदेशो में भी कार्यशील है। बांगिया संगीत परिषद कोलकाता मुख्यालय से आए श्यामल गांगुली ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। हॉबी सेंटर के निर्देशक शिव शंकर धर ने दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों को धन्यवाद दिया।

# विधानसभा घेराव के लिए सरिया से शामिल होंगे सभी सहायक अध्यापक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरिया(गिरिडीह) :** प्रखंड संसाधन केंद्र सरिया में शनिवार को सहायक अध्यापकों की एक बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता सहायक अध्यापक संघ के प्रखंड अध्यक्ष शिव शंकर रूपांशु ने किया। उस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि झारखंड प्रदेश सहायक अध्यापक संघ के निर्णय अनुसार अपनी मांगों के समर्थन में विधानसभा घेराव हेतु 19 दिसंबर को रांची प्रस्थान करना है। जिसमें सभी सहायक अध्यापकों ने अपनी अपनी सहमति जताई। इस संबंध में प्रखंड अध्यक्ष शिव शंकर रूपांशु ने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव के समय झामुमो द्वारा चुनावी घोषणा पत्र में कहां गया था कि उनकी सरकार बनने पर सहायक अध्यापकों को वेतनमान दिया जाएगा वहीं उन्हें सरकारी शिक्षकों की तरह अन्य सुविधाएं भी जाएगी। परंतु झामुम की हेमंत सरकार के 4 वर्ष बीत जाने के बाद भी सहायक अध्यापकों के लिए बनाई गई नियमावली के तहत उन्हें कोई लाभ मिला है और ना ही वेतनमान।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर हरिला पंचायत भवन में हुई कार्यशाला

**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर हरिला पंचायत भवन में शनिवार को कार्यशाला रखी गई । कार्यक्रम में मौजूद बेंगाबाद बीडीओ निशा कुमारी स्थानीय मुखिया सुधीर रजवार सहित समाज के गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। इस मौके पर बीडीओ निशा कुमारी ने कहा कि विकसित भारत यात्रा का मुख्य उद्देश्य जागरूकता बढ़ाना और कमजोर आबादी तक कल्याणकारी योजना के लाभ पहुंचाने की सुविधा प्रदान करना है। यह अभियान नागरिकों तक पहुंचने, सूचना का प्रसार करने, लोगों से सीखने और प्रक्रिया में लाभार्थियों का नामांकन करने पर केंद्रित है।कहा कि कई सरकारी योजनाएं इस पहल का अभिन्न अंग हैं, जिनमें आयुष्मान भारत-पीएमजेएवाई, पीएम गरीब कल्याण, पीएम आवास योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा, पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, पोषण अभियान, जल जीवन मिशन, स्वामित्व, जन धन योजना एवं अन्य शामिल हैं। उन्होंने ग्रामीण निवासियों के बीच उनके लाभ के लिए बनाई गई कई कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता की कमी पर प्रकाश डाला।

## असर्फी कैंसर संस्थान को एटॉमिक एनर्जी रेगुलेटरी बोर्ड के द्वारा रेडिएशन थेरेपी की स्वीकृती मिली

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** असर्फी कैंसर संस्थान धनबाद का एकमात्र कैंसर संस्थान है जिसको एटॉमिक एनर्जी रेगुलेटरी बोर्ड (भारत सरकार) के द्वारा रेडिएशन थेरेपी के लिए स्वीकृति मिल गई है। इस स्वीकृति के साथ असर्फी कैंसर संस्थान रेडिएशन थेरेपी के द्वारा इलाज़ के लिए धनबाद का पहला कैंसर संस्थान बन गया है। एईआरबी (भारत सरकार) एक इकाई है जो यह सुनिश्चित करता है की आयनीकृत विकिरण और परमाणु ऊर्जा के



उपयोग से लोगो के स्वास्थ्य और पर्यावरण को अनुचित खतरा ना हो। अब धनबाद और आस पास के लोग रेडिएशन थेरेपी के द्वारा इलाज़ की सुविधा का लाभ आसानी से ले सकेंगे। रेडियोथेरेपी, जिसे रेडिएशन थेरेपी भी कहा जाता है, कैंसर के इलाज का एक प्रभावी तरीका है। यह कैंसर कोशिकाओं को मारने या क्षति पहुंचाने के लिए केंद्रित विकिरण का उपयोग करता है ताकि कैंसर बढ़ या फैल न सके।

## संक्षिप्त खबरें

### अघरमा और शाहपुर पंचायत में हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**सिमडेगा :** विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम अंतर्गत आज जिले में कोलेबीरा प्रखंड के अघरमा और शाहपुर पंचायत में कार्यक्रम आयोजित की गई। भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं को आमजनों तक पहुंचाने एवम इन योजनाओं का लाभ संभावित लाभुकों को देते हुए शत प्रतिशत आच्छादन प्राप्त करने के उद्देश्य से भारत सरकार के तत्वावधान में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित किया गया है। आज जिले के कोलेबीरा प्रखंड में कार्यक्रम करते हुए, सर्वप्रथम स्वागत समिति और जेएसएलपीएस की दीदीयों के द्वारा स्वागत गान के माध्यम से कार्यक्रम में मैं उपस्थित सभी मुख्य अतिथि और पदाधिकारीयों के साथ-साथ सभी उपस्थित लोगों का स्वागत किया गया।

# मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय में मनाया गया विजय दिवस

➲देशभक्ति का जुनून पैदा करती है सेना की वर्दी : शिवदयाल उरांव
➲सबसे बड़ी सेवा, देश की सेवा है : कृष्णा प्रसाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में शनिवार को विजय दिवस समारोह आयोजित हुआ। विजय दिवस समारोह पर मुख्य रूप से 16 पूर्व सीआरपीएफ जवान व आर्मी जवान सहित कार्यरत आर्मी जवान सम्मानित किए गए। जवानों में कृष्णा भगत, बसंत उरांव, सहदेव तिग्गा, सुनील उरांव, तिवारी उरांव, मंजित कुजूर, दशरथ उरांव, महावीर भगत, चंद्रशेखर भगत, सुमन उरांव, धर्मदेव भगत, करण कुजूर, दिलीप भगत, दीपक कुजूर, बिरसू उरांव और सुखनाथ खेस को सम्मानित किया गया। अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित और श्रद्धा सुमन अर्पित करने के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। विजय दिवस पर शहीदों और भारतीय सेना के सम्मान में महाविद्यालय के भैया-बहनों द्वारा देशभक्ति गीत और नृत्य प्रस्तुत किया गया, जिसमें रोशनी उरांव, ज्योति प्रिया कुजूर, रोशनी उरांव, पूनम कुमारी, काजल कुमारी, रितु कुमारी के प्रदर्शन काफी सराही गई। विशिष्ट अतिथि पूर्व सीआरपीएफ जवान शिवदयाल उरांव ने कहा कि फौजी यूनिफॉर्म पहनने से फौजियों में जुनून साहस और देशभक्ति पैदा होती है। उन्होंने कहा कि सभी युवाओं को एक अवसर ऐसा जरूर मिलना चाहिए कि जिसमे उन्हें देश सेवा करने का अवसर मिले। शिक्षाविद् सदस्य कृष्णा प्रसाद ने बताया कि देश के लिए मर मिटने का जुनून एक अलग चीज होती है। उन्होंने बताया कि कैसे 1971 की लड़ाई में 93000 पाकिस्तानी सैनिकों ने भारतीय सैनिकों के सामने घुटने टेक दिए। इसके पूर्व अतिथियों का परिचय एवं स्वागत महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने किया। कार्यक्रम का संचालन स्नेहा शर्मा और धन्यवाद ज्ञापन चेतना प्रिया ने किया। मौके पर सचिव अजय प्रसाद, प्रीति कुमारी गुप्ता, रेणु कुमारी, रश्मि साहू, यशोदा कुमारी, ऋद्धि मिश्रा, अर्चना कुमारी, आरती भगत, रितेश कुमार पाठक सहित महाविद्यालय की शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# असामाजिक तत्वों ने खलिहान में लगाई आग, लाखों का धान जलकर राख

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुड़ू-लोहरदगा :** कुडू प्रखण्ड अंतर्गत सुंदरू पंचायत के ओपा गांव स्थित खलिहान में शनिवार की शाम असामाजिक तत्वों ने खलिहान में आग लगा दी। जिससे किसान लाल निरोज नाथ शाहदेव और विजय ठाकुर के धान जलकर राख हो गए। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की शाम करीब 3:30 बजे कुछ लोगों ने जल रहे खलिहान से आग की लपटें उठती देख शोर मचाया। हल्ला सुन गांव के लोगों खलिहान की ओर दौड़े और मोटर पंप चालू कर बड़ी मशक्क्त के बाद आग बुझाने में सफल हुए लेकिन तब तक दोनों का खलिहान मे रखा गया धान का बोझा जल चुका था। पीड़ित किसान निरोज शाहदेव ने बताया कि सिर्फ उनका करीब तीन लाख का नुकसान हुआ है। उन्होने



बताया कि आग किसने और किस वजह से लगाई है हमे इसकी जानकारी नही है। हम लोगों ने इसकी सूचना कुडू अंचलाधिकारी को दी है। इस वर्ष अछि बारिश नही होने के कारण कुछ किसानो किसी प्रकार धान की खेती की थी। इस घटना से दोनों किसान के परिवार के समक्ष आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। पीड़ित किसानो ने प्रशासन से मुआवजे की गुहार लगाई है। सीओ प्रवीण कुमार सिंह से बात करने पर उन्होने ने बताया कि खलिहान में आग लगने से धान जलने की सूचना मिली है। राजस्व कर्मचारी को रिपोर्ट के लिए ओपा गांव जाने का निर्देश दिया गया है। रिपोर्ट मिलते ही मुआवजे के लिए जिला स्तरीय अधिकारी के पास अनुशंसा की जाएगी।

# कार्यकर्ता संगठन के रीढ़ होते हैं : राधा तिर्की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के नन्दगाँव फार्म के समीप जिप सदस्य की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर प्रखंड जेएमएम महिला मोर्चा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से जेएमएम जिला अध्यक्ष मोजमिल अहमद उपस्थित थे। वही जिप सदस्य राधा तिर्की के नेतृत्व में जेएमएम के महिला मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष, सचिव, उपाध्यक्ष तथा सभी सदस्यों को बुके देकर तथा माला पहनाकर सभी को सम्मानित किया गया। वही सभी को बधाई देते हुए कहा कि कार्यकर्ता संगठन का रीढ़ होते हैं। जिसे आप सभी के माध्यम से पार्टी को मजबूती मिलेगा और आगामी चुनाव में जेएमएम उम्मीदवार को जीत दिलाने में सभी का सहयोग प्राप्त होगा। साथ ही प्रखंड के अलावे सभी पंचायत में कमिटी गठन करने का निर्देश दिया गया। वही जिला अध्यक्ष मोजमिल अहमद ने कहा कि हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में झारखण्ड विकास की ओर बढ़ रहा है। आने वाले समय मे भी फिर से झारखण्ड में जेएमएम की सरकार होगी। सभी कार्यकर्ता जन सम्पर्क अभियान चला कर पार्टी का नीति सिद्धांत से जनता को अवगत कराते हुए अन्य लोगों को भी पार्टी से जोड़ने का कार्य करें। मौके पर बिस सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सरिता भगत के अलावे महिला मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष सुषमा उराँव, उपाध्यक्ष कविता देवी, सीमा उराँव, सुनीता कुमारी, सचिव पूजा सहाय, जगसैनी दास के अलावे पूनम उराँव, किरण उराँव, अमृता उराँव, सुशीला उराँव, कुन्ती उराँव सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मिशन वात्सल्य की विभिन्न योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन को लेकर कार्यशाला का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मिशन वात्सल्य की विभिन्न योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयनक एवं जेण्डर सेंसेटिव एप्रोच टू चाइल्ड प्रोटेक्शन विषय पर स्वैच्छिक संगठन (टीडीएच) के संयुक्त तत्वावधान में आज कार्यशाला का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। कार्यशाला में टीडीएच की स्मिता द्वारा विषय के संबंध में जानकारी दी गई और बताया गया कि जब हम बचपन रहता तो उस समय की सोच अलग होती है। स्कूल जाते हैं और कॉलेज जाते हैं तो मानसिकता अलग हो जाती हैं। नौकरी करते हैं या समाज में रहते हैं या सीनियर सिटीजन के रूप में हमारी सोच महिला या पुरूष के लिए अलग-अलग हो जाती है। लिंग के आधार पर हमारी सोच अलग हो जाती हैं। हमें इसी नजरिये को एक करने की जरूरत है। कार्यक्रम में बताया गया कि पुरूष व महिला सभी क्षेत्र में एक समान कार्य कर रहे हैं। तकनीकी रूप से या मानसिक रूप से महिलाएं किसी पुरूष से कहीं भी कम नहीं हैं। कहीं किसी के लिए कोई कार्यक्षेत्र तय होता है तो वह समाज ही करता है। घर से इसकी शुरूआत होती है। हमें इसमें सुधार करने की आवश्यकता हैं। आज के कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता, डालसा सचिव राजेश कुमार, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी पलटू महतो, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा, जिला शिक्षा अधीक्षक, डॉ शंभूनाथ चौधरी, बाल संरक्षण पदाधिकारी, संरक्षण पदाधिकारी समेत सभी महिला पर्यवेक्षिका समेत अन्य उपस्थित थे।

# उत्क्रमित वेतनमान पर आदेश पारित कराने को लेकर वित्त मंत्री से मिला शिक्षक संघ

## अपग्रेड वेतनमान का लाभ शिक्षकों को मिले : शैलेंद्र सुमन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उत्क्रमित वेतनमान पर उच्च न्यायालय रांची के आदेश के बाद शिक्षकों ने राहत की सांस ली है। हाईकोर्ट का आदेश का लाभ शिक्षकों को मिल सके इसके लिए झारखंड प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ ने अपना प्रयास भी शुरू कर दिया है। इसी बावत संघ का एक प्रतिनिधिमंडल वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव से मिलकर हाईकोर्ट के निर्णय से संबंधित एक ज्ञापन सौंप कर इसे शीघ्र लागू करने की मांग की। विदित हो कि प्राथमिक शिक्षकों को उत्क्रमित वेतनमान देने का संकल्प 2013 में जारी हुआ था। किंतु तत्कालीन वित्त सचिव



राजबाला वर्मा जी 2014 में फिटमेंट टेबल के कुछ बिंदुओं पर समीक्षा के नाम पर रैक लगा दी थीं। वर्ष 2019 में इसी फिटमेंट टेबल का लाभ सचिवालय कर्मियों को दे दिया गया। किंतु शिक्षकों पर रोक जारी रहा। विवश होकर शिक्षक माननीय हाईकोर्ट में याचिका दायर किए थे जिसपर हाईकोर्ट का निर्णय शिक्षकों के पक्ष में आया है। प्रतिनिधि मंडल को माननीय मंत्री ने आश्वास्त किया कि माननीय उच्च न्यायालय के आदेश में शिक्षकों को उत्क्रमित वेतनमान देने का पहल जल्द की जाएगी। प्रतिनिधिमंडल में संघ के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र सुमन,

# कमल किशोर भगत की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम की तैयारी पूरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** रविवार को पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत जी की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर प्रातः 10:00 बजे लोहरदगा आजसू प्रधान कार्यालय ब्लॉक मोड में आंदोलनकारी सह पूर्व विधायक कमल किशोर भगत जी की प्रतिमा का अनावरण आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो जी के द्वारा संपन्न होगा। इस अवसर पर माननीय साँसद चंद्र प्रकाश चौधरी, विधायक लंबोदर महतो, विधायक सुनीता चौधरी, झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री रामचंद्र सहित,केंद्रीय प्रवक्ता डॉक्टर देवशरण भगत, केंद्रीय उपाध्यक्ष हसन अंसारी, रांची जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत, वरीय उपाध्यक्ष हरे



लाल महतो, केंद्रीय उपाध्यक्ष तिवारी महतो एवं लोहरदगा विधानसभा प्रभारी सह पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत की पत्नी नीरू शांति भगत सहित अन्य केंद्रीय पदाधिकारी उपस्थित होंगे। इस कार्यक्रम की तैयारी पूर्ण रूप से कर ली गई है। कमल किशोर भगत स्मारक समिति के द्वारा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक, व्यवसायिक संगठन के लोगों को आमंत्रित किया गया है, साथ ही आम जनता से भी इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई है, इस संबंध में नीरू शांति भगत ने कहा कि आज का दिन लोहरदगा के लिए ऐतिहासिक होगा क्योंकि पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत के द्वारा किए गए विभिन्न कार्यो के लिए आज भी लोग उनको याद करते हैं।

# पारवर व नवाडीह पंचायत में आयोजित हुआ हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन आज किस्को प्रखण्ड के पाखर पंचायत और नवाडीह पंचायत में आयोजित किया गया। दोनों स्थानों पर मोबाईल आईईसी वैन के द्वारा माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा दिये गये संदेश को प्रसारित किया गया। केंद्र सरकार की योजनाओं से लाभान्वित लाभुकों के वीडियो को भी एलईडी वैन के माध्यम से दिखलाया गया। कार्यक्रम में संबंधित विभागों के कर्मियों द्वारा केंद्र प्रायोजित योजनाओं की जानकारी दी गई और योजनाओं



का लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में सभी उपस्थित लोगों को भारतवर्ष को वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने, भारत की एकता को सुदृढ करने, देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करने और कर्तव्यनिष्ठ नागरिक होने का दायित्व निभाने की शपथ दिलायी गई। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत), पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना,पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, जन धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रनाम, नैनो फर्टिलाईजर, सर्वे ऑफ विपेज एण्ड मैपिंग विद इंप्रोवाइज्ड टेक्नोलॉजी इन विलेज एरिया (SVAMITVA) आदि योजनाओं की जानकारी दिखायी गई। उपस्थित जनसमूह में नववर्ष का कैलेंडर तथा केंद्र सरकार की योजनाओं से संबंधित बुकलेट का वितरण किया गया। आज के कार्यक्रम में प्रखण्ड के कर्मी, जनप्रतिनिधि व ग्रामीण आदि उपस्थित थे।

## जिला अधिवक्ता संघ द्वारा सम्मान समारोह में 11 अधिवक्ताओं को किया गया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा जिला बार एसोसिएशन के कार्यालय परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। 48 वर्षो से अधिक समय से विधिक कार्य से जुड़े 11 अधिवक्ताओं को शॉल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पीडीजे राजेन्द्र बहादुर पाल सहित तमाम न्यायिक पदाधिकारीगण विशेष रूप से मौजूद रहे। इस मौके पर सम्मान पाने वाले अधिवक्ता भावुक दिखें। पहली बार जिला अधिवक्ता संघ के द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। और यह सम्मान सभी अधिवक्ताओं के लिए है। वही सम्मान पाने वाले अधिवक्ताओं ने कहा की जब काम शुरू किया था तब यह दिन भी आएगा वो नहीं जानते थे। जब इन्हें मंच से सम्मानित किया जाएगा। आज खुशी का पल है और नए आने वाले अधिवक्ताओं को बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी। मौके पर अधिवक्ता गण मौजूद थे।

# झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का पहुचे जोन्हा टोली, सुनी ग्रामीणों की समस्या

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का का कोलेबिरा प्रखंड के बरसलोया पंचायत अंतर्गत जोन्हाटोली गांव के ग्रामीणों द्वारा बुलाने पर वे ग्रामीणों के बीच पहुंचे। जहाँ ग्रामीणों ने उनका पारंपरिक रूप से स्वागत किया जिसके बाद ग्रामीण अपने क्षेत्र की समस्याओं के बारे में संदेश एक्का के समक्ष रखा। ग्रामीणों के द्वारा बताया गया की हमारे क्षेत्र में समस्याएं तो अनेक है जो बिजली और पानी की भी है परंतु सड़क की समस्या विशेष है। लसिया से चांदो बाजार होते हुए बरसलोया बस्ती जाने वाली मुख्य पथ से ग्रामीणों का



आवागमन कहीं ना कहीं खतरों से भरा हुआ बना रहता है, लोग साइकिल, मोटरसाइकिल या अन्य वाहन चार पहिया वाहन से आवागमन करते हैं। स्कूल के बच्चे साइकिल चलाकर अपने विद्यालय पढ़ने को आते है परंतु सड़क पर गढ़े एवं पड़े हुए बड़े-बड़े बोल्डर हमेशा किसी ना किसी घटना को आमंत्रित करते हैं। लोगों ने अनुरोध करते हुए कहा कि आप हमारे इस सड़क को आवागमन लायक बनवा दे साथ ही कुछ महिलाओं ने पानी की समस्या उठाते हुए कहा के नल जल योजना हमारे लिए सिर्फ कागज तक है। हम लोगों को इस योजना का कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। आज भी हम पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। पंप टोली, बिरनी बेड़ा, जोन्हा टोली, नीचे बस्ती, आदि गांव की महिलाओं ने अनुरोध किया की आप हमारी पानी की समस्या को दूर कर दे जिससे हमें कुछ राहत हो पाए। ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने के बाद संदेश से कहा कि जिस प्रकार आप अपनी समस्याओं को लेकर एक स्थान पर जुड़ते हैं और सभी एकजुट होकर अपनी बातों को रख रहे हैं इसी प्रकार जब किसी नेता को चुने की बारी आती है उस समय भी आप एकजुट होकर एक निर्णय ले और एक अच्छे अगुवा का चुनाव करें जो आपके सुख-दुख का साथी हो।

## झारखंड आंदोलनकारी के आश्रितों को आरक्षण देना सरकार का सराहनीय कदम : आलोक साहू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोकसभा कांग्रेस समन्वय समिति के सदस्य आलोक कुमार साहू ने कल झारखंड सरकार के कैबिनेट में झारखंड आंदोलनकारी के आश्रितों को नियुक्ति में 5 फ़ीसदी क्षैतिक आरक्षण देने का लिया गया निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि झारखंड सरकार ने झारखंड आंदोलनकारी को तोहफा दिया है। श्री साहू ने कहा कि कैबिनेट ने झारखंड पदों एवं सेवाओं की रिक्तियां में आरक्षण अधिनियम 2001 में संशोधन के लिए विधेयक 2023 की मंजूरी दी है इसके तहत राज्य सरकार की रिक्तियां में आंदोलनकारी के एक आश्रित को 5 प्रतिशत आरक्षण इसके अलावा महिलाओं को भी



रिक्तियों में 5 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण दिया जाएगा। दिव्यांगों को भी इस व्यवस्था का लाभ मिलेगा। श्री साहू ने कहा कि झारखंड की इंडिया सरकार एक संवेदनशील सरकार है यह सभी वर्गों का ध्यान रखती है।

# सरकार की योजनाओं का लाभ लें : रीना कुमारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन आज सदर प्रखंड के तिगरा पंचायत के बेजवाली मैदान और भंडरा प्रखंड के गडरपो पंचायत में आयोजित किया गया। सदर प्रखंड में आयोजित कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी द्वारा आमजनों को अबुआ आवास योजना,ग ुरूजी स्टुडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, जाति/ आय/ आवासीय/ दिव्यांगता प्रमाण-पत्र, राजस्व के जुड़े मामले जैसे म्युटेशन, लगान रसीद तथा ऑनलाईन रिकॉर्ड में सुधार करने से संबंधित मामले, आयुष्मान



कार्ड, 15 वें वित्त, जनजातीय कल्याण, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना समेत अन्य योजनाओं की जानकारी दी गयी। साथ ही लोगों से सरकार की योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। कार्यक्रम में सरकार की सभी योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाये गये। अबुआ आवास योजना, सर्वजन पेंशन योजना, आधार सेवा केंद्र, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, बिजली विभाग, नागरिक सहायता केंद्र, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, कल्याण विभाग, सोना सोबरन धोती साड़ी वितरण योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के स्टॉल में ग्रामीणों द्वारा योजनाओं की जानकारी ली गई एवं अहर्ताधारियों द्वारा विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने हेतु आवेदन समर्पित किया गया। कार्यक्रम में बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, धोती/ लुंगी-साड़ी वितरण योजना, राजस्व में म्यूटेशन, कम्बल वितरण समेत विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच वितरण किया गया। आज के कार्यक्रम प्रखंडों के पदाधिकारीगण व जन प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

# विजय दिवस पर सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर के भैया बहनों द्वारा किया गया पथ संचलन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा विजय दिवस के अवसर पर अनाम शहीदों के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित कर शौर्य गाथा को याद करके पथ संचलन नगर के प्रेम नगर शारदा नगर बसार टोली होते हुए विद्यालय में पुनः समाप्त हुआ। तत्पश्चात भारत राष्ट्र की शौर्य गाथा जिनके माध्यम से इतिहास के स्वर्णिम पन्नों में अंकित है उन सैनिकों के सम्मान में भव्य समारोह का आयोजन विद्यालय के सभागार में किया गया। इस अवसर पर भूतपूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट के संरक्षक सहदेव



भगत, अध्यक्ष धर्मराज महतो, गोकुल उरांव, रामचरित भगत, सदस्य मुन्नी मिंज, रनिया उरांव पत्नी, स्वर्गीय शुक्र उरांव, श्री शीतल उरांव की पत्नी तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य के द्वारा मां सरस्वती भारत माता ओम के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्चन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों को विद्यालय परिवार के द्वारा श्रीफल एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।अनाम शहीदों के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री सुरेश चंद्र पांडे ने कहा कि वर्तमान तथा भूतपूर्व सैनिकों के कंधों पर ही राष्ट्र का भविष्य सुरक्षित रहा है और सुरक्षित रहेगा। आज का दिवस हम भारतवासियों के लिए गौरव का क्षण है इस दिन को भारतीय सैनिक वीरों ने पाकिस्तान के लगभग 93 हजार सैनिकों को आत्म समर्पण करवा दिया तथा पाकिस्तान के दो भाग पूर्वी पाकिस्तान को बांग्लादेश के रूप में मान्यता प्रदान करवाई। आज उन अनाम सैनिकों को इस अवसर पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं। विद्यालय की बहने तृषा जायसवाल एवं उनकी सहेलियों के द्वारा स्वागत गीत गया। विद्यालय के आचार्य श्री गणेश साहू ने विजय दिवस के महत्व को प्रतिपादित किया।

## चलते चलते एक नजर

### मनी लान्ड्रिंग के आरोपित मुकेश मित्तल की अग्रिम जमानत पर सुनवाई पूरी

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में टेंडर घोटाला के जरिये अवैध कमाई करने और मनी लान्ड्रिंग करने के आरोपित मुकेश मित्तल की अग्रिम जमानत याचिका पर शनिवार को सुनवाई हुई। मामले में दोनों पक्षों की बहस पूरी हो गयी है। ईडी के विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार ने बहस की। उन्होंने अदालत को बताया कि मुकेश मित्तल ग्रामीण विकास विभाग के चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम की अवैध कमाई को निवेश करने में सबसे बड़ा मददगार है। इसलिए इसे अग्रिम जमानत नहीं दी जानी चाहिए। उल्लेखनीय है कि मुकेश मित्तल पर आरोप है कि वह निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के कालेधन को विभिन्न खातों से सफेद बनाकर उनके पारिवारिक सदस्यों के खाते में जमा करवाता था। इसके लिए मुकेश मित्तल अपने कर्मचारियों और रिश्तेदारों के बैंक खातों का इस्तेमाल करता था।

### राजा पीटर ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से की मुलाकात

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड के पूर्व मंत्री गोपाल सिंह पातर उर्फ राजा पीटर शनिवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से मिलने उनके आवास पर पहुंचे। दोनों नेताओं की इस मुलाकात को राजनीतिक हलकों में कई मायने निकाले जा रहे हैं। चर्चा ये हो रही है कि राजा पीटर भाजपा में शामिल हो सकते हैं। राजा पीटर, जिन्होंने पूर्व मंत्री रमेश सिंह मुंडा की हत्या के बाद तमाड़ सीट पर हुए उपचुनाव में झारखंड के तत्कालीन सीएम और झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन को हराकर चर्चा में आये थे। इस हार की वजह से वर्ष 2009 में शिबू सोरेन की सरकार गिर गई थी।

### छिपादोहर में भाजयुमो मंडल कमेटी का गठन

**बरवाडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मनिका विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत छिपादोहर मंडल में शनिवार को भाजयुमो जिलाध्यक्ष छोटू राजा के नेतृत्व में भाजयुमो मंडल कमेटी का गठन किया गया जिसमें भाजयुमो अध्यक्ष के रूप में बृजमोहन सिंह उपाध्यक्ष इन्द्रनाथ सिंह, राजेन्द्र सिंह, महामंत्री पवन कुमार गुप्ता,चन्द्रदीप सिंह और मंत्री के रूप में आयुष कुमार, जितेन्द्र यादव को किया गया। कमेटी गठन के संबंध में मंडल अध्यक्ष मुन्द्रिका सिंह ने बताया कि पूर्व में भाजयुमो अध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह को बनाया गया था जो उनके इस्तीफे पर संगठन का कार्य प्रभावित हो रहा था इसलिए भाजयुमो का गठन किया गया। मौके पर मंडल महामंत्री मुन्ना गुप्ता, उपाध्यक्ष सुमंत यादव, जिला मंत्री अजय प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि अजय सोनी,मदन सिंह, समेत कई लोग मौजूद रहे।



## उत्कृष्ट छात्रों को स्कॉलरशिप देगा संत मरियम स्कूल : अविनाश




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** किसी भी राष्ट्र निर्माण में शिक्षा का एक अहम रोल होता है। बेहतर ,विकसित ,समृद्ध, सशक्त भारत की परिकल्पना उत्कृष्ट शिक्षा से ही संभव है। बदलते परिदृश्य के अनुसार शिक्षा के स्तर में भी व्यापक परिवर्तन देखने को मिलता है। अगर हम विकसित राष्ट्र की बात करें तो हम पाते हैं कि अलग-अलग राष्ट्र में बच्चों को पाठ्यक्रम के अलावा विभिन्न तकनीकी कौशल की शिक्षा प्रदान की जाती है। निश्चित रूप से यह कौशल उस बालक के साथ उसके समाज और अंततः राष्ट्र के निर्माण में एक अहम भूमिका निभाती है। विकसित राष्ट्रों की परिकल्पना को संजोए हुए हम सभी देशवासियों का यह परम कर्तव्य है कि राष्ट्र निर्माण में अपना बहुमूल्य योगदान दें। उक्त बातें संत मरियम स्कूल के निदेशक अविनाश देव ने कही। वे शनिवार को विद्यालय परिसर में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संत मरियम स्कूल अपनें स्थापना काल से ही समृद्ध और सशक्त भारत के निर्माण में अपनी महत्ती भूमिका निभा रहा है। प्रारंभिक समय से ही बच्चों के अंदर छिपी हुई अलग-अलग प्रतिभाओं को निखारने का कार्य विद्यालय कर रहा है।

### क्वालिटी एजुकेशन, खेल सहित विविध विधाओं में पारंगत हैं संत मरियम स्कूल के बच्चे

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ क्रिकेट फुटबॉल, म्यूजिक,नृत्य कराटे तीरंदाजी, शूटिंग सहित विविध विधाओं में यहां के बच्चे पारंगत हो रहे हैं। प्रत्येक वर्ष शैक्षणीक रिजल्ट में उत्कृष्टता को बरकरार रखने के साथ-साथ विभिन्न खेलों में भी सैकड़ो मेडल विद्यालय प्रतिवर्ष प्राप्त कर रहा है जो विद्यालय के साथ-साथ पूरे जिले वासियों के लिए गौरव का विषय है। सर्वोच्चतम स्थान को बरकरार रखते हुए विद्यालय बेहतर समाज निर्माण की भूमिका को बखूबी निभा रहा है। उपरोक्त तथ्यों का प्रतिकार्थ यह है कि प्रत्येक नए सत्र में विद्यालय की सारी रिक्तियां आराम से भर जाती है। वर्तमान परिदृश्य में अभिभावको की पहली पसंद संत मरियम स्कूल है। मेधावी छात्रों का चयन करने के लिए विद्यालय प्रबंधन प्रतिवर्ष एडमिशन टेस्ट लेकर उनका नामांकन लेती है। उपरोक्त संदर्भो को ध्यान में रखते हुए उत्कृष्ट बच्चों का नामांकन लेने के लिए विद्यालय प्रबंधन ने एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है।

### नए सत्र में विद्यार्थीयो से लिया जाएगा एडमिशन टेस्ट

आगामी नए सत्र में एडमिशन से पहले बच्चो को उनके वर्ग के अनुसार प्रश्न पत्र के 5 सेट दिए जायेंगे। सभी सेटो को पढ़ने के पश्चात विद्यार्थीयो के एडमिशन टेस्ट में उसी में से प्रश्न पूछे जाएंगे। तत्पश्चात् सफल विद्यार्थी का नामांकन लिया जाएगा। इस पूरे प्रक्रिया के माध्यम से विद्यालय प्रबंधन आसानी से बेहतर बच्चो का चयन कर सकेगा। एडमिशन के लिए आयोजित लिखित परीक्षा में 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक लाने वाले उत्कृष्ट बच्चों के मासिक शुल्कमें 5 से 10 प्रतिशत तक एक सत्र के लिए छूट दी जाएगी।

### बेहतर छात्रावास सुविधा के लिए भी जाना जाता रहा है संत मरियम विद्यालय

संत मरियम स्कूल अपने स्थापना काल से ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ बेहतर छात्रावास सुविधा के लिए भी जाना जाता रहा हैं। छात्रावास का पारिवारिक माहौल, भोजन का उत्तम प्रबंध सहित मिलने वाली सुविधाएं इसे सर्वोच्च सिद्ध करती है।

पलामू गढ़वा, लातेहार सहित राज्य के कोने-कोने साथ ही दूसरे राज्य के विद्यार्थियों की पहली पसंद संत मरियम छात्रावास बनती जा रही है। आगामी सत्र में नए बच्चों के एडमिशन से संबंधित मुद्दे पर विद्यालय प्रबंधन अभिभावकों से अपील करता है कि एक बार विद्यालय के छात्रावास का अवलोकन करें तत्पश्चात अपने पाल्यो का नामांकन सुनिश्चित करें।

### इनकी रही उपस्थिति

मौके पर चेयरमैन अविनाश देव सहित प्रिंसिपल आदर्श कुमार,रिजवाना प्रवीण,अमृत कौर सहित सभी शिक्षक मौजूद रहे।

## देश में परिवर्तन लाएगा 2 करोड़ लखपति दीदी बनाने का प्रधानमंत्री का लक्ष्य : अमित

**एजेंसी**

**अहमदाबाद :** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को साणंद में विकसित भारत संकल्प यात्रा को संबोधित किया। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लक्ष्य रखा है कि देश में 2 करोड़ लखपति दीदी बनानी हैं। यह योजना अगर देश के हर गांव तक सफलता के साथ पहुंच जाये, तो भारत में सही मायने में परिवर्तन आ जायेगा। उन्होंने कहा कि देश की गरीब बहनों की आमदनी में वृद्धि होने से उनके जीवन की अनेक छोटी-छोटी समस्याएं समाप्त हो जाएंगी और इसी प्रकार की व्यवस्था की कल्पना विकसित भारत संकल्प यात्रा में की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी जनकल्याणकारी योजनाओं की मोदी गारन्टी है। इस अवसर पर शाह ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा 2047 में जब देश की आजादी के 100 साल पूरे करे तब भारत पूर्ण विकसित हो उसका संकल्प लेने की यात्रा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में पिछले 10 सालों में सुरक्षा, अर्थव्यवस्था सहित हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए हैं। मोदी सरकार ने देश की सुरक्षा को सुनिश्चित किया है। कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने का स्वप्न प्रधानमंत्री मोदी ने पूरा किया। मोदी जी के नेतृत्व में भव्य राममंदिर भी बनने जा रहा है। मोदी जी के ही शासनकाल में हमारा चंद्रयान चांद पर पहुंचा और चांद पर तिरंगा फहराया गया। उन्होंने कहा कि केन्द्र में नरेन्द्र मोदी की सरकार होने से गुजरात को तो डबल फायदा हुआ है। केन्द्र की मोदी सरकार और गुजरात में भूपेन्द्र पटेल की सरकार के रूप में डबल इंजन सरकार का लाभ गुजरात में देखने को मिला है। गुजरात में अच्छी सड़कें बनाने और 24 घंटे बिजली देने का काम नरेन्द्र मोदी सरकार ने किया है।

## कांग्रेस कार्यालय में बांग्लादेश के निर्माण पर डॉक्यूमेंटरी फिल्म चलाई गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में शनिवार को बांग्लादेश मुक्ति युद्ध 1971 की स्वर्ण जंयती के अवसर पर बडे एलईडी के माध्यम से भारत-पाकिस्तान युद्ध और बांग्लादेश के निर्माण पर डॉक्यूमेंटरी फिल्म चलाई गई। मौके पर प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि भारत को सबसे बड़ी जीत दिलाने वाली प्रधानमंत्री मंत्री इन्दिरा गांधी के ऐतिहासिक योगदान को कभी भूलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि इन्दिरा गांधी ने विश्व का इतिहास ही नहीं बल्कि भूगोल बदलने का भी कीर्तिमान स्थापित किया। इसके साथ ही यह गर्व की बात है कि झारखंड राज्य के परमवीर लांस नायक अलबर्ट एक्का इस युद्ध में शामिल थे और विजय दिलवाने में पोदना बलमुचू, लेवनूस किन्डो, नायक सुबेदार राफेल कन्डूलना, हवलदार बरनाबस किड़ो,



हवलदार बनेसियएस किडो की अहम भूमिका थी। उन्होंने सभी जवानों को भी नमन किया। यह युद्ध भारत के लिए ऐतिहासिक और हर देशवासी के हृदय में उमंग पैदा करने वाला साबित हुआ था। उन्होंने कहा कि इस युद्ध में करीब चार हजार भारतीय सैनिक वीरगति प्राप्त हो गए थे। हम उनके प्रति भी अपनी श्रद्धासुमन अर्पित करते है और नमन करते हैं।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए सांसद वीडी राम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** सांसद पलामू विष्णु दयाल राम ने पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत पाटन प्रखंड के ग्राम पंचायत उताकी एवं पाल्हे कला में विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सांसद श्री राम ने विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा पलामू संसदीय क्षेत्र के सभी पंचायतों में सरकार की प्रमुख योजनाओं यथा प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री उज्वला योजना, किसान सम्मान निधि योजना, केसीसी,पोषण अभियान, जनधन योजना, सुरक्षा बीमा योजना, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना इत्यादि योजनाओं की समुचित जानकारी जनता को दी जा रही है। इसका मुख्य उद्देश्य समाज के आखिरी व्यक्ति तक योजनाओं की जानकारी को पहुंचाना और



उनके बीच केन्द्र सरकार की योजनाओं को लेकर प्रचार-प्रसार के माध्यम से जागरूकता पैदा करना तथा उन्हें उपरोक्त सभी योजनाओं का लाभ दिलाना है। कहा कि प्रधानमंत्री के सपने 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर एवं विकसित देश बनाने को साकार करना है। आप सभी अपने-अपने ग्राम पंचायतों में निर्धारित स्थान पर उक्त कार्यक्रम में अवश्य सम्मिलित होकर केन्द्र सरकार की योजनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त करें एवं इसका लाभ उठाएं। उक्त कार्यक्रम में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें उपस्थित लोग अपने स्वास्थ्य की जांच करा रहे हैं टीवी रोग से ग्रसित मरीजों को मुफ्त में दवाइयां दी जा रही है। स्किल सेल एनीमिया की जानकारी प्रदान की जा रही है। ड्रोन दीदी कार्यक्रम के अंतर्गत ड्रोन से दवाइयों एवं खाद के छिड़काव का जीवंत प्रदर्शन किसानों के समक्ष दिया जा रहा है। संकल्प यात्रा कार्यक्रम का मोदी की गारंटी वाली गाड़ी के माध्यम से भी उपरोक्त योजनाओं के संबंध में उपस्थित जनता को दी जा रही है। साथ ही इस कड़ाके की ठंड में उपस्थित जरूरतमंदों के बीच कंबल का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त रवि आनंद, जेएसएलपीएस के विमलेश शुक्ला भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्याम नारायण दुबे,विभाकर नारायण पाण्डेय,परशुराम ओझा, प्रफुल्ल कुमार सिंह, जिला परिषद सदस्य प्रमोद कुमार सिंह,भोला सिंह, जिला प्रतिनिधि विजय ओझा सहित प्रखंड के पदाधिकारीगण एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं भारी संख्या में ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

### अब पेन-पेपर बेस्ड होगी जेएसी बोर्ड की परीक्षा

**रांची :** राज्य में 16 फरवरी से शुरू होने जा रहे मैट्रिक और इंटर परीक्षा के पैटर्न में बदलाव कर दिया गया है। झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जेएसी) की बोर्ड बैठक में यह फैसला लिया गया है। इस बदलाव के मुताबिक, अब बोर्ड की परीक्षाओं में ओएमआर शीट को शामिल नहीं किया जाएगा। अब केवल पेन-पेपर बेस्ड बोर्ड की परीक्षा होगी। साल 2024 में होने जा रही बोर्ड की परीक्षा में 50 अंक की लिखित परीक्षा, 30 अंक कर ऑब्जेक्टिव परीक्षा और 20 अंक का प्रैक्टिकल लिया जाएगा। बोर्ड बैठक के बाद लिए गए निर्णय में बताया गया है कि परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों को एक ही प्रश्नपत्र मिलेगा, जिसमें ऑब्जेक्टिव और सब्जेक्टिव सवाल होंगे। परीक्षार्थियों को दोनों ही सवालों के जवाब एक ही उत्तर पुस्तिका में देनी होगी। ऑब्जेक्टिव और सब्जेक्टिव सवालों के अंक में भी बदलाव हुआ है।

## भाजयुमों के मंडल कार्यसमिति की बैठक संपन्न

### भाजपा एकमात्र पार्टी है जो हर वर्ग का ख्याल रखती है : रितेश चौबे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** भाजयुमो रंका दक्षिणी मंडल अध्यक्ष बलराम यादव की अध्यक्षता में रंका के बिश्रामपुर में मंडल सशक्तिकरण अभियान को लेकर मंडल कार्यसमिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं वंदे मातरम् गीत के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान झामुमो छोड़कर युवाओं ने भाजयुमो का दामन थामा जिसे भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने पार्टी का पट्टा दे कर शामिल किया। शामिल होने वालों में मुख्य रूप से अजय यादव, उपेन्द्र यादव, नंदलाल यादव, रविन्द्र यादव, महेश सिंह, शंकर राम, दिलीप सिंह के नाम शामिल हैं। बैठक को संबोधित करते हुए भाजयुमो जिलाध्यक्ष सह मंडल विस्तारक रितेश चौबे ने कहा कि युवाओं को भ्रष्ट हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए तैयार रहना होगा। अब समय नजदीक आ गया है लोकसभा विधानसभा चुनाव के लिए



कार्यकर्ताओं को तैयार रहना है। उन्होंने कहा कि भाजयुमो से लगातार युवा जुड़ रहें हैं। मंडल सशक्तिकरण अभियान में मंडल से लेकर शक्ति केंद्र स्तर पर युवाओं को संगठन से जोड़ने का अभियान चल रहा है। भाजपा सरकार ने जनहित में अनेकों योजनाएं बनाई जिससे प्रभावित हो कर लोग संगठन में शामिल हो रहें हैं। भाजपा नेता मुरारी यादव ने कहा कि भाजपा एकमात्र ऐसा पार्टी है जो हर वर्ग का ख्याल रखती है। सबका साथ सबका विकास के भाजपा कार्यकर्ता एवं केंद्र सरकार लगातार काम कर रही है। इससे भाजपा के लिए आम जनता का विश्वास बड़ा है। विपक्षी दलों के लोग सिर्फ झारखंड को लुटने में लगे हुए हैं। गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में जनता त्राहिमाम कर रही है। आनेवाले दिनों में परिवर्तन तय है। बैठक में मुख्य रूप से पुर्व विधायक प्रतिनिधि संतोष तिवारी, प्रमोद जायसवाल, मनोज ठाकुर, गिरिवर यादव, बिरेन्द्र कोरवा, अजय यादव, संतोष तिवारी, गुड्डु रवि, गिरिराज यादव, उदय यादव, पुर्व सैनिक उदय प्रसाद, गिरवर यादव, बसंत बिश्वकर्मा, भोला पासवान, देवेन्द्र सिंह, बिजय सिंह, उपेन्द्र यादव, सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

## निगम और ट्रैफिक पुलिस के बीच तालमेल का अभाव, जाम में लोग हो रहे परेशान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** शनिवार को शाम करीब 6ः00 बजे से जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम से लेकर अटल वेंडर मार्केट होते हुए शहीद चौक से लेकर शहिद अल्बर्ट चौक तक ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त होता नजर आया, ऐसा नजारा रोज का है, लोग जाम में फंसे रहते हैं, शनिवार को भी यही स्थिति थी। इस जाम में कई गाड़ियों की लंबी लाइन लग हुई थी , वाहनों का आवागमन ठप हो गया था । लोग परेशान हो गए थे। इसकी सूचना पर ट्रैफिक एसपी कुमार गौरव खुद शहिद अल्बर्ट का चौक पहुंचे और ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने का सख्त निर्देश दिए। मौके पर ट्रैफिक डीएसपी जीतवाहन उरांव सहित ट्रैफिक थाना प्रभारी भी मौके पर मौजूद थे । एसपी की निगरानी में देखते-देखते करीब 20 मिनट में ट्रैफिक व्यवस्था में जो जाम का भार था वह धीरे धीरे कम होने लगी। इस दौरान ट्रैफिक एसपी ने कई पुलिसकर्मी ,सिपाहियों को फटकार भी लगाई । ट्रैफिक एसपी ने बताया कि जो रेलिंग है। फुटपाथ दुकानदार कपड़ा रखकर बेचते हैं, सफेद लाइन के बाहर तक आ जाते हैं, शहीद अल्बर्ट एक्का चौक का जो सौंदर्यीकरण हुआ इसके आसपास में जो मिट्टी पड़ी हुई है अभी तक हटाया नहीं गया है । इन सब के लिए नगर निगम को पत्र भी लिखा गया था, कि 15 दिन के अंदर इस व्यवस्था में सुधार लाएं, लेकिन अभी तक कुछ होता हुआ ।

**नगर प्रसाशक ने कहा:** इस संबंध में नगर निगम के प्रशासक अमित कुमार ने बताया कि यदि ट्रैफिक एसपी ने पत्राचार किया है तो इस पर गौर किया जाएगा । लेकिन हर काम निगम का नहीं है हटाना। हम लोग एक बार फुटपाथ से हटा देते हैं तो स्थानीय पुलिस को भी देखना पड़ता है कि वह अगर कोई फुटपाथ या कोई अवैध कब्जा या ग़लत पार्किंग कर रहा है तो इस पर निगरानी रखें। निगम से सहयोग मांगा जाता है निगम सहयोग देता है । जहां पर अल्बर्ट एक्का चौक के पास मिट्टी पड़ा हुआ है उसे हटाने का काम जुडको का है । जहां तक रेलिंग की बात है तो देखना होगा कि किस कंपनी ने मेन रोड पर रेलिंग लगाई थी उसे भी हटवा दिया जाएगा।

### शोक सभा में अवकाश प्राप्त प्राध्यापक को दी गई श्रद्धांजलि

**गढ़वा :** सूरत पांडेय डिग्री कॉलेज में शनिवार को शोक सभा आयोजित कर एसएसजेएस नामधारी कॉलेज के अवकाश प्राप्त प्राध्यापक सह एसपीडी कॉलेज शासी निकाय के शिक्षाविद प्रोफेसर डा. रामकृष्ण द्विवेदी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शोक सभा को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो. निकलेश चौबे ने कहा कि डा. रामकृष्ण द्विवेदी बहुत ही सरल और मृदुभाषी थे। वे महाविद्यालय के शासी निकाय में शिक्षाविद सदस्य के रूप में शामिल थे। महाविद्यालय को समय समय पर उनका मार्गदर्शन प्राप्त होता था। उनके निधन से महाविद्यालय परिवार मर्माहत है। दुख की इस घड़ी में महाविद्यालय परिवार कदम कदम पर खड़ा है। शोक सभा में प्रो बिरेंद्र पांडेय, प्रो अखिलेश पाठक, प्रो विवेकानंद उपाध्याय, प्रो अर्जुन प्रसाद, प्रो परवेज आलम, प्रो कमलेश सिन्हा, प्रो अखिलेश शुक्ला, प्रो नीलम गुप्ता, अखिलेश तिवारी, प्रो केबी अंसारी, सुरेंद्र दुबे, सुधीर पाठक, अखिलानंद तिवारी, सचिन चौबे, मनोहर राम आदि उपस्थित थे।

## लक्ष्य निर्धारित कर सही कैरियर चुनने के उचित समय है : डीडीसी

### गढ़वा में शुरू हुआ क्रिकेट का महाकुंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन शनिवार को गोविंद हाई स्कूल के मैदान में डीडीसी राजेश कुमार राय, संरक्षक अलखनाथ पांडेय, अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, सचिव आनंद सिन्हा ने दीप प्रज्वलित कर व डीडीसी ने बैटिंग कर किया। इस मौके पर डीडीसी ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर सही कैरियर चुनने का यह उचित समय है। आप सभी लोग अभी नौनिहाल हैं। आप अपने लक्ष्य को तय कर कड़ी मेहनत शुरु कर दें। तभी सफलता मिलेगी। उन्होंने कहा कि खेल न सिर्फ स्वस्थ्य शरीर के लिए जरूरी है बल्कि आप इसे कैरियर के रूप में भी अपना सकते हैं। आयोजक को बधाई देता हूं जो प्रतियोगिता को 22 साल से निरंतर चला रहे हैं। इस प्रतियोगिता में लड़कों के साथ-साथ बेटियों को भी



मौका दिया गया है। अपने कैरियर में ऐसी प्रतियोगिता नहीं देखी। संरक्षक अलखनाथ पांडेय ने कहा कि डीपीएससीसी ने बच्चों को न सिर्फ पढ़ाने का बल्कि उनके अंदर की प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए भी खेल का एक प्लेटफार्म तैयार किया है। उन्होंने कहा की खेल हमको अनुशासन सिखाता है। इस आयोजन का दर्शकों को भी बहुत ज्यादा इंतजार रहता है। उन्होंने डीडीसी से गोविंद स्कूल के मैदान को खेलने के लिए सुरक्षित रखने की मांग की। उन्होंने कहा कि खेल से कैरियर भी बनता है। धोनी सबसे बड़ा उदाहरण हैं। यह पूरे झारखण्ड में क्रिकेट का सबसे बड़ा मुकाबला है जिसमें 50 टीमें भाग ले रही हैं। 750 खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता के चयनित खिलाड़ी जेएससीए द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में गढ़वा जिले का प्रतिनिधित्व करते हैं। इस मौके पर उपाध्यक्ष नंदकुमार गुप्ता, धनंजय सिंह, अमित सिंह, आशुतोष रंजन सिन्हा, नवनीत शुक्ला, जितेंद्र सिंह, संजय सोनी, सुशील केशरी, कुलदेव चौधरी, सिस्टर रोशना, अशोक दुबे, चंद्रभूषण सिन्हा, मुजीबुदीन खान, सह सचिव प्रिंस सोनी, कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे, पंकज सोनी, मनोज तिवारी, आशुतोष रंजन, प्रिंस खान, प्रवीण मिश्रा, विशाल, मनोज तिवारी, मनीष पाठक, मनोज पाठक, साइमन मैथ्यूज एस्ले, रंजीत तिवारी, धर्मेंद्र सिंह, आलोक, अभिषेक द्विवेदी, अप्पू विश्वकर्मा, प्रफुल, रजनीश कुमार, राजकुमार, मोहसिन खान, धीरज दुबे, पंकज चंद्रा, अनिल मेहता, निलेश ठाकुर सहित सभी स्कूल के खिलाड़ी और कोच शामिल थे।